वैशाख शुक्ल पक्ष 07
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
04 मई 2025

वर्ष-31, अंक-196
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## एक नजर

### दूसरे के बदले परीक्षा देने में पकड़ा गया फर्जी परीक्षार्थी

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित द्वितीय पाली की परीक्षा में दूसरे के बदले परीक्षा देने के प्रयास में शनिवार को गेट पर ही एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया। प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक सूर्यमणि सिंह ने बताया कि फर्जी विद्यार्थी का नाम सैयद आदील ग्राम भाई बिगहा हैदरनगर का निवासी हैं। केंद्राधीक्षक ने कहा कि परीक्षा कक्ष में किसी के बदले परीक्षा देने पर दोनों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। कोई भी व्यक्ति इस तरह की अपराधिक चेष्टा न करें। अभिभावक भी अपने बच्चों को समझायें।

### एंथनी दूसरी बार बने ऑस्ट्रेलियाई पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एंथनी अल्बनीज को उनकी शानदार जीत और एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह भारत और ऑस्ट्रेलिया की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया के पहले ऐसे शख्स बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दूसरी बार तीन साल के प्रधानंत्री के कार्यकाल के लिए जीत हासिल की है।

### राजधानी रांची सहित कई जिलों में ऑरेंट अलर्ट जारी, तेज हवाओं के साथ बारिश के आसार

**रांची।** साइक्लोनिक सकुर्लेशन के वजह से झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि 6 मई तक आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है। ओलावृष्टि के साथ वज्रपात की भी आशंका है। शनिवार को भी रांची समेत झारखंड के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई । वज्रपात भी हो सकता है। ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं आज गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में येल्लो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य सभी जिलों में ओरेंज अलेर्ट जारी किया गया है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के डाली से सटे शाही गांव में शनिवार को अनियंत्रित एक ट्रैक्टर के पलटने से चालक की दबकर मौत हो गई। ट्रैक्टर पर बैठे एक अन्य युवक को हल्की चोटें आई हैं। घटना के बाद वह घायल मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर मालिक के सहयोग से चालक के शव को बाहर निकलवाया। पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेजा। मृत चालक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के सकलदीपा गांव के स्वर्गीय मुखदेव भुइयां का 28 वर्षीय पुत्र प्रवेशी भुइयां के रूप में हुई है।

---

### शुरू हुई झारखंड के अधिवक्ताओं के लिए अनूठी स्वास्थ्य बीमा योजना, सीएम ने कहा-

# राज्य सरकार का हर एक क्षण, हर एक घड़ी जनता के लिए समर्पित

- राज्य में एक बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित होगी
- समस्याओं का समाधान प्राथमिकता
- पहली ऐसी योजना, जिसमें राज्य के अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का दिया जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सभी सम्मानित अधिवक्ताओं की चिंताओं को कम करने का सरकार ने कार्य किया है, आपके ऊपर स्वास्थ्य से संबंधित जिम्मेवारियों का जो बोझ था उसे हमारी सरकार ने अपने कंधों पर लेने का प्रयास किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। वे शनिवार को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत 'अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना' के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस राज्य में देश का एक बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित हो, इसके लिए राज्य सरकार कार्य योजना बना रही है। जल्द ही हमलोग इस दिशा में सकारात्मक कार्य करते हुए आपके बीच एक बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी खड़ा करने का काम करेंगे।

हर वर्ग-समुदाय, हर उम्र के लोगों का सर्वांगीण विकास लक्ष्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार की चिंताएं राज्य के हर वर्ग, हर व्यक्ति के लिए है ,चाहे वह गांव में रहता हो, शहर में रहता हो, अमीर हो, गरीब हो व्यापारी हो, नौजवान हो, छात्र-छात्राएं हो, बच्चे हो, बूढ़े-बुजुर्ग हो, सभी के लिए है। राज्य सरकार इनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रयास किया है, कि राज्य के प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक **शेष पेज 11 पर**

#### समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के जीवन में समस्याएं और परेशानियां आती रहती है। इन समस्याओं का समाधा.न हमारी प्राथमिकता है। आज उसी क्रम में हमारी सरकार ने गांव से लेकर शहर तक हर व्यक्ति की समस्याओं का समाधान करने का हरसंभव प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अधिवक्ताओं एवं उनके आश्रितों के स्वास्थ्य को लेकर राज्य सरकार ने यह स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू किया है। राज्य में आप लोगों के लिए भी वकालत के कार्य ज्यादा से ज्यादा बेहतर कैसे हो सके, इस दिशा में हमारी सरकार कार्य योजना बनाकर आगे बढ़ रही है।

#### बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिलाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन मिल सके इस निमित्त उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू किया है। आप अपने बच्चों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिलाएं। अपने बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, पत्रकार किसी भी क्षेत्र में उच्च शिक्षा दिलाना चाहते हैं तो उसे गुरुजी क्रेडिट कार्ड से 15 लाख रुपए तक का ऋण आपके बच्चों को प्राप्त हो सकेगा और वह ऋण बिना किसी गारंटी प्राप्त होगा। आज के इस ऐतिहासिक दिन पर आप सभी अधिवक्ताओं को हमारी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं, बधाई एवं जोहार। मौके पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री सुदिव्य कुमार, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, विधायक सुरेश कुमार बैठा, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अजय कुमार सिंह, महाधिवक्ता राजीव रंजन, निदेशक एनएचएम अबु इमरान सहित कई अन्य वरीय पदाधिकारीएवं राज्य के विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे सम्मानित अधिवक्ता उपस्थित रहे।

---

### जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में बड़ा हादसा

## मेडिकल वार्ड का छज्जा गिरने से तीन मरीज दबे



**जमशेदपुर।** साकची के महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मेडिकल वार्ड के छज्जे का एक बड़ा हिस्सा टूट कर गिर गया। इससे छज्जे के मलबे में तीन मरीज दब गए हैं। इनमें एक लावारिस मरीज भी दबा हुआ है। सभी मरीजों को निकाला जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर एमजीएम अधीक्षक डॉ आरके मंधान, उपाधीक्षक डॉ नकुल प्रसाद चौधरी सहित सभी वरीय पदाधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बाकी मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी किशौर कौशल भी पहुंचे। पुलिसकर्मी रेस्क्यू में जुटे हैं।

**मलबे से बाहर निकाली गयी एक महिला, एक मरीज घायल :** एक महिला को मलबे से बाहर निकाला गया है। वह महिला लावारिस बतायी जा रही है। काफी दिनों से वह वहां रह रही थी। इस घटना में मलबे की चपेट में आने से एक मरीज घायल हो गया, जो उस वक्त वहां से पार हो रहा था। फायर बिग्रेड की टीम वहां पहुंच गयी है। रेस्क्यू अभियान चलाया रहा है। अंदर अभी और मरीजों के फंसे होने की आशंका है। फिलहाल जोरदार बारिश हो रही है। इस कारण राहत और बचाव कार्य में परेशानियां आ रही हैं।

**अचानक गिर गया बी-ब्लॉक का छज्जा :** झारखंड के कोल्हान प्रमंडल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आज शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। इस अस्पताल के बी-ब्लॉक का छज्जा अचानक गिर गया। इस कारण अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बी-ब्लॉक की जर्जर दीवार और छत का बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। इससे हादसा हुआ है। पहले भी बी-ब्लॉक की जर्जर स्थित को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन मरम्मत या पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जर्जर भवनों की जांच कराकर और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए।

#### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिया संज्ञान

**रांची।** जमशेदपुर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम के बी ब्लॉक का छज्जा शनिवार को अचानक गिर गया। इस गंभीर घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तुरंत संज्ञान लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा, 'जमशेदपुर में एमजीएम अस्पताल के एक पुराने जर्जर भवन के हिस्से के गिरने की खबर पर जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्य हेतु निर्देश दिया गया है।' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक सभी लोग सुरक्षित हैं। इसके साथ ही उन्होंने मंत्री इरफान अंसारी को इस घटना पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही, जिला प्रशासन को दुर्घटना की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश भी दिए गए हैं।

---

### पाकिस्तानी लड़की से शादी और जानकारी छिपाने पर जवान बर्खास्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने पाकिस्तानी महिला से शादी की बात 'छिपाने' वाले अपने जवान मुनीर अहमद को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बल ने अहमद के कृत्य राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया। अहमद सेवा से बर्खास्त किये जाने से पहले सीआरपीएफ की 41वीं बटालियन में पदस्थ थे। अहमद को उन नियमों के तहत 'सेवा से बर्खास्त' किया गया है जिनके तहत जांच करने की आवश्यकता नहीं है। सीआरपीएफ के प्रवक्ता पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) एम दिनकरन ने कहा, 'मुनीर अहमद को एक पाकिस्तानी नागरिक से अपनी शादी को छिपाने और वीजा की वैधता से अधिक समय तक उसे जानबूझकर शरण देने के कारण तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है।' उन्होंने कहा, 'अहमद के कृत्य को सेवा आचरण का उल्लंघन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया गया।' अहमद और मेनल खान की शादी का मामला तब सामने आया जब भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए कूटनीतिक कदमों के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने को कहा था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। अहमद और मेनल खान ने पिछले साल 24 मई को वीडियो कॉल के जरिए शादी की थी। सीआरपीएफ की जांच में पाया गया कि जवान ने अपनी शादी और अपनी पत्नी के भारत में निर्धारित समय से अधिक समय तक रहने की सूचना संबंधित अधिकारियों को नहीं दी थी।

## सरकार ने यूजर और लॉगइन को मनमाने तरीके से बनाने पर रोक लगाई

**पेयजल विभाग में फर्जी निकासी का मामला**

**रांची।** पेयजल विभाग में फर्जी निकासी का पदार्फाश होने के बाद सरकार ने यूजर और लॉग इन को मनमाने तरीके से बनाने पर रोक लगा दी है। साथ ही ट्रेजरी में तीन साल से ज्यादा समय से कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल हटाने का आदेश जारी किया है। पेयजल विभाग में हुई फर्जी निकासी की जांच में कर्मचारियों द्वारा मनमाने तरीके से फर्जी निकासी की जांच के लिए बनी समिति ने जून 2024 में वित्त विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। जांच समिति ने इस तरह की घटनाओं पर काबू पाने के लिए अपनी अनुशंसाएं भी सरकार को भेजी थी। जांच समिति द्वारा की गयी अनुशंसाओं के आलोक में राज्य सरकार ने तीन महत्वपूर्ण आदेश जारी किये हैं, ताकि फर्जी तरीके से यूजर आईडी व लॉग इनआईडी बना कर निकासी नहीं की जा सके। इस सिलसिले में जारी आदेश में कहा गया है कि ट्रेजरी मॉड्यूल के काम के लिए नियुक्त कर्मचारियों का यूजर आईडीकोषागार और सांस्थिक वित्त निदेशालय, वित्त विभाग की अनुमति के बाद ही बनाने का प्रावधान किया गया है। किसी दूसरे कार्यालय से ट्रेजरी में पदस्थापित कर्मचारियों के पहले से बने हुए लॉग इन आईडी को तत्काल रद्द करने का आदेश दिया गया है। अगर इसे रद्द करने में कोई परेशानी हो रही हो तो इस मामले में निदेशक कोषागार, सांस्थिक वित्त निदेशालय, वित्त विभाग के अनुमति लेना आवश्यक करार दिया गया है।

---

## रांची में खुजली पाउडर छिड़ककर अपराधियों ने लूटा रुपए से भरा बैग, वारदात सीसीटीवी में कैद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा इलाके में एक कारोबारी के शरीर पर खुजली वाला पाउडर छिड़ककर दो अपराधियों ने कारोबारी से रुपये से भरा बैग झपट लिया और फरार हो गए। मामले की जनकारी मिलने के बाद अरगोड़ा पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। छिनतई की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।




**बैग में थे तीन लाख रुपए :** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के पास शनिवार की शाम दो अपराधियों ने मनोरंजन मनीष नाम के एक कारोबारी से तीन लाख रुपये झपट लिए और फरार हो गए। मनोरंजन अपने एक मित्र के साथ रांची के कचहरी चौक स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से एक व्यक्ति को पेमेंट करने के लिए तीन लाख रुपये निकल कर अरगोड़ा की तरफ से जा रहे थे। उसी दौरान अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

**बैंक के पास ही डाल दिया था खुजली पाउडर :** भुक्तभोगी मनोरंजन ने बताया कि बैंक से निकलते ही उनके पूरे शरीर में खुजली होने लगी थी। जिसके बाद उन्होंने रास्ते में एक मेडिकल दुकान पर रुक कर अपना इलाज भी कराया। इसी दौरान जब वे अरगोड़ा में रुके तभी दो बाइक सवार आए और पैसे से भरा बैग झपट कर फरार हो गए। मनोरंजन के अनुसार बैंक में ही किसी ने उनपर खुजली वाला पाउडर डाल दिया था, लेकिन तब वे समझ नहीं पाए थे।

**बैंक से पीछा कर रहे थे अपराधी :** वहीं, मामले को लेकर अरगोड़ा थाना प्रभारी आलोक सिंह ने बताया की अपराधी बैंक से ही मनोरंजन का पीछा कर **शेष पेज 11 पर**

## चाईबासा के 3 कारोबारियों के ठिकानों पर जीएसटी इंटेलिजेंस की रेड

**चाईबासा।** चाईबासा के तीन कारोबारियों के ठिकानों पर जीएसटी इंटेलिजेंस की छापेमारी चल रही है। झारखंड खैनी ब्रांड के पार्टनर नितिन प्रकाश, पंकज चिरानिया व एक अन्य व्यवसायी पिंटू अग्रवाल के ठिकानों पर यह छापेमारी चल रही है। जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम शुक्रवार दिन के लगभग तीन बजे को छह गाड़ियों में सवार होकर आई और दोनों कारोबारियों के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की, जो जो 24 घंटे बाद शनिवार को भी जारी रही।

**इन कारोबारियों के ठिकानों पर चल रही छापेमारी :** जानकारी के मुताबिक, नितिन प्रकाश के नीमडीह स्थित आवास और सदर बाजार के कार्यालय में छापेमारी की जा रही है। वहीं पंकज चिरानिया के यूरोपियन क्वार्टर स्थित घर पर तलाशी ली जा रही है। साथ ही झारखंड खैनी के एक एजेंट पिंटू अग्रवाल के आवास पर भी टीम पहुंची है और छापेमारी कर रही है।

**दस्तावेजों की जांच में जुटी है टीम :** बताया जा रहा है कि इन कारोबारियों का आदित्यपुर में एक राइस मिल, सत्तू और बेसन की फैक्ट्री भी है, जहां टीम दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही है। जीएसटी की टीम बीते 24 घंटे से इन कारोबारियों के आवास, कार्यालय और अन्य ठिकानों छापेमारी कर दस्तावेजों की जांच में जुटी है। चाईबासा के नितिन प्रकाश झारखंड खैनी के अलावा राइस मिल, चना दाल, सत्तू, बेसन आदि के कारोबार से जुड़े हुए हैं। साथ ही कई अन्य कारोबार में भी उन्होंने निवेश किया है। जबकि पंकज चिरानिया नितिन प्रकाश के साथी (पार्टनर) हैं। वहीं पिंटू अग्रवाल भी चावल व अन्य कई कारोबार से जुड़े हुए हैं। इधर चाईबासा में जीएसटी इंटेलिजेंस की छापेमारी की खबर से अन्य कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। छापेमारी टीम की गाड़ियों में वेस्ट बंगाल व झारखंड के नंबर प्लेट की गाड़ियां शामिल हैं। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी जारी थी।

---

**इंडिया**

## स्वतंत्रता के नाम बेलगाम होकर स्वछंदता अपनाती आधुनिक पत्रकारिता



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

लगभग एक दशक पहले जब विदेश यात्रा पर गया तो बेल्जियम,अमेरिका के अलावा गहरे से कनाडा को देखने का मौका मिला जहां हिंदी के समाचार पत्र भी थे और दर्जनों रेडियो चैनल में हिंदी के भी एफएम/एएम चैनल भी जिनमें विविध भारती के गानों की तरह गानों के अलावा सूचनाप्रद कार्यक्रम आते थे और सबसे सुखद आश्चर्य था कि वहां मौसम की जानकारी सबसे बड़ी खबर थी जबकि भारत में राजनीति से जुड़ी खबरों को सर्वाधिक महत्त्व दिया जाता है। भारत में पहले गंभीर और जिम्मेदार पत्रकारिता की जाती थी और इसी कारण इसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता था,बड़े से बड़े राजनेता से लेकर समाजं के अंतिम व्यक्ति तक की सूचना और अन्याय से लड़ाई की अंतिम आस समाचार पत्र हुआ करते थे फिर उदय हुआ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का जिसने सूचना क्रांति के नाम पर तेजी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और साथ ही विश्वसनीयता भी तोड़ डाली, जो लोग नियम कानून और निबंधन के दायरे में बंधी प्रिंट मीडिया की एक-एक पंक्ति को ध्रुव सत्य मानते थे वे अब मजाक में कहने लगे हैं -'अच्छा पत्रकार हो किस पार्टी के ?' आज तकनीक के युग ने मोबाइल लेकर सोशल मीडिया पर पीएम से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक और राष्ट्रपति से लेकर राह चलते किसी से भी सवाल पूछने वाले लोगों को न तो किसी प्रकार की रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता है और न पत्रकारिता के बुनियादी ज्ञान की और न किसी का भय रह गया है । इस तरह मानें तो आधुनिक भारतीय मोबाइल पत्रकारिता आज स्वतंत्रता ही नहीं स्वछंदता के शिखर पर है जबकि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता बाजार,सरकार से लेकर टीआरपी के दबाव में। चीखते-चिल्लाते और विभिन्न दलों के प्रवक्ताओं को मुर्गों की तरह लड़ाते एंकर आक्रामकता का वीभत्स प्रदर्शन कर दर्शक भले बटोर लें पर बौध्दिक प्रभाव की पूंजी गंवा रहे हैं। इससे सामान्य लोगों को लगता है कि हमारा सार्वजनिक जीवन कितनी कड़वाहटों और नफरतों से भरा है पर



अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस

सच्चाई स्क्रीन से अलग होती है। कम पढ़े-लिखे या अपरिपक्व युवा इन टीवी क्लिप को मनमाने ढंग से एडिट कर सोशल मीडिया के लखपति बनने की दौड़ में लगे हैं पर उसमें भरा नफरत और अर्द्धसत्य का बारूद समाज में अशांति फैलाने का टूल बन रहा है। हमें सोचना चाहिए कि मीडिया के मानक क्या हैं और हम जो कर रहे हैं उसका समाज पर असर क्या पड़ेगा। पश्चिमी मीडिया के मानकों के आधार पर खड़ी हमारी मीडिया के लिए नकारात्मकता, संघर्ष और विवाद को प्राथमिकता देती है, जबकि संवाद और संचार की परंपरा में संवाद से संकटों के हल खोजने का प्रयत्न होना चाहिए। सवालों पर रोक नहीं, सवालों से ही बड़ी से बड़ी समस्या का हल खोजा जा सकता है, सूचना कोई भी दे सकता है पर समाचार के साथ जिम्मेदारी जुड़ी है और संपादकीय प्रक्रिया से गुजरकर ही कोई सूचना,समाचार बनती है। पर मोबाइल पत्रकारिता मंर हर कोई कम्युनिकेटर, सूचनादाता, मुखबिर हो सकता है, पर विशेष दक्षता और प्रशिक्षण से जुड़ी विधाओं से दूर पत्रकार नहीं हो सकता। मीडिया में प्रशिक्षण प्राप्त और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बिना आ रही भीड़ ने अराजकता का वातावरण खड़ा कर दिया है। लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, बाबासाहेब आंबेडकर, पं जवाहरलाल नेहरू, मदनमोहन मालवीय, माधवराव सप्रे जैसे उच्च शिक्षित लोगों द्वारा प्रारंभ और समाज के प्रति समर्पित पत्रकारिता वर्तमान में कहां खड़ी है। भारत सरकार के आग्रह पर प्रेस कौंसिल आफ इंडिया ने पत्रकारों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के निर्धारण के लिए एक समिति भी बनाई थी, पर जब भी सरकार किसी नियम या अधिनियम से इन्हें मार्गदर्शित करना चाहती है तो बुद्धिजीवियों का एक वर्ग इसे नियंत्रित करने का प्रयास बताकर विरोध करने लगता है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में मीडिया के दायित्वबोध और सरोकारों पर संवाद बहुत जरूरी है। प्रिंट मीडिया ने भी साहित्य, कलाओं, प्रदर्शन कलाओं और मनुष्य बनाने वाली सभी विधाओं को अखबारों से निर्वासन दे दिया है। मीडिया सिर्फ दर्शक बना रहे यह भी ठीक नहीं। उसे राष्ट्रीय भावना और जनपक्ष के साथ खड़े रहना चाहिए। समाज में फैली अशांति, स्पर्धा, लालसाओं और संघर्ष के बीच विचार के लिए सकारात्मक मुद्दे उठाने ही होंगे। मीडिया खुद अशांत है और गहरी प्रतिस्पर्धा के कारण सही-गलत में चुनाव नहीं कर पा रहा है। ऐसे में मीडियाकर्मियों के साथ पाठकों या दर्शकों की भी जिम्मेदारी है कि सनसनी फैलाने वाले मीडिया को हतोत्साहित करें और भले प्रसार संख्या या सब्स्क्राइबर कम हों पर सत्यम शिवम् सुंदरम वाली भावना वाली पत्रकारिता का सम्मान करें।

---

### मोदी सरकार की इस्लामाबाद के खिलाफ एक और स्ट्राइक

## भारत ने पाकिस्तान से सभी आयात पर लगाया प्रतिबंध

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान से सभी प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, 'पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यातित सभी वस्तुओं का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन, चाहे वे स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हों या अन्यथा अनुमत हों, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा।' अधिसूचना में कहा गया, 'यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लगाया गया है। इस प्रतिबंध में किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी।' 2 मई की



अधिसूचना में कहा गया कि इस संबंध में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है, ताकि 'पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर रोक लगाई जा सके।' आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 और फरवरी 2025 के बीच भारत का पाकिस्तान को निर्यात [साल-दर-साल] 56.91 प्रतिशत घटकर 491 मिलियन डॉलर रह गया। जबकि कोई आयात नहीं हुआ। वित्त वर्ष 2025 में पाकिस्तान **शेष पेज 11 पर**

# संदेहास्पद स्थिति में नवजात की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के परता गांव निवासी आरती देवी ने अपने पति के विरुद्ध ही दुधमुंही पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने हैदरनगर थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि उनकी छह माह की पुत्री 27 अप्रैल की सुबह पिता के बगल में मृत पाई गई थी। 26 अप्रैल की रात पति व पत्नी घर में सो रहे थे। सुबह जगने के बाद चूल्हा चौका में जुट गई। काफी देर तक बच्ची के नहीं उठने पर देखने गई तो पिता के बगल में मृत मिली। उनके मायके के लोग 27 अप्रैल को यहां पहुंचे। उन्होंने बच्ची को दफना दिया। इसके बाद सरिता देवी के मायके जाने पर इस मामले में नया मोड़ ले लिया और हैदरनगर थाना में आवेदन देकर बच्ची की मौत का कारण पिता को बताया है। इसके पति साहेब राम ने भी पत्नी पर पुत्री की हत्या का आरोप मढ़ा है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि पीड़ित के लिखित आवेदन के बाद शव को तीन दिन बाद शनिवार को निकलवा कर कर पोस्मार्टम के लिए रांची भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अन्य कई बिंदुओं पर भी छानबीन की जा रही है। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामला का खुलासा संभव हो सकेगा।

# महादेवा कंस्ट्रक्शन के पोकलेन को अपराधियों ने किया आग के हवाले

**दहशत फैलाने के लिए अपराधियों की चार राउंड फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने दमदमी गांव स्थित सोहेया पहाड़ पर क्रशर प्लांट परिसर में खड़े एक पोकलेन में शुक्रवार की रात आग लगा दी। अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के बाद दहशत फैलाने के लिए तीन चार राउंड फायरिंग करते हुए बाइक पर बैठकर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी तत्काल दमकल और जवानों के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर आग को काबू कर स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब 10.30 एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर महादेवा कंस्ट्रक्शन परिसर में पहुंच कर वहां खड़े पोकलेन को आग के हवाले कर दी। साथ ही दहशत फैलाने के लिए तीन चार राउंड फायरिंग करते हुए दक्षिण दिशा की ओर भाग निकले। क्रशर प्लांट के मुंशी ने बताया कि दो चार दिन पूर्व बाइक सवार लोगों ने काम बंद करने की धमकी दी थी। हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया की पुलिस इस घटना की हर बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है साथ ही वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि क्रशर प्लांट संचालक की ओर से थाना में अब तक कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। हालांकि चर्चा है कि आपसी विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया है।

## न्यूज | बॉक्स

### गड़बड़ी व कदाचार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं: प्राचार्य



**छतरपुर।** अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल (जीसीपीए) कॉलेज में स्नातक सत्र 2023-27 के सेमेस्टर-2 व सत्र 2022-26 के सेमेस्टर-3 की परीक्षाएं नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के निर्देश पर 22 अप्रैल से दोनों पालियों में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त वातावरण में संचालित हो रही है। केंद्राधीक्षक सह प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए वीक्षकों और परीक्षार्थियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा कराना कॉलेज की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इंग्लिश इलेक्टिव विषय की परीक्षा में कुल 593 विद्यार्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 23 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान कॉलेज के सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्राधीक्षक से परीक्षा संचालन की जानकारी ली।

# स्वास्थ्य विभाग की राशि खर्च करने में अनियमितता बरतने का आरोप




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सरकारी अस्पतालों के भवनों के रंग-रोगन कराने के नाम पर विभागीय राशि में अनियमितता बरतने की बात कही जा रही है। पूर्व से ही पीला रंग के बाद इन भवनों को विभागीय निर्देश के तहत हरा रंग कराये जाने से बदरंग का रुप ले लिया है। इस कार्य की मॉनेटरिंग कर रहे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विभूति कुमार से पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। अव्वल तो यह है कई अस्पताल भवनों के बाहरी हिस्सों को हरा रंग तो कर दिया गया, पर भीतरी भाग यथावत ही छोड़ दिया गया है। ऐसा ही मामला मोकहर कला पंचायत के प्राथमिक विद्यालय हेमजा में स्वास्थ्य विभाग का भवन नहीं है। इस स्कूल के एक कमरे में स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है। जिसे भी विभाग ने रंगरोगन कराया है। जबकि बभंडी पंचायत सचिवालय के एक कमरा में संचालित स्वास्थ्य केन्द्र के साथ भी ऐसा ही किया गया है। संबधित पंचायत के मुखिया क्रमशः नाजमा खातून व जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इन ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र पर दर्जन भर भी मरीजों की उपस्थिति नहीं है। बावजूद इस केन्द्र के संचालन के नाम पर लाखों रुपए खर्च की जा रही है। इसकी सूचना प्रखंड दिशा समिति के अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य संगीता देवी व मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बीपीएम को तलब कर कहा कि किसके आदेश और सहमति से उक्त कार्य किया गया और न ही इसके लिये कोई मीटिंग की की गई। उन्होंने बीपीएम को प्रखंड दिशा की बैठक में संतोष जनक जवाब देने को कहा है। साथ अस्पताल भवनों पर झंडोत्तोलन पर जलपान पर की गई व्यय का भी विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि प्रति स्थान दो हजार रुपये अधिकतम इस पर व्यय किया गया। जबकि 20 हजार रुपये तक निकासी किये जाने की सूचना है। उन्होंने कहा कि यदि समुचित जवाब नहीं मिला तो बैठक के बाद इस मामले को स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में लाकर जांच करायी जायेगी।

# सड़क दुर्घटना एक बच्ची की मौत, पांच घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बसौरा में इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप शनिवार सुबह दो बाइक की टक्कर में 6 साल की एक बच्ची अंजनी कुमारी की मौत हो गयी। उसके माता-पिता भलमंडा निवासी अमित कुमार (30वर्ष) उसकी पत्नी सुनीता देवी (25वर्ष) समेत पांच जख्मी हो गए। जख्मी पांचों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी बाइक पर सवार जख्मी की पहचान जोगेन्द्र साव (35वर्ष) और बबन साव (32वर्ष) के रूप में हुई है। लोगों ने बताया कि एक बाइक पर भलमंडा के अमित कुमार उसकी पत्नी और बेटी जा रहे थे, जबकि दूसरी बाइक पर जोगेन्द्र और बबन सवार थे। जैसे ही बसौरा में इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप पहुंचे। दोनों बाइकों में टक्कर हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, घटना स्थल पर पहुंच कर सभी को इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। वहां घायल बच्ची अंजनी कुमारी को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# भीम चूल्हा टनल के पास मिले शवों की हुई पहचान

**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** भीम चूल्हा टनल के पास अलग-अलग समय पर मिले दोनों शवों की पहचान हो गई है। 22 अप्रैल को अप लाइन के किनारे मिले अधेड़ के शव की पहचान डेहरी ऑन सोन के शिवगंज वार्ड नंबर 29 निवासी विजय कुमार उर्फ बिल्लू के रूप में सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों ने की। बाद में यहां के स्थानीय थाना में एफआईआर दर्ज कराया। इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते पुलिस ने आरोपी चंदन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई ने इस मामले में आरोप लगाया है कि उनके भाई किसी कार्य वश रांची गए थे। 21 अप्रैल की रात रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस से लौटते समय साथियों ने ही विश्वासघात करते हुए चलती ट्रेन से धक्का देकर उनके भाई की जान ले ली। दूसरे शव की पहचान पांडू थाना क्षेत्र के बरवाही निवासी लखन रजवार (60) के रूप में हुई है। उनका शव एक मई को मोहम्मदगंज-सतबहिनी स्टेशन के बीच खंभा संख्या-344/11 के पास से पुलिस ने बरामद किया था। उसके सिर में गहरे चोट के निशान मिले थे। आशंका जाहिर की गई थी कि रेल लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हुई है। परिजनों को इसकी जानकारी शुक्रवार को मिली। तब वे थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि लखन रजवार गुरुवार सुबह दवा खरीदने के लिए घर से निकले थे। नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू की गई। इस संबंध में जानकारी मिलने पर थाना पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## पंचायत सहायता केन्द्र संचालित करने का निर्देश

**हैदरनगर।** पंचायती राज विभाग झारखंड के अवर सचिव के निर्देश के आलोक में प्रत्येक कार्य दिवस में नागरिकों के सहायतार्थ पंचायत सहायता केन्द्र को संचालित करने का निर्देश बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने जारी किया है। उन्होंने जारी आदेश में बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस को सभी पंचायत सचिवों को पंचायत स्तर पर पूर्वाह्न 10 से अपराह्न पांच बजे तक इस कार्य को संचालित किया जाना है। साथ ही सभी पंचायत सचिवों को पंचायत स्तर पर उपस्थिति पंजी का संधारण कर पंचायत सहायकों से प्रत्येक कार्य दिवस को 10.30 बजे पूर्वाह्न तक उपस्थिति बनाने व क्रमांक २ के अनुसार पंचायत भवन में बैठकर कार्य करने के लये पंचायत स्तर पर रोस्टर बनाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर इसकी सूचना कार्यालय को ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस संबध में सभी पंचायत सहायक व पंचायत सचिव को अनुपालन के लिये पत्र दे दिया गया है। इसकी सूचना इस प्रखंड के प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य के अलावा जिला पंचायत राज पदाधिकारी पलामू को भेजी गई है।

# मौसम के बदलते मिजाज से किसानों में हताशा अच्छी बरसात नहीं होने को लेकर चिंतित



**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** मौसम के लगातार बदलते मिजाज से अच्छी बरसात नहीं होने को लेकर किसानों में हताशा घर कर गई है। उन्होंने इसे लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि तापमान में गिरावट और बारिश, गर्मी से राहत और गर्मा फसलों के लिए भले ही फायदेमंद साबित हो रहा है। मगर अच्छी बरसात को लेकर इसे शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। किसान रामजन्म राम और अन्य का कहना है कि अभी सामान्य से अधिक धूप ही अच्छी बरसात की संभावना का संकेत होती है। केवल चैत महीने में ही अभी के जैसा मौसम अच्छी बरसात के शुभ संकेत हो सकता था। कमोबेश हर महीने मौसम में ऐसा उतार-चढ़ाव खरीफ फसलों के अनुकूल नहीं हो सकता है। अभी के समय में अभी से लेकर आधे जेठ महीने तक अच्छी धूप और गर्मी का होना इसके लिए आवश्यक होता है। बता दें कि इन दिनों तेज हवा और कुछ समय तक बारिश से गर्मी से राहत मिली है। जबकि इसके पहले तक कई दिनों से तापमान के लगातार 40 के पार पहुंचने से जनजीवन के साथ ही पशुपालन में परेशानी बढ़ गई थी। सुबह से ही असह्य तीखी धूप के कारण दोपहर बाद तक घरों में दुबके रहने अथवा बिना सिर ढंके बाहर नहीं निकल पाना मुश्किल भरा हो गया था। मगर, अब कई दिनों बाद इस स्थिति से उबरने का अवसर प्राप्त हुआ है। जबकि मक्का, मूंग और मूंगफली जैसी गर्मा फसलों और सब्जियों के सिंचित करने को लेकर बारिश फायदेमंद साबित हो रहा बताया जाता है। कुछ दिन हीट वेव के कारण बच्चों व पशुओं के पालन में विशेष सावधानी बरतने जैसी जरूरत अभी नहीं रह गई है। मगर, मौसम में उतार-चढाव के बीच ओलावृष्टि और ठनका की संभावना विशेष सावधानी बरतने का कारण बन गई हैं। पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के गाइड गंगा तिवारी ने कहा गर्मी से प्रभावित पार्क के फुल-पौधों के लिए बारिश फायदेमंद हो गया है। ऐसे में सुकूनदायक आबोहवा सैलानियों को आकर्षित कर रहा है।

# डेहरी के लड़की ने नावा बाजार के लड़के से शादी करने के नाम पर सात लाख ठगी की, शादी से किया इंकार

- तीन साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग
- दो माह लड़क-लड़की गोवा में रह रहे थे लिव इन रिलेशन में

**चार लोगों पर विशाल ने कोर्ट में मामला दर्ज कराया**

पूरे प्रमाण के साथ लड़का विशाल कुमार ने १ मई को पलामू कोर्ट में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें लड़की रिया कुमारी, पिता स्वर्गीय परशुराम सिंह, राखी देवी पति स्वर्गीय परशुराम सिंह, अरुण सिंह पिता स्वर्गीय परशुराम सिंह, प्रिया कुमारी पति दिव्य प्रकाश सिंह सभी ग्राम कटार शंकरपुर, बरडीहा, पोस्ट मानिकपुर, डेहरी, थाना इंद्रपुरी, जिला रोहतास के निवासी हैं।

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड अंतर्गत राजहरा गांव के रहने वाला स्वर्गीय दिलीप सिंह के 27 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार व बिहार के रोहतास जिला के डेहरी कटार शंकर पुर निवासी 22 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी के बीच दोनों के परिजनों के सहमति से तीन सालों से चल रहा था प्रेम प्रसंग। अब प्रेम प्रसंग में दरार आ गया। साथ ही शादी करने के वक्त लड़की रिया इनकार कर दी। लड़की के माता व बहन भी लड़के को फटकार लगा रहे हैं। लड़का विशाल कुमार 12 वर्षों से गोवा के निजी कंपनी में काम करता था। वहां लड़की के रिश्तेदार भी रहते थे। लड़की रिया कुमारी भी वहां आती-जाती थी। रिया के घर में हमेशा विशाल के परिजनों से बात होते रहता था। इस बीच एक दिन रिया से भी फोन पर बात हुआ, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गया। इसके बाद शादी करने के लिए लड़की रिया तैयार भी हो गई। इस बीच रिया के माता व भाई, बहन ने सुरक्षा से रिया को दो माह के लिए विशाल कुमार के साथ उसे गोवा भेज दिया। दो माह लिव इन रिलेशनशिप में भी दोनों रहे। उसके बाद रिया के भाई उसे गोवा से डेहरी ले आया। इसके बावजूद भी विशाल प्रतिमाह चार से पांच हजार रुपए रिया को खर्च के रूप में देते रहा। कुछ दिनों बाद रिया व रिया की मां राखी देवी ने विशाल के समक्ष मोटी रकम के बात रखी। कहा कि शादी होगा तो उसे समय शादी में खर्च किया जाएगा। इसलिए तत्काल मुझे 7 लाख रुपया दिया जाए। इस बीच विशाल कुमार ने 20, 21, 22, 23, 24 जुलाई 2024 में एक एक लाख करके 5 लाख रुपए गूगल पे से रिया के खाते में डाल दिया। इसके बाद विशाल ने रिया के मां राखी देवी के खाते में 21 व 22 अक्टूबर 2024 में एक एक लाख करके दो लाख रुपया डाला, जिसका सारा प्रमाण विशाल के पास मौजूद हैं।

# कैंसर रोग से स्वस्थ लौटे व्यवसायी ने कराई देवी मंदिर में विशेष आरती



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्थानीय सिद्धपीठ देवी मंदिर में शुक्रवार की देर रात विशेष आरती पूजा का आयोजन दो वर्षों से कैंसर रोग से पीड़ित व्यवसायी सुनील लाल अग्रवाल व पत्नी रीता अग्रवाल ने कराया। इस दौरान महिला मंडली ने मां भगवती पर आधारित भजन व भक्ति गीत गाकर माहौल को भक्तिरस में डूबो दिया। मौके पर उक्त व्यवसायी ने निजी खर्च कर मुख्य मंदिर की साज-सज्जा व रागभोग विधि विधान के साथ कराया। मंदिर के पूर्व महंत सुरेन्द्र दास त्यागी व पुजारी पं. अमित पांडेय ने बताया कि लगातार शुक्रवार को माता दरबार में आरती पूजा का व्यवस्था स्थानीय कई अन्य व्यवसायी व मंदिर के महंत द्वारा ही किया जा रहा है। कैंसर रोग से स्वस्थ होकर लौटे व्यवसायी सुनील लाल ने कहा कि मां भगवती का मंदिर शक्तिपीठ के रुप में राज्य के मानचित्र में सुर्खियों में है।

# सहायक शिक्षिका को दी गई भावभीनी विदाई

**हुसैनाबाद।** राजकीय मध्य विद्यालय के प्रशाल में शनिवार को हुसैनाबाद के सहायक शिक्षिका पुष्पा कुमारी के 30 अप्रैल को सेवानिवृत्ति होने के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने की। मुख्य अतिथि रामेश्वर मेहता सेवानिवृत्त डीडीओ हुसैनाबाद, विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम, सम्मानित अतिथियों में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक यूपी सिंह, विनोद प्रसाद, अंगद प्रसाद, शकील अहमद आदि थे। मंच संचालन शिक्षिका सुषमा पांडेय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके बाद वर्ग आठ की छात्रा खुशी कुमारी, शिपा कुमारी ने स्वागत गीत पेश किया। आंगुतकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वर्ग आठ के छात्र छात्राओं खुशी कुमारी, शिपा ,अन्नू ,बिद्धु, अक्षय, अमित कुमार ,अविनाश सहित अन्य बच्चों के द्वारा लघु नाटक पेश किया गया। इसके बाद शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें उपहार प्रदान किया गया। वक्ताओं ने पुष्पा कुमारी के इस विद्यालय में 35 वर्षों के सतत् सेवा का मुक्त कंठ से प्रशंसा किया। उनके द्वारा विद्यालय के शैक्षिक क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को याद किया। उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा किया। मौके पर अजाप्टा प्रखंड अध्यक्ष मो. जुबैर अंसारी सचिव निर्मल कुमार, विनोद प्रसाद, अंगद प्रसाद, विद्यालय प्रबंधन कमिटी के पूर्व अध्यक्ष रामवृक्ष राम थे।

फोन नंबर जो जिंदगियां बदल देती हैं।
नि:शुल्क एवं आपातकानील 24x7 सेवा
चाइल्ड हेल्प लाइन
बेघर, बेसहारा, गुमशुदा, बाल मजदूरी, मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिए डायल करें :-
दस... नौ... आठ...
1098

चाइल्ड हेल्प लाइन
1098
दिन-रात, नि:शुल्क
24x7
कौन मदद ले सकता है
- बेघर, बेसहारा, बीमार, गुमशुदा बच्चे।
- बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह आदि से पीड़ित बच्चें।
- उत्पीड़न, शोषण, दुर्व्यवहार से पीड़ित बच्चें।
- देखरेख की आवश्यकता वाला कोई बच्चा।
- आपातकालीन सेवा का जरुरतमंद सभी बच्चा।
सभी आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए फोन नंबर (ERSS) - 112
महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग
(झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था)
दूरभाष संख्या-0651-2446174, ईमेल-jharkhandiscds2020@gmail.com
PR No. 351613 (Women, Child Development & Social Security) 2025-26

# पलामू में 421 जलमीनार बंद, गर्मी में जलसंकट से जूझ रहे ग्रामीण

- मरम्मत के अभाव में वर्षों से ठप हैं जलमीनारें, मरम्मत पर
- 2.71 करोड़ की लागत का अनुमान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पेयजल संकट गंभीर रूप ले चुका है। जिले के 21 प्रखंडों में कुल 421 जलमीनार खराब स्थिति में हैं, जो मरम्मत के अभाव में वर्षों से बंद पड़े हैं। इन जलमीनारों के बंद रहने से भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोग पीने के पानी के लिए परेशान हैं।

जानकारी के अनुसार, इनमें से कई जलमीनार तकनीकी खराबी, फंड की कमी या घटिया मरम्मत के कारण उपयोग से बाहर हो चुके हैं। ग्रामीणों को मजबूरन चापाकल या अन्य घरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। कुछ जलमीनार ऐसे हैं, जिनसे 100 से अधिक घरों को जलापूर्ति होती थी। हाल ही में उपायुक्त शशि रंजन ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के सभी खराब जलमीनारों की मरम्मत शीघ्र कराने का निर्देश दिया। इसके बाद पीएचईडी विभाग द्वारा सभी 421 जलमीनारों की स्थिति, आवश्यक मरम्मत और अनुमानित लागत से संबंधित प्रतिवेदन जिला प्रशासन को सौंपा गया है। विभाग द्वारा इनकी मरम्मत पर कुल करीब 2.71 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है।

इस संबंध में विभाग के एसडीओ राजेश सिंह ने बताया कि जलमीनारों की मरम्मत के लिए उपायुक्त को प्रतिवेदन सौंपा गया है। जैसे ही फंड स्वीकृत होगा, मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा। ग्रामीणों को अब जिला प्रशासन से राहत की उम्मीद है।

### प्रखंडवार खराब जलमीनार की स्थिति

रामगढ़ (64), छतरपुर (37), पांकी (35), विश्रामपुर (31), हुसैनाबाद (30), सतबरवा (24), पांडू (23), चैनपुर (22), मनातू (20), लेस्लीगंज (18), नया बाजार (15), ऊंटारी रोड (15), नौडीहा बाजार (14), हरिहरगंज (13), पिपरा (12), पाटन (11), पांडव (10), तरहसी (9), हैदरनगर (8), मोहम्मदगंज (7) और मेदिनीनगर (3)।

## नीट -यूजी परीक्षा आज, प्रशासनिक तैयारी पूरी : उपायुक्त



- एसडीओ ने परीक्षा केन्द्रों पर घोषित की निषेधाज्ञा
- परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में सभी फोटो स्टेट दुकान में नहीं होंगे परीक्षा संबंधी कोई भी अनुचित कार्य
- 4 मई को पलामू के 4 केन्द्रों पर होगी परीक्षा, 1623 परीक्षार्थी होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2025 परीक्षा 4 मई 2025 को होगी। पलामू जिले में 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां 1623 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा अपराह्न 2 से 5 बजे तक होगी। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, जैमर, बायोमेट्रिक उपस्थिति यंत्र अधिष्ठापित किया गया है। वहीं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पेयजल और निर्बाध बिजली व्यवस्था की गई है। मौसम में बदलाव के मद्देनजर परीक्षा केन्द्रों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए वैकल्पिक रूप से जेनरेटर की सुविधा भी बहाल की गई है।

उपायुक्त शशि रंजन ने कहा है कि परीक्षा केन्द्रों पर सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बहाल की गई हैं। परीक्षार्थियों को कोई असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन अलर्ट मोड में है और शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की टीम आपसी समन्वय से परीक्षा के सफल संचालन में जुटी है।

परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा घोषित की गई है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में 4 मई को निषेधाज्ञा घोषित की है। निषेधाज्ञा के तहत, परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि में कोई भी व्यक्ति घातक हथियार (लाठी, भाला, गड़ासा, छूरी, अग्नेयास्त्र) लेकर नहीं जाएगा। कोई भी संस्था या व्यक्ति बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं कर सकेगा। पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ नहीं रह सकेंगे। परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर के दायरे में फोटो स्टेट दुकानों में कोई भी अनुचित कार्य नहीं होगा।

परीक्षा के दौरान अगर कोई व्यक्ति मनमानी करेगा या चिट-पुर्जा या प्रश्नपत्र वितरित करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह निषेधाज्ञा केवल परीक्षा की तिथि और समय के दौरान लागू रहेगी।

## निगम ने अवैध होर्डिंग के खिलाफ फिर शुरू की कार्रवाई, भरना होगा हर्जाना

- बिना अनुमति लगाए गए बैनर पर लगेगा पांच गुना जुर्माना




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स और बैनरों के खिलाफ नगर निगम ने एक बार फिर से कार्रवाई अभियान शुरू कर दिया है। इस क्रम में रेड़मा ओवरब्रिज के आसपास लगे बैनरों की जांच की गई, जिसमें यह पाया गया कि स्टाइल बाजार मॉल और जनता ज्वेलर्स द्वारा बिना अनुमति के बिजली के खंभों पर बैनर लगाए गए हैं।

नगर निगम की टीम ने इन बैनरों को चिन्हित करते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों पर जुमार्ना लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्तमान में नगर निगम द्वारा निर्धारित दर के अनुसार शहर में किसी भी स्थान पर बैनर लगाने हेतु ₹200 प्रति स्क्वायर फीट शुल्क लिया जाता है। नगर निगम के सिटी मिशन मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि बिना अनुमति लगाए गए बैनरों के खिलाफ पांच गुना हजार्ना वसूला जाएगा। नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि शहरी क्षेत्र में अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। जिन प्रतिष्ठानों ने बिना अनुमति के होर्डिंग्स या बैनर लगाए हैं, वे जल्द से जल्द अनुमति प्राप्त करें या स्वयं ही हटा लें। अन्यथा नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 602 के तहत उनसे भी पांच गुना जुर्माना वसूला जाएगा।

## बाईपास रोड पर सड़क किनारे पार्किंग से जाम की समस्या, निगम व ट्रैफिक प्रशासन ने दी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित एक प्रमुख शॉपिंग मॉल के सामने आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। शादियों के सीजन में खरीदारी बढ़ने से इस मार्ग पर सैकड़ों वाहन पार्क हो रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मॉल में आने वाले लोग पार्किंग स्थल न होने के कारण अपनी गाड़ियाँ सड़क किनारे खड़ी कर घंटों तक खरीदारी करते हैं।



पूर्व में इस समस्या को लेकर राष्ट्रीय नवीन मेल में रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद ट्रैफिक प्रशासन और नगर निगम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मॉल प्रबंधन को निर्देश दिया कि वाहन केवल फेवर ब्लॉक लगे हिस्से तक ही पार्क किए जाएं। इसके साथ ही यदि शीघ्र पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े परिसर में वाहन खड़े करने के लिए समुचित पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में पार्किंग की सीमित जगह पर केवल स्टाफ के वाहनों को ही स्थान मिलता है। इससे आम खरीदारों को अपनी गाड़ियाँ मुख्य सड़क पर खड़ी करनी पड़ती हैं, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। जांच में यह सामने आया कि मॉल के अंडरग्राउंड पार्किंग क्षेत्र को व्यावसायिक उपयोग में लाया जा रहा है। एक हिस्से में ट्रैक्टर शोरूम तथा दूसरे हिस्से को गोदाम के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। पास के होटल और कॉम्प्लेक्स में भी पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे सुबह से देर रात तक दोपहिया व चारपहिया वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। नगर निगम के सिटी मिशन मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि हर व्यावसायिक परिसर को एनओसी देने से पहले पार्किंग स्थल सुनिश्चित किया जाता है। अब यह देखा जाएगा कि मॉल द्वारा पार्किंग क्षेत्र का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद यदि मॉल प्रबंधन पार्किंग की व्यवस्था नहीं करता है तो वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। फेवर ब्लॉक वाले हिस्से से बाहर पार्किंग करना प्रतिबंधित होगा।

### तेज हवा से पेड़ ऑटो पर गिरा, क्षतिग्रस्त

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के गांधी चौक के पास तेज आंधी-तूफान के चलते एक बड़ा पेड़ शुक्रवार को सड़क पर गिर गया। इस दौरान वहां खड़ा एक बैटरी चालित ऑटो पेड़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। संयोगवश ऑटो में उस समय कोई सवारी नहीं थी, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक आए तूफान में कुछ ही पलों में गांधी चौक के समीप का पेड़ धराशायी हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। पेड़ गिरने से मुख्य सड़क पर यातायात बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन स्थानीय लोग व मुखिया प्रतिनिधि छोटेलाल प्रसाद सोनी द्वारा पेड़ को कटवाकर यातायात शुरू कराया गया।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**हुसैनाबाद।** जपला देवरी मुख्य सड़क के मुखिया आवास के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार उक्त स्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों के सहयोग से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गयी। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के नोखीला गांव निवासी बीरबल चौहान, नवनीत पाल एक शादी समारोह से लूना से ही अपने घर लौट रहे थे। इस क्रम में तेजी से सड़क पर दौड़ रही गाय लूना से टकरा जाने से दोनों घायल हो गए।

### घर के सामने से रात में बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी मोहल्ला से शुक्रवार की देर रात एक घर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चोरी की पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस संबंध में मोहम्मद शब्बार ने शहर थाना में आवेदन देकर बताया कि शुक्रवार की रात लगभग 1:18 बजे उनकी पैशन प्रो मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर जे एच03 एम 4501) घर के बाहर से चोरी हो गई। उन्होंने बताया कि वे पिछले दस वर्षों से नियमित रूप से मोटरसाइकिल घर के मुख्य दरवाजे के सामने खड़ा करते रहे हैं, लेकिन पहली बार ऐसी घटना घटी है। मोहम्मद शब्बार ने चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज थाना को सौंप दिया है। इस मामले में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### माता सीता की प्राकट्य दिवस पर करें 108 बार श्री राम का मंत्र जाप : पं. कुंडल तिवारी

**हैदरनगर।** वैशाख मास शुक्ल पक्ष की नवमी को जनकपुर में धरती से अवतरित माता सीता का नाम भूमिजा भी है। इस दिन भगवान श्री सीताराम का पूरे विधि-विधान से पूजा पाठ, अनुष्ठान खासकर वैष्णव संप्रदाय में किया जाता है। इस संबध में ज्योतिष जिज्ञासु पं. कुंडल तिवारी ने बताया कि मान्यता है कि इस दिन व्रत करने से सोलह महादान व सभी तीर्थों के दर्शन करने का फल मिलता है। पूजन व अनुष्ठान के दौरान भक्तों को करने के बाद माता सीता व श्री राम के 108 बार मंत्र यथा - श्री सीतायै नमः व श्री रामाय नमः का जाप कर पुष्पांजलि उपरांत उनका आशीर्वाद लेना चाहिये। इससे व्रत पर उपवास करने वाले भक्तों की सभी मनोकानाएं पूर्ण होती है। उन्होंने पौराणिक कथा के अनुसार बताया कि जनकपुर में कई वर्षों तक जल वृष्टि नहीं होने से अकाल पड़ी, तब ऋषि-मुनिगण के परामर्श पर राजा जनक ने धरती पर सोने की हल चलाई। इस क्रम में उनका हल एक स्थान पर फंसने के बाद काफी प्रयास के हल नहीं निकला। उस स्थान की मिट्टी हटाने पर निकली एक कलश को खोलने पर नवजात कन्या प्राप्त हुई। राजा जनक ने उन्हें जैसे ही गोद लिया, वैसे ही वर्षा प्रारंभ होने लगी। इस कन्या के अवतरित होने का उत्सव मनाया जाने लगा। राजा जनक का कोई संतान नहीं था, उनकी पुत्री के रुप मे जनक नन्दिनी भी कही जाती है। इस वर्ष यह व्रत 5 मई दिन सोमवार को 11. 47 से शुरू होकर अगले दिन 6 मई दिन मंगलवार 11. 54 मिनट पर समापन होगा। उन्होंने बताया कि माता सीता का जन्म वैशाख शुक्ल पक्ष नवमी तिथि पुष्य नक्षत्र व मध्याह्न व्यापिनी के समय में हुआ था। 6 मई को मध्याह्न व्यापिनी नहीं होने से 5 मई को ही यह व्रत मनाई जानी चाहिये।

#### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की

## काली मां की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के कोशी पंचायत के ग्राम चनकार गोपाल में काली मां की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव से बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो क्षेत्र का भ्रमण करते हुए श्रद्धालुओं ने कररबार नदी में पहुंच कर आचार्य रमेश मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश जल भराई की गई। मौके पर हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि कायम होती है। सनातन धर्म को बरकरार रखने के लिए इस तरह के कार्यक्रम सभी क्षेत्रों में होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम आगामी 9 मई तक चलेगा और उसी दिन भंडारे के साथ पूर्णाहुति किया जाएगा।



मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ,पूर्व जिला परिषद मदन पासवान, प्रमोद कुमार रजक, मुखिया विजय राम ,पोल्डीह मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी अशोक यादव ,पूर्व मुखिया सह राजद के प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, विनोद पासवान ,रामस्वरूप मेहता, अखिलेश सिंह,पूर्व मुखिया प्रेम पासवान , भरत पासवान, गोपाल सिंह ,सतेंद्र सिंह,किसान मित्र अजय सिंह,मंदीप पासवान, गीता देवी, पूजा कुमारी ,गायत्री देवी,मधु सिंह, पैक्स अध्यक्ष अजय सिंह,लालमोहन सिंह ,जयश्री सिंह, ललन सिंह ,सतेंद्र सिंह ,मनीष कुमार सिंह, अनुज सिंह, विजय सिंह, अधिवक्ता संजय कुमार सिंह , छोटू सिंह , श्रवण पासवान, कुमीर्पुर पैक्स अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, विजय सिंह , बाल व्यास राजेश मिश्र तथा मुख्य यजमान बिंदेश्वरी सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु शामिल थे।

## पोपलेन ड्राइवर ने किया नाबालिग से दुष्कर्म, ग्रामीणों ने जमकर की पिटाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में ग्रामीणों ने आरोपी को जम कर पीटा, जिसके बाद आरोपी को घायल अवस्था में एमएमसीएच में भर्ती किया गया है। आरोपी ड्राइवर पांडू से नावा बाजार के बीच बन रही सड़क जो पूजा कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाया जा रहा है, उसमें राहुल कुमार सिंह (उम्र40) जो बिहार के हाजीपुर के मतेया का रहने वाला है तथा यहां पोकलेन चलाने का काम करता है। घटना शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे कंस्ट्रक्शन कैम्प से लगभग दो किलोमीटर की है, प्राप्त जानकारी के अनुसार पोकलेन ड्राइवर नाबालिक लड़की से दुष्कर्म करने के बाद जब नाबालिग को अपने मोटरसाइकिल पर बैठाकर घर छोड़ने जा रहा था। तभी गांव में पहुंचने पर लड़की ने स्थानीय लोगों को बताया कि पोकलेन ड्राइवर ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। इसके बाद ग्रामीणों ने ड्राइवर को घेर लिया और पिटाई शुरू कर दी, जिसके बाद रात लगभग 2 बजे घटना की जानकारी कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर को होने पर सुपरवाइजर और अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे तथा ड्राइवर को घायल अवस्था विश्रामपुर थाना ले गए। विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने बताया कि अभी संबंधित आरोपों की जांच मेदिनीनगर के एमएमसीएच में चल रही है, संबंधित घटना में जांच जारी है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम श्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में करियर काउंसलिंग का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश के आलोक में पीएम श्री विद्यालय में शनिवार को करियर काउंसलिंग 9 से 12 वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। काउंसलिंग को लेकर बाहर से आए एक्सपर्ट प्रशिक्षक आनंद कुमार, सतीश ने छात्र-छात्राओं को करियर के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को अवगत कराया कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो आपको आपके करियर, शिक्षा और जीवन के फैसलों के बारे में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करती है। यह आपको खुद को और काम की दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद करती है, ताकि आप अपनी योग्यताओं, रुचियों और मूल्यों के अनुसार एक उचित करियर विकल्प चुन सके। करियर काउंसलिंग के लिए प्रशिक्षक सतीश ने कैरियर काउंसलिंग छात्र-छात्राओं को कैसे मदद करती है, के बारे मे विस्तार से चर्चा की। इसके लिए अपनी रुचियों, योग्यताओं, कौशल, मूल्यों और व्यक्तित्व को समझने में मदद करता है। यह विभिन्न करियर क्षेत्रों, उद्योगों और नौकरी के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। साथ ही करियर लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए एक योजना बनाने में मदद करता है। इसके अलावा अपनी शिक्षा और प्रशिक्षण के लक्ष्यों को निर्धारित करने में मदद करता है। जैसे कौन सा कोर्स करना है। कौन सा कॉलेज जाना है। कौन सी डिग्री प्राप्त करनी है। मौके पर शिक्षक विवेक कुमार पाठक ने भी छात्रों को करियर के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह, शिक्षक विक्रम कुमार दुबे,परमेश्वर गुप्ता, बिगु राम, जितेंद्र कुमार, प्रेम गौरव, विवेक कुमार पाठक, जावेद अंसारी, शिक्षिका मीनाक्षी चौधरी, सुलेखा रानी, समिति के सदस्य विजय राम, वीरेंद्र सिंह, किरण देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, शोभा व तेतरी देवी मौजूद थी।





# तारों के मकड़जाल में उलझा शहर का चौक-चौराहा, कवर तार से अछूते कई हिस्से

### बिजली विभाग की लापरवाही से आवागमन में दिक्कत, हादसे का बना रहता है खतरा

रेवती रमण

**मेदिनीनगर।** सरकार के प्रयासों के बावजूद शहर अब भी बिजली के तारों के मकड़जाल में फंसा हुआ है। मुख्य बाजार, जेलहाता, बैरिया, रेड़मा, सुदना जैसे अधिकतर चौक-चौराहों पर तारों का जाल दिखाई देता है, जो न केवल शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहा है बल्कि आवागमन में भी बाधा बन गया है।



#### कम ऊंचाई पर लटके तार बढ़ा रहे खतरा

शहर के कई हिस्सों में तार महज छह से सात फीट की ऊंचाई पर लटके हुए हैं, जिससे सड़क से गुजरने वाले वाहनों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कभी-कभी रात में बड़े वाहनों की आवाजाही के दौरान ये तार टूटकर गिर भी जाते हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।

#### बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक, बढ़ी व्यापारियों की लागत

तारों के जंजाल के कारण शहर के प्रमुख बाजारों में बड़े वाहनों का प्रवेश लगभग असंभव हो गया है। व्यापारी छोटे वाहनों के माध्यम से माल दुकान तक पहुंचा रहे हैं, जिससे न केवल समय लगता है बल्कि लागत भी बढ़ रही है।

#### फॉल्ट सुधारने में लगते हैं घंटे, कर्मियों को होती है परेशानी

इन तारों के बीच जब भी कोई तकनीकी खराबी आती है, तो बिजली विभाग के कर्मियों को उसे सुधारने में घंटों मशक्कत करनी पड़ती है। कई बार स्थिति इतनी जटिल हो जाती है कि एक छोटा फॉल्ट ठीक करने में पूरा दिन निकल जाता है।

#### विभाग का दावा : जल्द बदले जाएंगे खुले तार

इस संबंध में शहरी क्षेत्र के एसडीओ ने बताया कि शहर में बड़े पैमाने पर कवर वायरिंग का कार्य चल रहा है। हालांकि अब भी कई इलाके इससे अछूते हैं, जिन्हें जल्द ही कर तार से जोड़ने की योजना है, ताकि शहर को इस मकड़जाल से मुक्ति मिल सके।

## एक नजर

### सर्प दंश से युवक की मौत

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के परसुखाड़ गांव में शुक्रवार को 22 वर्षीय आदिम जनजाति समुदाय के युवक सुरेंद्र कोरवा की सांप के काटने से मौत हो गई। सुरेंद्र दोपहर 3 बजे गांव के पास स्थित जंगल में सूखा महुआ चुनने गया था। इसी दौरान एक विषैला सांप अचानक झाड़ियों से निकल कर सुरेंद्र को कमर के पास डंस लिया। परिजन उसे चिनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ते देख डॉक्टरों ने गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।देर रात ईलाज के क्रम में डॉक्टरों ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

### पंचायतों में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**खरौंधी।** विभागीय निर्देश के आलोक में प्रखंड के सभी 9 पंचायतों खरौंधी, मझिगांवा, सुंडी, राजी, करिवाडीह, चन्दनी, सिसरी, अरंगी, कूपा में मुखिया की अध्यक्षता में मासिक विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना व योग्य लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करना था। सभी मुखिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में मनरेगा, अबुवा आवास योजना 2023-24 व 2024-25, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड ई-केवाईसी, आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार वितरण, पेयजल व स्वच्छता, चापानल मरम्मति, कचरा प्रबंधन, पेंशन योजना आदि की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विशेष रूप से लंबित योजनाओं की प्रगति पर ध्यान दिया गया और संबंधित लाभुकों को समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ अंकित कुमार,पंचायत स्तरीय समिति, पर्यवेक्षक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुखिया ने योजनाओं की समीक्षा की



**रंका।** सोनदाग पंचायत भवन में सभी विभागों का समीक्षात्मक बैठक मुखिया रीमा देवी के अध्यक्षता में हुई संपन्न। सभी विभागों के समीक्षात्मक बैठक में ग्राम रोजगार सेवक, जल सहिया, सेविका, बागवानी सखी, स्वयं सहायता समूह, पंचायत सहायक, जन वितरण प्रणाली के विक्रेता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, किसान मित्र, स्वास्थ सहिया, प्रज्ञा केंद्र के लोग उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ शुभम बेला टोपनो, सीओ शिव पूजन तिवारी , विद्यालय के प्रधानाध्यापक, स्वयं सेवक महेंद्र ठाकुर, विजय राम, रंका कला ग्राम पंचायत के मुखिया रंजीत सोनी , पंचायत सचिव किरण कुमारी , रोजगार सेवक अर्पण बाखला , पंचायत सहायक अमरेन्द्र कुमार , अरविंद साव , संदेश कुमार चौबे स्वास्थ्य सहिया साथी प्रमिला देवी , सहिया पूनम देवी , रेखा देवी , आंगनवाड़ी सेविका रंभा देवी , बसंती देवी , कल्पना देवी, जल सहिया शांति देवी सहित पंचायत से जुड़े विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# एसडीएम ने तीन अवैध शराब भट्टियों को किया ध्वस्त



### डेढ़ क्विंटल महुआ जावा और निर्मित शराब नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर एसडीएम संजय कुमार ने शनिवार को मेराल प्रखंड के दुलदुलवा ग्राम पंचायत क्षेत्र का औचक निरीक्षया के क्रम में ग्रामीणों की शिकायत पर देशी शराब के अवैध कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी की। एसडीएम ने पंचायत भवन में मुखिया, वार्ड सदस्यों, पंचायत स्तरीय कर्मियों के अलावा स्थानीय ग्रामीणों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने गांव को शराब मुक्त बनाने की दिशा में समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया। पंचायत में मौजूद लोगों ने दबे स्वर में यह कहना चाहा कि यहां शराब का कारोबार घर-घर तक पहुंच गया है। इसलिए अब उसे पर नकेल कसना इतना आसान भी नहीं है। उन्होंने सभी से पूछा कि कम से कम कुछ गोपनीय सूत्र, सूचना या जानकारी उपलब्ध करायी जाए ताकि वह जरूरी कार्रवाई कर सकें। जब किसी ने भी कोई सूचना या जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग नहीं किया तब एसडीएम स्वयं दुलदुलवा के जंगलों की ओर अकेले ही निकल गए।

### एसडीएम ने चलाया दो घंटे सर्च अभियान

एसडीम में दुलदुलवा के जंगल के बाहर अपने वाहन को रोककर जंगल के अंदर पैदल चल लगभग 2 घंटे सर्च अभियान चलाया। जिसमें तीन अवैध भट्टियां मिलीं। इन सभी को उन्होंने मौके पर ही अपने सुरक्षा कर्मियों की मदद से ध्वस्त कर दिया। इन तीनों अवैध शराब भट्टियों में से दो भट्टियों में आग लगी हुई मिली। अर्थात उनमें शराब निर्माण का काम मौके पर जारी था। भट्टियों को तोड़ने के साथ वहां पर मौजूद लगभग डेढ़ क्विंटल महुआ जावा को बहा दिया गया। आस-पास पड़े सभी बर्तनों और अन्य सामग्रियों को भी नष्ट कर दिया गया। संभवतः एसडीएम के आने की भनक लगते ही भट्ठियों के संचालक वहां से भाग खड़े हुए। इसलिए मौके पर कोई नही मिला। सर्च अभियान के दौरान किसी वाहन के ट्यूब में लगभग 20 लीटर निर्मित शराब मिली, जिसे मौके पर ही बहाते हुए ट्यूब को फाड़ कर फेंक दिया गया। जंगल से लौटने के बाद एसडीएम ने पूरे दुलदुलवा गांव में एक-एक गली का भ्रमण किया। इस दौरान स्थानीय बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों को विशेष रूप से समझाया गया। उन्होंने सभी से शराब के व्यवसाय व नशा से दूर रहने की अपील की।

### टेंपो पलटने से आधा दर्जन छात्र घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के टाउनशिप कैलान रोड स्थित छुरछुरिया झरना के समीप एक टेंपो पलटने से आधा दर्जन स्कूली छात्र घायल हो गए। सभी घायलों को समाज सेवी ओम प्रशुन, दिलीप बैठा ने सेल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां सेल चिकित्सक विजय राम ने ईलाज किया। घायलों में हिमांशु कुमार, प्रिंस कुमार, अमित यादव, अभिजीत कुमार यादव और प्रीति कुमारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र हैं, जबकि माया कुमारी और अंजली कुमारी पीएम श्री घाघरा स्कूल की छात्राएं हैं। घटना के संबंध में छात्रा माया कुमारी ने बताया कि टेंपो चालक द्वारा टेंपो को बच्चों को चलाने सीखाने लगा, जिससे मोड़ के पास बच्चा गाड़ी को नहीं संभाल सका और टेंपो पलट जाने से सभी बच्चे घायल हो गए।

## तीन माह से लाभुकों को नहीं मिली राशन, जिप सदस्य से की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** प्रखंड के गोठानी स्थित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार स्वाति तिर्की के मनमानी से नाराज होकर राशन लाभुक शनिवार को जिला परिषद सदस्य रुपांजलि जायसवाल के पास राशन नहीं मिलने की शिकायत की है। लाभुकों ने कहा कि डीलर द्वारा लाभुकों से मशीन में अंगूठा लगवाने के बावजूद भी उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है। लाभुक बुधनी देवी, फुलमनीया देवी, चिंतावती देवी, सुनीता देवी, जगनी नगेशिया, मानो नगेशिया, सुबसीया देवी ने बताया कि डीलर द्वारा अंगूठा लगवाकर पिछले तीन माह से राशन नहीं दिया जा रहा। डीलर द्वारा बराबर राशन देने के नाम पर अंगुठा लगाने के बाद लौटा दिया जाता है। लाभुकों की समस्या को देखते हुए तत्काल जिप सदस्य द्वारा प्रति लाभुक 15-15 किलो चावल उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में जिप सदस्य रुपांजली जायसवाल ने कहा कि लाभुकों द्वारा बार-बार शिकायत मिल रहा है। दूरभाष पर डीलर से बात की हूं। लाभुकों के शिकायत को लेकर उच्च अधिकारी को पत्र लिखा जाएगा। साथ ही लाभुकों को 3 माह का अनाज दिलाने का प्रयास किया जायेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी इसकी सूचना दिया गया है। डीलर स्वाति तिर्की से इस संबंध में पूछे जाने पर बताया कि लाभुकों से अंगूठा लगवाया गया है। हर माह 3 तारीख तक ईपॉश मशीन बंद रहने के कारण लाभुकों को राशन नहीं मिल पाया है।

## क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गयाः एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोडरी गांव स्थित आम बगिचा में शनिवार को सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर अतिथि जिले के पुलिस कप्तान दीपक कुमार पांडेय सहित एएसपी राहुल देव बड़ाइक, रंका डीएसपी राहुल रंजन सिंह, इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्र उपस्थित थे। सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में एसपी ने कहा की बड़गड़ जिले का सुदूरवर्ती थाना है। यह क्षेत्र लंबें समय से नक्सलवाद की समस्या से ग्रसित था, लेकिन आज इस क्षेत्र का काला अध्याय समाप्त हो चुका है। इस क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो गया है। अब आपसी सहयोग से यहां की बेरोजगारी, पलायन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने



बड़गड़ थाना क्षेत्र से जुड़े विभिन्न समस्याओं से जिले के पुलिस कप्तान को अवगत कराया। सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत जिला पुलिस प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव के स्कूली छात्र-छात्राओं को पठन पाठन सामग्री सहित युवा वर्ग के खिलाड़ियों को खेल सामग्री के रूप में फुटबॉल किट, वालीबॉल किट, क्रिकेट किट आदि सहित किसानों को कृषि उपकरण तथा गरीब वअसहाय महिला, पुरुषों के बीच साड़ी एवं धोती का वितरण किया गया। मौके पर थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य, पुलिस पदाधिकारी राम सिंह गगराई, विजय कुमार राय, संतोष कुमार उपाध्याय, योगेन्द्र उरांव, मुखिया बिन्को टोप्पो, जंगलपती लकड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सोमा टोप्पो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मींज, संदीप गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, मोनिका कच्छप, प्रेम सागर जायसवाल, अरविंद जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, कौशर आलम सहित उपस्थित थे।

## एसडीएम ने पंचायत स्तरीय समीक्षा में शराब से दूर रहने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग पंचायत भवन में मुखिया फुलमंती देवी की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही दुलदुलवा पंचायत भवन में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि गांव के विकास से ही देश का तरक्की होता है। इसलिए सरकार के द्वारा गांव के विकास के लिए सभी विभागों के साथ पंचायत भवन में समीक्षात्मक बैठक कराया जाता है। जिसमें गांव के विकास से संबंधित सभी विभागों की समस्याओं को बारी-बारी से सुनते हुए उसके निष्पादन के लिए सतत प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुलदुलवा पंचायत में अवैध शराब का कारोबार व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है। ऐसा अवैध कारोबार गांव के विकास का बाधक होता है। इस पर मुखिया राम प्रताप शाह ने अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष कहा कि इस शराब के अवैध कारोबार में आबकारी उत्पाद विभाग का संरक्षण है। इसी तरह हासनदाग पंचायत भवन में बारी बारी से उपस्थित विभागों का समीक्षा की गई। इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्र दुनुखाड़ रेजो के चाहरदीवारी की ऊंचाई बढ़ाने व शौचालय निर्माण कराने की मांग की गई। मध्य विद्यालय रेजो, दुनूखाड़ प्राथमिक विद्यालय, हासनदाग मध्य विद्यालय में चाहरदीवारी के साथ पानी की व्यवस्था कराने की मांग किया गया। स्वास्थ्य सहिया सरिता देवी, सोनापती के द्वारा गांव में ही आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग की गई। मौके पर मध्य विद्यालय रेजो के शिक्षक प्रतिनिधि वागेश पंडित, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, बीडीसी नंदू चौधरी ,पंचायत सेवक राजेंद्र राम रोजगार सेवक रघुवर राम वार्ड सदस्य राजू पासवान, सुनील बैठा ,आंगनबाड़ी सेविका अंबा रानी, अनामिका देवी , गीता देवी , किसान मित्र रामाशंकर चौबे पंचायत सहायक राजन बैठा विवेकानंद चौबे डीलर तीर्थराज चौबे , राम लखन बैठा मानदेव बैठा, ,स्वास्थ्य सहिया सोनापति देवी, पुष्पा कुंवर, सरिता देवी प्रज्ञा केंद्र के आशीष चंद्रवंशी ग्रामीण संतोष चौधरी, राजेंद्र चौधरी ,राकेश कुमार मिश्रा अरकेश चंद्रवंशी विनोद चौधरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद का चुनाव कराया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में बाल संसद का चुनाव कराया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भारत माता, ओम, मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, पुष्पार्चन कर किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बाल संसद चुनाव का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रांतीय योजना अनुसार यह चुनाव हर सत्र में होता है। इससे भैया-बहनों में लोकतांत्रिक व्यवस्था, प्रतिस्पर्धा नेतृत्व, क्षमता व व्यवहार कुशलता की गुणों का विकास होता है। ने कहा कि चार वर्गों के लिए अध्यक्ष , उपाध्यक्ष , सचिव , सहसचिव ,सेनापति , सह सेनापति पदों पर चयनित होने के लिए कुल 110 प्रत्याशी चुनाव में शामिल हुए। तीन दिन प्रथम कालांश में अनुशासन पूर्वक प्रचार-प्रसार प्रत्याशी द्वारा किया गया। चुनाव के लिए कुल चार बूथ बनाए गये थे। बूथ नंबर एक के लिये पीठासीन अधिकारी नीरज कुमार सिंह, मतदान कर्मी नीति कुमारी, सत्येंद्र प्रजापति, नन्दलाल पाण्डेय ,बूथ नंबर दो के लिये पीठासीन अधिकारी सुजीत कुमार दुबे, मतदान कर्मी सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार, बूथ नंबर तीन के लिये पीठासीन अधिकारी प्रसून कुमार,मतदान कर्मी रुपेश कुमार, उमेश कुमार, प्रदीप कुमार गुप्ता, प्रियंबदा, बूथ नंबर चार के लिये पीठासीन अधिकारी कृष्ण कुमार पाण्डेय, मतदान कर्मी तन्वी जोशी, आरती श्रीवास्तव, हिमांशु झा, विक्रम प्रसाद को बनाया गया था मतदाता। अंगुली में चिन्ह लगा कर अपने पसंद के उम्मीदवार को बैलेट पेपर द्वारा वोट किए प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा सभी बूथो का मॉनिटरिंग किया जा रहा था। कुल 615 भैया-बहनों ने मतदान किया। 7 मई को मतदान का परिणाम घोषणा, चयनित बाल संसद के अधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सह दायित्वबोध कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

### सभी पंचायतों में मुखिया ने की विकास की समीक्षत्मक बैठक

## योग्य लाभुकों को जन कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना मुख्य उद्देश्यः उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विभागीय निर्देश के आलोक में जिला अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व विकासात्मक योजनाओं को नई गति दिलाने के उद्देश्य से तथा लाभुकों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं से आच्छादित करने के लिए जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों में मुखिया की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। विभिन्न सरकारी योजनाओं में मनरेगा, आवास, जन वितरण प्रणाली, पेंशन योजना, 15वें वित्त से संचालित योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, पेयजल व स्वच्छता, शिक्षा, आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन, कल्याण व समाज कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस अंतर्गत चलाए जा रहे योजनाओं की समीक्षा तथा योजनाओं की प्रगति व




समस्याओं के निराकरण करने के लिए सभी बीडीओ, सीओ ने अपने-अपने प्रखंड अंतर्गत पंचायत में प्रखंड व पंचायत स्तर पर मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना की स्वीकृति वऑनगोइंग लंबित योजनाओं की पूर्णता, बिरसा सिंचाई कूप की पूर्णता आदि की समीक्षा की गई।आवास योजना के तहत अबुवा आवास योजना 2023-24, 2024-25 में दी गई राशि के विरुद्ध अब तक लाभुकों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किए जाने की समीक्षा की गई। वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 की आवास इकाई की पूर्णता, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति व एफटीओ पेंडिंग की स्थिति, पीएम जनमन की पूर्णता आदि योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए गए। इसी प्रकार जन वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड का ई-केवाईसी, आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार का वितरण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तहत चापानलों की मरम्मति, कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा भी जिले के बिशनपुरा प्रखंड के दो पंचायत क्रमशः पतिहारी एवं पिपरीकला में योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक का औचक निरीक्षण करते हुए बैठक में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार द्वारा चलाए जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित होने संबंधित जानकारी ली। कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य सभी योग्य लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं से आच्छादित करना है।

### मुखिया ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**डंडई।** प्रखंड के सभी पंचायत भवन सचिवालय परिसर में शनिवार को मुखिया के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित पंचायत के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। रारो पंचायत सचिवालय के सभागार भवन में मुखिया सुनिता देवी के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत अंतर्गत संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान बैठक में मनरेगा, आवास योजना, जन वितरण प्रणाली राशन कार्ड का ई-केवाईसी, पेंशन योजना,15 वें वित्त से संचालित योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पेयजल स्वच्छता( चपानल मरम्मती कचरा प्रबंधन), आंगनबाड़ी का संचालन (पोषाहार वितरण), कल्याण विभाग,जेएसएलपीएस सहित कई विभाग का समीक्षा की गयी। बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया की समीक्षा बैठक में कर्मियों को योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### पंचायत सचिवालय सशक्त होने से ब्लाक व जिला सशक्त होगा : एसडीओ

**गढ़वा।** उपायुक्त के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार को सदर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में उन्होंने मुखिया, वार्ड सदस्यों व पंचायत स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारियों से कहा कि पंचायत सचिवालय को सशक्त करने से ही विकेंद्रित विकास का लक्ष्य हासिल होगा। इसलिए सभी मुखिया अपने अंतर्गत आने वाले सभी विकास कार्यों और सभी कार्यालयों का नियमित तौर पर निरीक्षण करते रहें। साथ ही विकास योजनाओं को नियमित तौर पर मॉनिटरिंग करते रहें। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में पंचायत सचिवालय की बहुत बड़ी भूमिका है। मौके पर मौजूद मुखिया अशोक कुमार, वार्ड सदस्य मुकेश कुमार, पंचायत सचिव प्रीति कुमारी, रोजगार सेवक अजय कुमार, प्रधान अध्यापक श्री कृष्ण मुरारी पांडे, राशन डीलर, जलसहिया, स्वयंसेवक,किसान मित्र आदि ने पंचायत के विकास में अपनी-अपनी भूमिका के बारे में विचार रखे।

### नीट परीक्षा को लेकर एसडीएम ने जारी किया निषेधाज्ञा आदेश

**गढ़वा।** चार मई को नीट परीक्षा को लेकर गढ़वा में भी दो केंद्र बनाए गए हैं। गढ़वा में आयोजित होने जा रही इस अखिल भारतीय स्तर की प्रवेश परीक्षा को लेकर गढ़वा सदर अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि गढ़वा शहर में दो परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा रविवार को आयोजित हो रही है। विधि व्यवस्था संधारण व एहतियात के रूप में अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने गोविंद उच्च विद्यालय, नामधारी कॉलेज के 200 मीटर की परिधि में विभिन्न निदेशों के साथ में निषेधाज्ञा आदेश लागू किया है। उक्त निषेधाज्ञा रविवार 4 मई को सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक लागू रहेगी। इस अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनाधिकृत व अनावश्यक जमावड़ा, हथियार, ध्वनि विस्तारक आदि पर रोक के साथ एनटीए द्वारा प्रतिबंधित गैजेट्स व सामग्री को प्रतिबंधित किया गया है। परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो कॉपी दुकानों पर प्रश्न पत्र व ऐसी ही संवेदनशील परीक्षा सामग्री की फोटोकॉपी करने पर निषेध लगाया गया है।

### पंचायत दिवस पर फलदार पौध रोपण किया गया



**केतार।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर शनिवार को पंचायत सचिवालय केतार में पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक मुखिया प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत स्तरीय सभी विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों ने भाग लिया। बीडीओ प्रशांत कुमार ने केतार पंचायत सचिवालय में पहुंच कर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आज सभी पंचायतों में समीक्षा बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में अबुआ आवास,प्रधानमंत्री आवास,दीदीबाड़ी योजना, आंगनबाड़ी , पेयजल की समस्या पर निदान करने पर जोर दिया, ताकि ग्रामीणों की समस्या दूर हो सके। पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक आंगनबाड़ी को नियमित खोलने तथा समय -समय पर मुखिया व पंचायत सचिव को निरीक्षण करने की बात कही। बीडीओ प्रशांत कुमार व बीपीओ नीरज कुमार पाल सहित अन्य लोगो ने पंचायत भवन परिसर में कई फलदार आम का पौधा लगाया। मौके पर पंचायत सचिव आयुषी चौबे,रोजगार सेवक धीरेन्द्र विश्वकर्मा,किसान मित्र संतोष कुमार, सरिता देवी,उषा देवी, दीनानाथ मेहता,मेघनाथ प्रजापति,दीपक पाल, कुंदन प्रसाद, गोखुल कुमार ,रामशंकर प्रसाद, रमजान अंसारी, शिवदत्त मेहता सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्कूल का चापानल खराब, बच्चों व शिक्षकों को हो रही परेशानी



**खरौंधी।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी में पिछले कई दिनों से चापानल खराब पड़ा है, जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। पीने के पानी के साथ-साथ मध्यान्ह भोजन तैयार करने में भी काफी परेशानी हो रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद उरांव ने बताया कि चापानल पिछले सप्ताह से ही खराब हो गया है। उन्होंने अपने स्तर से चापानल की मरम्मत कराने की कोशिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने इस समस्या की जानकारी वरीय अधिकारियों को भी दे दी है, मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी विद्यालय में पेयजल की समस्या पर चिंता जताई है और प्रशासन से जल्द से जल्द चापाकल की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि बच्चों की पढ़ाई और भोजन व्यवस्था बाधित न हो।

**Govt. of Jharkhand**
**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**GARHWA NAGAR PARISHAD**

**E-Procurement Notice**

**E-Tender Reference No. : GNP-01/2025-26, Date- 03.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Construction of Urban Ayushman Arogya Mandir and Policlinics, Under Nagar Parishad Garhwa |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 52,43,682.00 (Fifty Two Lakh Forty Three Thousand Six Hundred Eighty Two Rupees) Only |
| 3. | Tender Fee | Rs. 10000.00 (Ten Thousand Only) (Online Mode) |
| 4. | Earnest Money (Rs.) | 1,05,000.00 (One Lakh Five Thousand Rupees ) (Online Mode) |
| 5. | Time of Completion | 3 Months |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 05.05.2025 up to 10:00 AM |
| 7. | Last Date/Time for receipt of E-Tender on Website | 15.05.2025 up to 5:00 PM |
| 8. | Date of Opening E-Tender | 17.05.2025, Time: 11:00 AM |
| 9. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa-822114 |
| 10. | Contact No of E-Procurementofficer | 9431141644, 8409053313 |
| 11. | Helpline Number of E-Procurement cell | 8409053313 |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. संवेदक द्वारा 10% से अधिक दर देने पर एकरारनामा के समय अतिरिक्ति जमानत की राशि देनी होगी
(i) 10% से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
(iii) पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के सभी प्रावधान लागू रहेंगे।

Sd/-
Executive Officer
Nagar Parishad Garhwa

PR.NO.351607 Urban Development(25-26):D

# एमएस हॉस्पिटल के संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय के पांकी रोड स्थित बंद पड़े एमएस हॉस्पिटल संचालक के निजी आवास पर अवैध रूप से महिला का प्रसव कराने पर बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी ने बालूमाथ थाना में संचालक पर नामजद प्राथमिक की दर्ज करायी है। इस मामले में बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाइक ने बताया कि सीएस को मिली गुप्त सूचना पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के टमटमटोला पांकी रोड स्थित बंद पड़े एमएस हॉस्पिटल पर शुक्रवार शाम को बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, थाना पुलिस के साथ संयुक्त रूप से छापामारी की गई। वहां एमएस हॉस्पिटल के संचालक के गृह आवास पर अव्यवस्थित तरीके से लातेहार सदर प्रखंड के रहने वाले खुशबूना खातून (25 वर्ष) पति साबिर अंसारी ग्राम हेडपोचरा थाना लातेहार को अवैध तरीके से प्रसव कर दिया था, जो बिलकुल असुरक्षित तरीके से बड़ी ऑपरेशन से प्रसव कराया गया था। जिसमें जच्चा बच्चा को खतरा थी। उसे तुरंत एंबुलेंस मंगा कर जच्चा बच्चा को लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया औरअवैध तरीके से सीजेरियन के आरोप में बालूमाथ थाना में मामला दर्ज कराया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि पहले भी इस अस्पताल को अवैध तरीके से संचालन करने व अवैध तरीके से अल्ट्रासाउंड मशीन रखने को लेकर सील किया गया था। आज चोरी-छिपे से बड़ा ऑपरेशन कर प्रसव किया जा रहा है जो बिलकुल गलत है। इससे मरीज की जान भी जा सकती है। मौके पर बालूमाथ थाना पुनी गौतम कुमार, सशस्त्र पुलिस के जवान के साथ-साथ बालूमाथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद थे।

# नीट-यूजी परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व कदाचार मुक्त कराने को लेकर उपायुक्त ने दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नीट-यूजी परीक्षा की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा नीट परीक्षा के तहत जारी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए कदाचार मुक्त तरीके से परीक्षा का आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते परीक्षा केंद्रों में बिजली, पर्याप्त रौशनी, शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। परीक्षा केंद्र में परीक्षा का संचालन सीसीटीवी की निगरानी में होगा। प्रश्न पत्र ले जाने वाले दंडाधिकारी व पुलिस बल ससमय स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका लेंगे। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को परीक्षा केंद्र तक समय से पूर्व परीक्षा से संबंधित सामग्री पहुंचाने का आदेश दिया। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को परीक्षा केंद्र पर पूर्ण पारदर्शिता, गोपनीयता और सुरक्षा व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने केंद्राधीक्षक, निरीक्षकों व परीक्षा प्रभारी अधिकारियों की तैनाती समय पर करने के निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने, परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय प्रत्येक परीक्षार्थी की जांच करने, परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी परीक्षार्थी किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गजट (मोबाईल, कैलकुलेटर, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ आदि) नही ले जाने की जांच करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी नीट-यूजी परीक्ष चार मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक व दिव्यांगजनों के लिए शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। जिला मुख्यालय पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, लातेहार को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिनपर कुल 151 परीक्षार्थी भाग लेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पशु मेले की नीलामी को लेकर बैठक

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को बेलगड़ा पशु मेले 2025-26 के नीलामी हेतु प्रखंड सभागार में बैठक आहुत किया गया। जिसमें प्रमुख, उपप्रमुख, अंचलाधिकारी के प्रतिनिधि, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रेफरल अस्पताल सिमरिया के प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव सेरनदाग एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित हुए। बैठक की कार्यवाही प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद की उपस्थिति में प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया। जिसमें त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की व्यवस्थाओं के अंतर्गत पंचायत समिति के तहत सर्वसम्मति से बेलगड़ा पशु मेला 2025-26 डाक के माध्यम से नीलामी करने का निर्णय लिया गया। बेलगड़ा पशु मेला में सुरक्षित जमा राशि 59944 रुपए तय की गई है। बंदोबस्ती/नीलामी हेतु डाक के लिए 07 मई को प्रखंड सभागार में निश्चित किया गया है। इच्छुक आमजन खुली डाक में भाग ले सकते हैं।

### मांगों के समर्थन में 16 को मोटरसाइकिल जुलूस निकालेगा संघ

**चंदवा।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी प्रबंधन के खिलाफ विस्थापित प्रभावित बेरोजगार ट्रक मालिक, चालक, उपचालक संघ आगामी 16 मई को 24 सूत्री मांगों को लेकर मोटरसाइकिल रैली निकालेगा। उक्त रैली तेतरियाखाड़ कोलियरी के समीप से निकलकर नगड़ा,तसतबार,बड़का बालूमाथ से रांची-चतरा मार्ग होते हुए चंदवा स्थित सीसीएल ऑफिस पहुंचेगी। वहां संघ द्वारा मांगो को लेकर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। इस संबंध में संघ के सदस्यों ने बताया गया कि दो माह से तेतरियाखाड़ कोलियरी में व्याप्त समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्रबंधन के द्वारा इस पर कोई भी पहल नहीं की जा रही है। मजबूर होकर आंदोलन का दूसरा चरण शुरू करना पड़ेगा। आंदोलन के दूसरे चरण के प्रथम दिन मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया जायेगा।

### इंजन में तकनीकी खराबी के कारण रेलवे फाटक पर खड़ी रही मालगाड़ी

**चंदवा।** कोयला लदी मालगाड़ी के इंजन में आई तकनीकी खराबी के कारण शनिवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे से 5 बजे तक बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन स्थित रेलवे समपार फाटक पर मालगाड़ी खड़ी रही। इस दौरान रेलवे फाटक के दोनों छोर पर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिसके कारण लोग काफी परेशान देखे गए। रेलवे के अधिकारी व कर्मियों की तत्परता से किसी प्रकार मालगाड़ी को आगे बढ़ाया गया। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि ओएचई में तकनीकी खराबी के कारण प्रेशर गिर गया था। जिस कारण उक्त व्यवधान हुआ था।

### चचेरे भाई के हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सासंग पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र सोंस गांव में बारात आए युवक उपेन्द्र उरांव पिता कोलेश्वर उरांव (ग्राम जोभिया लातेहार) की गोली मार कर हत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने हत्याकांड में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कांड के मुख्य आरोपी अमृत उरांव अब भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। पुलिस के गिरफ्त में आए रंथू उरांव व ओम उरांव (जोभिया लातेहार) दोनों पिता पुत्र हैं। हत्याकांड के मुख्य आरोपी अमृत उरांव के पिता व भाई हैं। मामले में पुलिस निरीक्षक सह थाना रणधीर कुमार ने बताया कि उक्त हत्याकांड में गिरफ्तार दोनों लोगों की भूमिका उजागर हो रही है। इन्हीं दोनों के बहकावे में आकर अमृत उरांव ने अपने चचेरे भाई की हत्या गोली मारकर कर दी थी। मृतक उपेन्द्र उरांव व हत्याकांड में संलिप्त लोगों के बीच जमीन विवाद चल रहा था। मृतक उपेन्द्र उरांव घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था, इसी कारण ईष्या व जमीन विवाद में ही उक्त हत्याकांड को अंजाम दिया गया। पुलिस हत्याकांड में मुख्य आरोपी अमृत की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान चला रही है।

### केंद्रीय मंत्री के दौरा को लेकर डीडीसी ने किया प्रखंड का निरीक्षण

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड आकांक्षी प्रखंड में शामिल है। आकांक्षी प्रखंड को लेकर पीरामल फाउंडेशन के बैनर तले महीनों से कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इसका निरीक्षण करने के लिए केन्द्रीय मंत्री वन एवं पर्यावरण मंत्री कृति वर्धन सिंह का आगमन मयूरहंड प्रखंड में आगामी 6 मई को होना है। इसे लेकर उपविकास आयुक्त अमरेंद्र सिन्हा ने शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय मयूरहंड का जायजा लिया। इस दौरान डीडीसी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार समेत जिला के पदाधिकारी के साथ झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरिक्षण किया व निर्देश दिया।

### नहीं रहे जिले के वरीय अधिवक्ता

**लातेहार।** जिला बार एसोसिएशन के सचिव सह वरीय अधिवक्ता वृन्द कुमार का शनिवार को राजधानी रांची के रिंग रोड स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल में अंतिम सांसे ली। उनका जन्म 19 फरवरी 1947 को हुआ था। उनके निधन की खबर मिलते ही व्यवहार न्यायालय में कार्य कर रहे अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने कहा हमने आज अपने उस साथी को खो दिया जिनके साथ पिछले कई वर्षो से साथ मिलकर काम कर थे। वह 1965 में रांची विश्वविद्यालय के चुनाव में अपने मृदुलभाषी व्यवहार के कारण सचिव के पद पर काबिज हुए थे। इसके बाद उन्होंने व्यवहार न्यायालय लातेहार में सत्र 1971 से प्रैक्ट्रिस शुरू किया था।अधिवक्ता परिषद लातेहार जिलाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार पांडेय ने कहा कि वृन्द कुमार का जीवन असहायों को न्याय दिलाने में ही गुजरा है। वह बहुत ही सज्जन तथा समय के मामले में दृढ व्यक्ति थे। शोक व्यक्त करने वालों में अरूण द्विवेदी, पंकज कुमार, लाल अरविंदनाथ शाहदेव,अशोक कुमार सिंह,संतोष रंजन, बासुदेव पाण्डेय, सफदर अली, अब्दुल सलाम, संजय कुमार गुप्ता, विनीत सिन्हा, देवेंद्र द्विवेदी, वृद बिहारी यादव, इनासेंट एक्का सहित कई लोग मौजूद थे।

### उपप्रमुख के नेतृत्व में पंचायती राज मंत्री से मिला पंसस का प्रतिनिधि मंडल

**चंदवा।** प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राज्य के पंचायती राज सह ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं को रखते हुए 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा। उपप्रमुख अश्विनी मिश्र ने मंत्री को बताया कि वार्ड,मुखिया और जिला परिषद को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि पंसस को आज तक नहीं मिला। प्रखंड से मनरेगा व अन्य होने वाले कार्यों में पंसस की भूमिका नगण्य है। पंचायत सचिव और राजस्व कर्मचारी पंचायत भवन में नहीं बैठते हैं, जिसका प्रतिकूल असर ग्रामीणों में होता है। पंसस की मासिक बैठक नहीं होने से जन आकांक्षाओं को पूरा करने में परेशानी होती है। सरकारी कर्मी पंसस के प्रति जवाबदेह भी नहीं होते हैं जिसका व्यापक असर विकास के कार्यों में भी हो रहा है। मंत्री ने चंदवा से गये पंसस की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जल्द ही इसके निराकरण का आश्वासन दिया। मंत्री से मिलने वालों में अशोक भुइंया, शंकर गंझू, बलकू मुंडा, अनिता देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, रामकिशन गंझू, करन लोहरा शामिल है।

# सरकार मुसलमानों को कमजोर करना चाहती है : रामचंद्र सिंह




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा शनिवार को वक्फ बिल 2025 के खिलाफ लातेहार में विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले माको मोड़ से एक मार्च निकाला गया। मार्च शहर के मेन रोड होते हुए समाहरणालय पहुंची। वहां एक सभा का आयोजन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्ती लिए वक्फ बिल वापस लो, संविधान की हत्या बंद करो, काला कानून वापस लो, हमारा अधिकार छीनना बंद करो जैसे कई नारे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बिल लाकर मुसलमानों और अल्पसंख्यकों को कमजोर करना चाहती है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी इसका विरोध कर रहे हैं। यह धार्मिक आस्था का मामला है। किसी की आस्था आहत नहीं होनी चाहिए। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि वक्फ की जमीन मुसलमानों की हैं। इन पर सिर्फ मुसलमानों का अधिकार है। केंद्र सरकार बहुमत का गलत इस्तेमाल कर रही है। मौके पर झामुमो नेता रिजवान अंसारी,शमसुल होदा, नसीम साहब, इमरान साहब, हेसामूल, वारिश अंसारी, नेजाम साहब, अख्तर, शामसाद आलम, खुस्तर, मुफ्ती मुदसीर, गुलाम गौस साहब, कारी जियउद्दीन, अब्दुल वकील, सलाम अंसारी, मुस्तफा, मास्टर रशीद जी, इस्माइल, इमरान अंसारी, टिंकू, शहजाद, असगर खान, महबूब, अब्दुल अंसारी, हसीब अंसारी, मोतिउर्राह्मण, नौशाद, गुलाम हुसैन, शेर मोहम्मद, तस्लीम साहब, तबरेज, हैदर, अफाक समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर कचरा निस्तारण कार्यक्रम की शुरूआत की



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम के तहत उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता,भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक सलाहकार सी श्रीनिवासन,बीडीओ चंदन प्रसाद,मुखिया रंजीत उरांव, संगीता लकड़ा,फुलजेंसिया टोप्पो व अन्य द्वारा स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में विधिवत पूजन के उपरांत हरी झंडी दिखाकर कचरा निस्तारण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक सलाहकार सी. श्रीनिवासन ने सरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की संपूर्ण जानकारी लोगों के बीच साझा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत है। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल विधियों व प्रक्रियाओं पर बल देने की आवश्यकता है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि प्रसिद्ध पर्यावरणविद भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी श्रीनिवासन के द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सेवा संगठन में ठोस और तरल संसाधन प्रबंधन का स्थायी मॉडल विकसित किया गया है। कचरा प्रबंधन की अवधारणा के प्रति उनका दृष्टिकोण,वर्गीकरण और पुनरूउपयोग के मामले में क्रांतिकारी है। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता सुनील कुमार, जेएसएलपीएस के मुजिबुल आरफीन, प्रखंड कर्मी रितेश कुमार, संतोष कुमार, मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थी एवं शिक्षक, जल सहिया समेत सैकड़ों लोग लोग मौजूद थे।

## बिजली की समस्या हुई दूर, विभाग ने लगाया ट्रांसफार्मर

**कुंदा (चतरा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के कुंदा पंचायत अंतर्गत मेदवाडीह गांव के ढिबर टोला में लगभग एक वर्ष पूर्व बिजली ट्रांसफार्मर जल गया था, जिससे लोगों को विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। अब विभाग ने पहल करते हुए उक्त टोला में 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा दिया है, जिससे क्षेत्र में विद्युत बहाल हो सकेगी। ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। लोगों ने विभाग की इस पहल की सराहना की है।

### सहियाओं का कार्य महत्वपूर्ण : डॉ. विवेक विद्यार्थी

**लातेहार।** झारखंड सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। लातेहार जिला में सहियाओं के बीच एप्रोन का वितरण किया गया है। इसका उद्देश्य सहिया कर्मियों को कार्य स्थल पर अधिक सुरक्षा और पहचान प्रदान करना है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विवेक विद्यार्थी ने कहा कि सहियाओं का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। उनके निरंतर प्रयास और कार्यों की सराहना होनी चाहिए। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी मौजूद थे।

### मृत हिरण का शव मिला

**प्रतापपुर (चतरा)।** वन्य जीव संरक्षण को लेकर प्रतापपुर वन क्षेत्र में गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। यहां भीषण गर्मी के कारण पानी की तलाश में भटकते जानवर या तो गड्ढों में गिरकर अपनी जान गंवा रहे हैं या शिकारियों का निशाना बन रहे हैं। प्रतापपुर वन क्षेत्र के गोमे गांव के जंगल में एक बड़ा हिरण मृत अवस्था में पाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हिरण किसी गहरे नाले या गड्ढे में गिर गया और मरने के बाद सड़ गया। शव मिलने तक हिरण पूरी तरह सड़ चुका था और सिर्फ अवशेष ही बचे हैं। संभावना जताई जा रही है कि हिरण पानी की तलाश में भटकते हुए इस गड्ढे में गिरा होगा। दूसरी ओर यह आशंका भी है कि यह किसी शिकारी की गोली का शिकार हुआ होगा और घायल अवस्था में भागते हुए गड्ढे में गिरा होगा। इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत राम ने पूछे जाने पर बताया कि इस तरह की जानकारी मेरे संज्ञान में नहीं है। वन कर्मियों व वन समिति के लोगों से पता करने के बाद ही कुछ जानकारी दे सकते हैं।

### विधायक ने पीड़ित परिवार को दिया मदद का आश्वासन

**महुआडांड़।** झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओरसापाठ में 30 बुधवार देर शाम नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाने के बाद सड़क निर्माण कार्य में लगे मुंशी अयूब खान की सिर पर गोली मारकर हत्या कर दी। साथ ही निर्माण कार्य में लगे एक जेसीबी, एक ग्रेडर वाहन में आग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह अपने समर्थकों के साथ शनिवार को ओरसापाठ गांव जाकर पीड़ित परिवार और मृतक की पत्नी से मिलकर गहरा शोक व्यक्त करते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। विधायक ने इस संबंध में महुआडांड़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया से मिलकर हर हाल में अपराधी पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जो लोग भी इस हत्या कांड में शामिल हैं उन्हें किसी भी हालात नहीं छोड़ा जाएगा। मौके पर उपप्रमुख अभय मिंज, किशोर तिर्की, रानू खान, तनवीर,बसारत अली सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### पिकअप व कार की टक्कर में दो घायल

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के कुरूद घाटी में दो विपरीत दिशा से जा रहे कार और पिकअप वाहन में भिड़ंत होने से कार सवार अनीसा कुमारी को सिर और हाथ में चोट आई। कार चालक को मामुली चोट लगी। घायलों को ग्रामीण के सहयोग से सरकारी अस्पताल में ईलाज के भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर अमित खलखो ने प्राथमिक उपचार कर बताया बच्ची के दायें हाथ में अंदरूनी चोट है। उसे बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### जिला अनुकंपा समिति की बैठक, उपायुक्त ने दिए निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति ने उग्रवादी हिंसा व सामान्य के आश्रितों के आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की। समिति ने 6 आवेदनों की समीक्षा की। उनमें उग्रवादी हिंसा के 1, सामान्य के 5 आवेदन था। सामान्य के आवेदनों पर विचार-विमर्श के बाद समिति ने 5 आवेदनों की अनुशंसा की। उग्रवादी हिंसा से संबंधित 1 मामले पर विचार विमर्श करते हुए समिति ने आवश्यक दस्तावेज के लिए संबंधित कार्यालय को रिमाईंडर भेजने का निर्देश दिया। इसके साथ ही आवश्यक दस्तावेज के साथ अगली बैठक में रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, प्रभारी पदाधिकारी स्थापना उप समाहर्ता मेरी मड़की, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, प्रधान लिपिक अवधेश सिंह उपस्थित थे।

### बीडीओ ने की समीक्षा दिए निर्देश

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं समीक्षा को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने की। बैठक में बीडीओ ने 17 पंचायतों में क्रियान्वित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, पेंशन, 15वें वित्त, कल्याण, आदिम जनजाति कल्याण, चापानल मरम्मति, जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) के अलावा मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना में गड्ढा खुदाई, एरिया ऑफिसर ऐप, मानव दिवस सृजन, मिट्टी मोरम पथ की स्वीकृति, भौतिक स्थिति, बिरसा कूप सिंचाई और संवर्धन योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016 से वित्तीय वर्ष 2023 तक की लंबित आवास योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, प्रखंड समन्वयक समेत सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# विधायक व उप प्रमुख की पहल पर 15 साल बाद जगमगाया इंदिरा गांधी चौक



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** शहर का सबसे व्यस्तम चौराहा इंदिरा गांधी चौक लगभग 15 वर्षों के बाद फिर से जगमगाया। लातेहार विधायक प्रकाश राम व प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा द्वारा विधिवत पूजन कर चौक पर लगे हाइमास्ट लाइट को चालू किया। लाइट चालू होते ही इंदिरा गांधी चौक का पूरा इलाका दूधिया रौशनी से जगमगा उठा। लाइट ऑन होते ही आस-पास के दुकानदारों समेत स्थानीय लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लोगो ने कहा कि कई वर्षो से उक्त लाइट खराब पड़ा हुआ था, लेकिन आज विधायक प्रकाश राम समेत प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा के सार्थक पहल पर इंदिरा गांधी चौक पर फैले अंधेरे को दूर कर दिया गया है। मौके पर विधायक प्रकाश राम ने कहा कि अगर आज के युवा ठान ले की क्षेत्र की जनसमस्याओं को जड़ से खत्म करना है, तो वह समय दूर नहीं जब क्षेत्र की समस्याओं को एक एक कर निबटारा कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वह 24 घंटे जनता की सेवा में लगे रहते हैं। जब भी मेरी आवश्कयता पड़े निःसंदेह मुझे फोन करें। उद्घाटन के मौके पर युवा भारत ने जमकर आतिशबाजी की और लड्डू बांटी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, पूर्व सासंद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू,राजेश चंद्र पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार पाठक,रवि राज कुमार, मनीष कुमार, शिवकेश्वर यादव, दीपक निषाद, रंजन सिंह,दारा सिंह, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार, जयप्रकाश मोदी, उदय राज गुप्ता,अक्षय यादव, विनीत कुमार, पंकज विश्वास, धनंजय चौधरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# दिव्य अखंड ज्योति कलश रथ का भव्य स्वागत क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का हुआ संचार




**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रखंड में शनिवार को ज्योति कलश रथ का नगर भ्रमण के लिए प्रतापपुर पहुंचा, वैसे ही सम्पूर्ण वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। भक्तों ने झाल-मंजीरा के साथ जय घोष करते पुष्प वर्षा कर रथ का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत यह क्षण हर किसी के लिए अविस्मरणीय बन गया है। ज्योति कलश रथ के आगमन के बाद भजन-कीर्तन, नारों और जयघोषों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस अवसर को और अधिक पवित्र बनाने हेतु एक विशेष दीप यज्ञ एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन बुढ़वा शिव मंदिर, प्रतापपुर के प्रांगण किया जा रहा है। प्रसिद्ध आचार्य गणों द्वारा संध्या को पुराण शिव मंदिर परिसर में प्रवचन और आहूति से दिव्यता का अनुभव कराया।


## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।

(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01, वर्ष 2025–26)

पत्रांक ................./जि0प0 दिनांक .......................

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 14.05.2025 से 15.05.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित एवं रविवारीय अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 16.05.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 16.05.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद – : अनाबद्ध (150 / 28.04.2025)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | चतरा नगर | चतरा नगर | चतरा नगर | नगर परिषद, मार्केट कॉम्पलेक्स चतरा में पार्किंग हेतु पेबर ब्लॉक सोलिंग और ग्राउण्ड फ्लोर पर टाईल्स लगाने का कार्य। | 2500000 | 5000 | 50000 | 02 माह |

निविदा की शर्ते –

1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा।

PR 351580 District(25-26)D

### मरीजों को लेकर जाने वाले एंबुलेंस की राह में रुकावट बनने का काम कर रहा मांडर टोल प्लाजा

# एंबुलेंस को बेवजह रोका जाना मरीजों के लिए हो सकता है खतरनाक

**नवीन मेल संवाददाता**




**कुडू - लोहरदगा।** कुडू रांची उच्च पथ एनएच 39 स्थित मांडर में अवस्थित टोल प्लाजा पर कर्मियों की लापरवाही और मनमानी के कारण कुडू से गंभीर मरीज़ों को लेजाने वाले एंबुलेंस को अक्सर जाम में फंसना पड़ता है। इससे एम्बुलेंस में सवार मरीजों को खासी परेशानी होती है। कुडू सिएचसी के एंबुलेंस चालक अताउल्लाह अंसारी रिंकू ने बताया कि टोल कर्मियों द्वारा गंभीर मरीज़ों को ले जाने के क्रम में एंबुलेंस को रोककर बेवजह समय बर्बाद करवाया जाता है। कभी एंबुलेंस का निबंधन तो कभी फ़ास्ट टैग की मांग की जाती है। और बाद में अस्पताल की पर्ची और लॉग बुक दिखाने के बाद जाने दिया जाता है। लेकिन ये सब करने में हर बार दस से 15 मिनट निकल जाते हैं। व्यर्थ में बर्बाद किया गया यही 15 मिनट गंभीर मरीज़ों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। तो क्या एक इंसान की उखड़ती सांसों को जोड़ने के लिए मरीजों को लेकर इस मार्ग से होकर गुजरने वाले एंबुलेंस की राह में रुकावट बनने का काम कर रहा है मांडर टोल प्लाजा? गौर तलब है कि एनएचएआई के दिशा निर्देशों के अनुसार टोल प्लाजा के दोनों ओर एक - एक लेन फ्री वाहनों के लिए आरक्षित होना चाहिए।

लेकिन इसके विपरीत मांडर टोल प्लाजा पर तमाम दिशा निर्देश की अनदेखी कर नियमों की धज्जियां उडाते हुए सभी लेन का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। जिसका नतीजा यह होता है कि टोल से गुजरने वाले एंबुलेंस भी फंस जाते हैं। जिम्मेवारों को इसपर लगाम लगाने की आवश्यकता है। इस संबन्ध में सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो से बात करने पर उंन्होने बताया कि ये सभी को मालुम है कि एंबुलेंस का काम मरीजों को अस्पताल पहुंचाना होता है और किसी भी व्यक्ति को इस प्रक्रिया में बाधा नहीं डालनी चाहिए। एंबुलेंस को रोकना कानूनी रूप से गलत है।

### एक बार फिर गजराजों की धमक से दहशत में ग्रामीण

# बढ़मारा में 19 हाथियों के समूह ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखण्ड इलाके में एक बार फिर गजराजो के समूह के दस्तक से ग्रामीणों में भय व दहशत व्याप्त हो गया है। शुक्रवार की रात प्रखंड के बढ़मारा गांव में लगभग 19 जंगली हाथियों का समूह पहुंचकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। हाथियों ने किसान राजेंद्र उरांव का खेत में किए गए बोरिंग का स्टाटर, मशीन आदि को क्षतिग्रस्त कर लगभग एक एकड़ में लगे सब्जी खेती को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। शिव सहाय उरांव का दो खेत में लगे कटनी को तैयार गेहूं की फसल को रौंद डाला। ज्योतिष के खेत में लगे टमाटर को भी रौंदकर बर्बाद कर दिया। हाथियों के एक बार फिर इलाके में विचरण से गांव के लोग दहशत में है । ग्रामीण रतजगा कर हाथियों भगाने के लिए मजबूर है। शनिवार को हाथियों का समूह राहे पहाड़ में अड्डा जमाए हुए था। ग्रामीणों ने बताया कि दिन में हाथियों का समूह जंगलों में रहते है और शाम होते ही हाथियों का दल नजदीकी गांवो और खेतों में पहुंचकर तांडव मचाते है। वन विभाग हाथियों को इलाके से खदेड़ने में नाकाम साबित हो रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### बागवानी के लिये गड्ढा खुदाई का कार्य शीघ्र प्रारंभ करें : बीडीओ



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ बैठक आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मनरेगा योजना को गति देने के विषय पर चर्चा किया गया। वही बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि 3 मई से 10 मई तक प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी लगाने के लिये गड्ढा खुदाई का कार्य पूर्ण करें साथ ही उन्होंने कहा कि 2022-23 की पूर्ण योजना का मापी पुस्तक तैयार अभिलेख को बंद करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अबुआ आवास योजना के अंतर्गत जॉब कार्ड धारी मजदुर को ही मजदुरी दिलाने का निर्देश देते हुए कहा कि कुआं निर्माण कार्य को गति दे परन्तु कुंवा खुदाई में जरूर सावधानी बरतें साथ ही सभी पंचायत के पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक दिन क्षेत्र भ्रमण कर योजना स्थल का निरीक्षण करते रहें। आदेश मिलते ही बदला पंचायत में आम बागवानी लगाने के लिये गड्ढा खुदाई का कार्य प्रारंभ किया गया है।

### कुएं में मिला वृद्ध का शव, गांव में पसरा सन्नाटा, जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की गांव में शनिवार को एक कुएं में वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 80 वर्षीय नारायण उरांव, पिता स्व. पदुमन उरांव, निवासी मुर्की गांव के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना से परिजनों में मातम छा गया और गांव में सन्नाटा पसर गया। घटना की जानकारी मिलते ही सेन्हा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकाल पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल, लोहरदगा भेजा। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, नारायण उरांव की मानसिक स्थिति बीते कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। बताया गया कि उन्होंने पूर्व में भी आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की थी, परंतु सफल नहीं हो सके। शनिवार को जब वे अकेले थे, तब कुएं में कूद गए, जिससे डूबने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

### शंख नदी पुल के पास ऑटो- स्कूटी में हुई भीषण टक्कर, स्कूटी सवार युवक की हुई मौत

**लोहरदगा।** शहर में शनिवार शाम क़ो एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। शंख नदी पुल के पास ऑटो और स्कूटी के बीच आमने-सामने की टक्कर में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल युवक को आनन-फानन में लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद युवक को नहीं बचाया जा सका। मृतक की पहचान राजा कुमार लकड़ा के 19 वर्षीय पुत्र, विकास लकड़ा के रूप में हुई है। युवक की मौत की पुष्टि अस्पताल में मौजूद डॉक्टर आर.पी. साहू ने की। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा काफी तेज रफ्तार में हुई टक्कर के कारण हुआ। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटे और तुरंत युवक को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शंख नदी पुल के पास ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूत किया जाए और वहां पर गति नियंत्रण के उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अंबेडकर नगर में भाजपा का जनसंपर्क अभियान, कांग्रेस पर साधा निशाना



**लोहरदगा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके सम्मान की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत शनिवार को अंबेडकर नगर समेत लोहरदगा के अन्य हिस्सों में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू एवं नगर संयोजक सत्यम कुमार ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद कर डॉ. अंबेडकर के विचारों, योगदान और उनके सामाजिक न्याय संबंधी दृष्टिकोण पर चर्चा की।कार्यकर्ताओं ने लोगों को बताया कि डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न देने का निर्णय भाजपा समर्थित वी.पी. सिंह सरकार के कार्यकाल में लिया गया था, जबकि कांग्रेस सरकारों ने वर्षों तक उनके योगदान की अनदेखी की। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि संसद भवन में डॉ. अंबेडकर का चित्र लगाने का प्रस्ताव कांग्रेस ने यह कहकर अस्वीकार कर दिया था कि "संसद में जगह नहीं है", जो उनके प्रति कांग्रेस के दृष्टिकोण को दर्शाता है।कार्यकर्ताओं ने बताया कि भाजपा के लिए सामाजिक न्याय केवल नारा नहीं, बल्कि नीतिगत प्रतिबद्धता है, जिसे पार्टी पूरी गंभीरता से निभा रही है।

**संविधान को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप :** जनसंपर्क के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर यह भी आरोप लगाया कि वह संविधान को लेकर जनता के बीच जानबूझकर भ्रम फैला रही है। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि भाजपा संविधान की मूल भावना और डॉ. अंबेडकर के आदर्शों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा, "भाजपा डॉ. अंबेडकर के विचारों को न केवल याद करती है, बल्कि उन्हें व्यवहार में लाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य करती है। डॉ. अंबेडकर किसी एक विचारधारा या दल के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रेरणास्त्रोत हैं।"

### लोहरदगा न्यायमंडल अनुभा रावत चौधरी ने विधिक जागरूकता-सह-सशक्तिकरण शिविर में कहा

# लोहरदगा जिले को मिला न्याय भवन

- मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं
- जिले में न्यायाधीश की कमी को दूर करने की पहल की जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता**





**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा विधिक जागरूकता-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन आज व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा में किया गया। शिविर का शुभारंभ न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी, न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय-सह-प्रशासनिक न्यायाधीश, लोहरदगा न्यायमण्डल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इससे पूर्व न्यायमूर्ति द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में नये न्यायालय भवन का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति ने संबोधित करते हुए कहा कि आज लोहरदगा जिला के महत्वपूर्ण दिन है। आज लोहरदगा जिला को नया न्यायालय भवन मिला है। वहीं दूसरी ओर इस कार्यक्रम में आमजनों को डालसा और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधिक जागरूकता और सशक्तिकरण शिविर का लाभ मिल रहा है। आज लोहरदगा जिला को जो नया न्यायालय भवन मिला है, आशा है कि यहां हमेशा न्याय का दीप जलता रहेगा। न्यायिक उद्देश्यों की पूर्ति होती रहे। अभी 12 न्याय भवन में से आठ पूर्ण हो चुके और अन्य चार न्याय भवनों का कार्य प्रगति पर है। भवन प्रमंडल, लोहरदगा जल्दी इसे पूरा करे। न्याय भवन में न्यायिक पदाधिकारियों और आम जनता को काफी सुविधाएं मिलेंगी। न्यायमूर्ति ने कहा कि लोहरदगा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा जानकारी दी गई कि जिला में सिविल वाद के दो हजार से भी अधिक मामले न्यायालय में लंबित हैं। जिला में न्यायाधीश की कमी है। लेकिन उस कमी को भी दूर करने की पहल की जाएगी। इस संबंध में लोहरदगा जिला बार एसोसिएषन एक प्रस्ताव बना कर दे ताकि उस प्रस्ताव को मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय के समक्ष रखा जा सके। जो भी न्यायाधीश यहां प्रभार में हैं वे लंबित मामलों का निष्पादन करें।

कार्यक्रम में रंजना अस्थाना, सदस्य सचिव, झालसा रांची, सुभाष, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, एडीजे-I स्वयंभू, एडीजे- नीरजा आसरी, सीजेएम लोहरदगा के के मिश्रा, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अभिषेक कुमार, एसडीजेएम-सह-जज इंचार्ज, रजिस्ट्रार, व्यवहार न्यायालय अमित कुमार गुप्ता, सिविल जज (जूनियर डिवीजन)-सह-पीएमजेजेबी जया स्मिता कुजूर, डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष डालसा लोहरदगा, हारिस बिन जमां, पुलिस अधीक्षक-सह-सदस्य डालसा लोहरदगा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डालसा सचिव राजेश कुमार समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी व प्रशासनिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

#### नए बार भवन में होगी लाइब्रेरी की सुविधा

न्यायमूर्ति ने कहा कि अधिवक्ताओं के नये बार भवन में अधिवक्ता बैठ सकेंगे। वहां लाइब्रेरी की सुविधा भी मिलेगी जहां न्याय संबंधी अध्ययन करने में आसानी होगी। न्यायमूर्ति ने कहा कि लोहरदगा जिला बॉक्साइट के लिए जाना जाता है। यह इसके लिए विश्व विख्यात जिला है। इस जिला में शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं को आगे ले जाने में काफी संभावनाएं हैं। यहां के बच्चों में काफी कुछ करने की संभावनाएं हैं जिसे अवसर देने की जरूरत है। बच्चे नीट व इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे जा सकते हैं। खेल के क्षेत्र में जा सकते हैं। वन क्षेत्र को बढ़ाने की आवश्यकता है। आज के विधिक जागरूकता-सह-सशक्तिकरण शिविर का लाभ उठा रहे लाभार्थी इस अवसर का लाभ उठाएं और इस बारे अपने संपर्क में आने वालों को भी बताएं।

#### नए भवन में न्यायिक व प्रशासनिक सुविधाएं मिलेंगी : पीडीजे

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा ने कहा कि नये न्याय भवन में न्यायिक और प्रशासनिक सुविधाएं मिलेंगी। सभी के उत्थान के लिए यह न्यायालय प्रतिबद्ध है। यह न्याय भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यहां की आधारभूत संरचना सुदृढ़ है। कार्यक्रम में लोहरदगा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी ने कहा कि जिला में नया न्याय भवन बन चुका है जहां 12 न्यायिक पदाधिकारी अपना कार्य कर सकेंगे। माननीय न्यायाधीश एसएन प्रसाद की पहल पर जिला बार भवन मिला जहां एक बार में 40 अधिवक्तागण बैठ सकेंगे। वर्ष 2026 तक इस बार भवन में एक बार में सौ अधिवक्तागण बैठ सकेंगे। श्री पुजारी ने कहा कि जिला में न्यायिक पदाधिकारियों की कमी है जिसके कारण सिविल वाद के मामले कई वर्षों से लंबित हैं। वादियों को जल्द से जल्द न्याय मिलना चाहिए जिसके लिए न्यायिक पदाधिकारियों की आवश्यकता है।

#### ई-सेवा केंद्र का उद्घाटन

कार्यक्रम में न्यायमूर्ति द्वारा ई-सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग, हिण्डाल्को, ग्रामीण विकास विभाग (जेएसएलपीएस), मण्डल कारा, शिक्षा विभाग, डालसा लोहरदगा, समाज कल्याण विभाग और डीएवी लोहरदगा के लीगल लिटरेसी क्लब के द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया गया और सराहना की गई।

#### परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

कार्यक्रम में न्यायमूर्ति व अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इनमें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत पूनम उरांव को 22 लाख रु, सुदर्षन कुमार को 24 लाख रु, तिलेंद्र उरांव 9.5 लाख रु और अमनदीप को 9.40 लाख रु का चेक प्रदान किया गया। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की लाभार्थी रिया उरांव, पूजा उरांव, शिवानी कुजूर और सुभांति उरांव को छात्रवृत्ति राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों में सहायिका पद के लिए फूलमंती कुमारी, ऋतु कुमारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। गोदभराई की रस्म में रस्ती कुजूर और सविता कच्छप की गोदभराई रस्म माननीय न्यायमूर्ति द्वारा करायी गई। इसी प्रकार दो बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। सीमा कुमारी को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। नीलू उरांव को अबुआ आवास योजना के तहत अपने आवास का गृह प्रवेश कराया गया। अगनू उरांव और महेश उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

# लोहरदगा साइडिंग चालू करने की मांग को लेकर श्रमिकों का प्रदर्शन, हिंडालको गेट पर जड़ा ताला

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** झारखंड बॉक्साइट श्रमिक संघ के नेतृत्व में शनिवार क़ो लोहरदगा साइडिंग को पुनः चालू करने की मांग को लेकर श्रमिकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन साइडिंग से शुरू होकर रोपवे को बंद करते हुए बाबा मठ होते हुए हिंडालको गेट तक पहुंचा, जहाँ गेट को जाम कर दिया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री रामचन्द्र गोप ने कहा कि "प्रदूषण का बहाना बनाकर लोहरदगा साइडिंग को बंद किया गया है, जबकि रोपवे और शहर के बीच से गुजरने वाली हजारों बॉक्साइट लदी गाड़ियों से भी प्रदूषण फैल रहा है।" उन्होंने कहा कि "आज तक प्रदूषण के कारण कोई गंभीर बीमार नहीं पड़ा और न ही कोई नुकसान हुआ, फिर भी साइडिंग को बंद कर मजदूरों का रोज़गार छीन लिया गया।" उन्होंने आगे चेतावनी दी कि यदि साइडिंग को जल्द शुरू नहीं किया गया, तो मजदूर सड़क पर बैठकर विरोध करेंगे और बॉक्साइट गाड़ियों को लोहरदगा से आगे नहीं जाने दिया जाएगा। रामचन्द्र गोप ने यह भी आरोप लगाया कि "हिंडालको कंपनी सरकार के दबाव की बात कहकर साइडिंग को बंद कर रही है, तो फिर रोपवे क्यों चालू है? आज साइडिंग में कार्यरत 250 से अधिक मजदूर बेरोजगार हो गए हैं, बच्चों की पढ़ाई छूट गई है और लोग भुखमरी के कगार पर हैं, लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है।" प्रदर्शन के दौरान हिंडालको कंपनी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि या तो साइडिंग को शीघ्र चालू किया जाए, सभी मजदूरों को रोजगार दिया जाए, या फिर रोपवे को भी बंद किया जाए। प्रदर्शन को किशोर भगत, ननका अंसारी, देवठान उरांव, रोपा उरांव, टेमना महली, और शुख शांति उरांव सहित कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।


## कार्यालय अंचल अधिकारी, कुडू

**शुद्धि पत्र**

सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्रांक 270(i) / दिनांक 24.04.2025 के द्वारा अतिअल्पकालीन नीलामी हेतु प्रकाशित की गई थी जिसका PR No. 351431 (Lohardaga) 25-26 (D) है, जिसमे नीलामी की तिथि भूल वश अंकित नही हो पाई थी। अतः नीलामी की तिथि 08.05.2025 समझा जाय।

अंचल अधिकारी,
कुडू (लोहरदगा)

PR 351601 Lohardaga (25-26)_D


# सभी कार्यों का निष्पादन तय समय सीमा पर हो : राजीव

- शिक्षकों को दी समयबद्ध कार्यों को करने की नसीहत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** प्रखंड के नव पदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) राजीव रंजन का स्वागत राजकीय मध्य विद्यालय लोहरदगा परिसर में आयोजित गुरु गोष्ठी समारोह के दौरान किया गया। इस अवसर पर मध्य विद्यालय पावरगंज की प्राचार्या मीरा खलखो एवं शिक्षक प्रतिनिधि मुमताज अहमद ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। समारोह में बीईईओ राजीव रंजन ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ज्ञान के पथ प्रदर्शक होते हैं और उन्हें वर्तमान डिजिटल युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन व ऑफलाइन कार्यों को समय पर निष्पादित करना चाहिए। उन्होंने उल्लास कार्यक्रम, एस-1 व एस-2 रिजल्ट अपलोड, एनीमिया दवा वितरण, कोटिवार छात्र संख्या अद्यतन, टीएन परीक्षा, ईको लॉगिन, रुआर कार्यक्रम, प्रयास रिपोर्ट, सोशल ऑडिट, एमडीएम उपयोगिता रिपोर्ट आदि कार्यों को समय पर पूर्ण कर बीआरसी में जमा करने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षक शैलेंद्र सुमन ने बीईईओ को भरोसा दिलाया कि सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान हैं और आगे भी समय की पाबंदी के साथ कार्य करेंगे। वहीं शिक्षक मुमताज अहमद ने कई विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की समस्या को सामने रखा। नवादीपाड़ा विद्यालय के प्राचार्य अरुण राम ने पीएमश्री, सीएम उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालय मूल्यांकन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त की। बीपीओ मंजू देवी, बीआरपी नंदिता कुमारी, सीआरपी जितेंद्र मित्तल सहित अन्य शिक्षकों व समन्वयकों ने भी आवश्यक जानकारी साझा की। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर पवन कुमार, सीआरपी पूर्णकाम, नीलू गोयल, एमडीएम ऑपरेटर निशा कुमारी, त्रिसंधा, संयुक्ता प्रजापति, श्याम सिंह, अनंत शर्मा, धीरज पटेल, एमडीम ऑपरेटर निशा कुमारी, शिक्षक विजय कुमार दास, सुजीत रजक, मोजमिल अंसारी, वीरेंद्र यादव, सुबोध सेन गुप्ता, मंजू कुमारी, गणेश प्रसाद, नवनीत गौड़ जयधर कुमार, रीता भगत, आरिफ अख्तर, उमा गाड़ी, प्रधानाध्यापक मीरा खलखो सहित सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षक और बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,चतरा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/05/2024-25/RE-03**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा जिलान्तर्गत प्रखण्ड पत्थलगडडा पंचायत सिंघानी में परसोनिया नदी में पुल निर्माण। | 5,40,86,200.00 | 10,82,000.00 | 10,000.00 | 24 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –**07.05.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–**07.05.2025** से दिनांक–**16.05.2025** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **19.05.2025** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

PR 351596 Rural Development(25-26).D

## न्यूज बॉक्स

### पालकोट में वाहन जांच अभियान, लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट थाना परिसर के समीप शनिवार को सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत पालकोट पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों के दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई और वाहन चालकों को सुरक्षा नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। जांच अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों से कहा कि वे हमेशा वाहन से संबंधित वैध कागजात जैसे—ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा एवं पॉल्यूशन सर्टिफिकेट साथ रखें। साथ ही यह भी अपील की गई कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाना चाहिए ताकि खुद की और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस अभियान में पालकोट थाना की महिला पुलिसकर्मियों की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिससे लोगों में जागरूकता का सकारात्मक संदेश गया। पालकोट पुलिस का यह प्रयास क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय कदम माना जा रहा है।

### दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार बाइक से गिरने से युवकों की मौत, एक घायल

**भरनो।** भरनो-चट्टी मुख्य मार्ग पर अमलिया जंगल के पास शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में अमलिया बांधटोली निवासी 18 वर्षीय इलियास बेक की मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। तेज रफ्तार और नियंत्रण खोने की वजह से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे के वक्त दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे इलियास को सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी जान चली गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलियास को मृत घोषित कर दिया। घायल युवक का इलाज जारी है। शनिवार सुबह भरनो पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सादर अस्पताल, गुमला भेज दिया।

### आरोपी के घर पर एएचटीयू थाने की कार्रवाई ढोल-नगाड़े के साथ इश्तहार का तामील

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के प्रेमनगर के समीप मंगलवार को एएचटीयू महिला थाना, खूंटी द्वारा कांड संख्या 01/22 के अभियुक्त संजय लोहरा के घर पर ढोल-नगाड़ा बजाते हुए इश्तहार तामील किया गया। साथ ही बस स्टैंड में ग्रामीणों के बीच इश्तहार लगाया गया।कश्मीरइस कार्रवाई में चैनपुर थाना के एसआई विजय कुमार उरांव एवं उनकी टीम के जवान उपस्थित थे। एएचटीयू महिला थाना की एसआई आरती लकड़ा ने बताया कि संजय लोहरा, जो कि स्वर्गीय छोटन लोहरा के पुत्र हैं, धारा 370 (4), 374/34 भारतीय दंड विधान के अंतर्गत अभियुक्त हैं। पुलिस प्रशासन ने संजय लोहरा को एक महीने के अंदर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके घर को कुर्क किया जाएगा। यह कार्रवाई अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है, ताकि कानून व्यवस्था में सुधार और समर्पण की प्रक्रिया को लागू किया जा सके।इस इश्तहार तामील ने स्थानीय जनता का ध्यान आकर्षित किया और इस प्रकार की कार्रवाई को देखकर समुदाय में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने की उम्मीद की जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी के लिए थाने से संपर्क करें और न्यायपालिका की प्रक्रिया में सहयोग करें।

### चौक टांगरा के पास हाईवे पर पड़ा क्षतिग्रस्त ट्रक बना खतरा, दुर्घटना की आशंका



**पालकोट।** पालकोट-बघिमा मार्ग के जंगल क्षेत्र में स्थित काली मंदिर के पीछे चौक टांगरा के समीप नेशनल हाईवे पर बीते दिनों हुए सड़क हादसे के बाद से एक क्षतिग्रस्त ट्रक अब भी सड़क किनारे पड़ा हुआ है, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व इस स्थान पर दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हुई थी, जिससे दोनों वाहन जलकर खाक हो गए थे। इस दुर्घटना में एक चालक की मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई थी। नेशनल मीडिया में खबर चलने के बाद एक क्षतिग्रस्त ट्रक को तो हटा दिया गया, लेकिन दूसरा ट्रक अब भी वहीं पड़ा है, जिससे सड़क पर वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त स्थान पर सड़क सिंगल लेन में सिमट जाती है और मोड़ के कारण आगे की दृश्यता भी कम हो जाती है, जिससे आने-जाने वाले वाहन चालकों को खतरा बना रहता है। यदि समय रहते प्रशासन इस क्षतिग्रस्त ट्रक को नहीं हटाता है, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उक्त ट्रक को मौके से हटवाया जाए ताकि भविष्य में किसी दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो और आम जनजीवन सुरक्षित रह सके।

### कुरूमगढ़ वन क्षेत्र में अवैध कटाई पर शिकंजा, वन विभाग की कार्रवाई



**जारी।** कुरूमगढ़ वन क्षेत्र में तिगरा गोविंदपुर जंगल से अवैध कटाई की गतिविधियों पर वन विभाग ने सख्ती बरती है। हाल ही में वन विभाग की टीम ने छोटे-छोटे पौधों की कटाई के मामले में कार्रवाई करते हुए कई ग्रामीणों को पकड़ा, जो इन पौधों को जलवान (जलाने के लिए) ले जा रहे थे।जानकारी के अनुसार, वन विभाग ने इस दौरान अवैध कटाई में उपयोग किए जाने वाले हथियारों को भी जप्त किया। वन क्षेत्र के वन पाल चंद्रेश उरांव ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए ग्रामीणों को चेतावनी दी कि वे सूखे वृक्षों को जलवान के लिए ले जा सकते हैं, लेकिन छोटे-छोटे पेड़ों का कटाव गैर-कानूनी है। उन्होंने बताया कि यदि अगले बार ऐसे मामले में कोई ग्रामीण पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।चंद्रेश उरांव ने कहा, "हमारा उद्देश्य वन संपदा की रक्षा करना है। हम समझते हैं कि ग्रामीणों की कुछ आवश्यकताएं होती हैं, लेकिन हमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी करना है।" उन्होंने आगे कहा कि वन विभाग ग्रामीणों को जलाऊ लकड़ी के अन्य वैकल्पिक स्त्रोतों के बारे में जानकारी देने का प्रयास करेगा, ताकि वे अवैध कटाई की ओर न बढ़ें।इस मामले के बाद, वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे वन संरक्षण में सहयोग करें और अवैध कटाई की गतिविधियों की सूचना तुरंत उन्हें दें। वन विभाग का यह कदम न केवल वनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह स्थानीय पारिस्थितिकी के लिए भी महत्वपूर्ण है।वन क्षेत्र में लगातार बढ़ती इन गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग कई अन्य उपाय भी अपनाने जा रहा है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को वनों के महत्व और संरक्षण के तरीकों से अवगत कराया जा सके।

# बड़ी कामयाबी : अंतरराज्यीय गिरोह के दो अभियुक्त हुए गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई(गुमला)।** सिसई थाना में दर्ज तीन अलग-अलग मामलों सहित कुल 12 मामलों में संलिप्त अंतरराज्यीय गिरोह के दो अपराधियों को सिसई पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार दोनों अपराधी पित्तु पासवान उर्फ पितू कुमार (30) पिता दीपू पासवान और सोनू कुमार यादव(24) पिता स्व नन्दलाल यादव बिहार राज्य के कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

इस बावत इंस्पेक्टर विनय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि बीते 24 मार्च को घाघरा थाना क्षेत्र की खम्भिया निवासी सरीता देवी द्वारा बैंक से एक लाख रु निकासी कर स्कुटी के डिक्की में रखी थी। अपराधियों द्वारा स्कुटी का डिक्की तोड़कर पैसा चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसका सिसई थाना में काण्ड संख्या- 37/2025 दिनांक 24.03.2025 धारा 303(2) बीएनएस दर्ज किया गया है। पुनः 24 अप्रैल को दो लोगों जिसमें एक महिला का बैंक से रूपए निकाल कर सिसई बाजार में सब्जी खरीदने के दौरान थैले में रखे एक लाख, और उसी दिन अरको गांव निवासी वृद्ध बहुरा उरांव का 70 हजार रुपए अज्ञात अपराधियों द्वारा चोरी कर लिया गया था। जिसका सिसई थाना काण्ड संख्या - 46/2025 दिनांक 24.04.2025 धारा 303 (2) बीएनएस दर्ज किया गया है। ऐसी घटनाएं लगातार गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, पलामू जिला के विभिन्न थानों से मिल रही थी। एसपी गुमला द्वारा इस तरह की घटना को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी शाखा व सिसई पुलिस की एक टीम गठित किया गया। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बैंकों से पैसा निकालने वालों को टारगेट कर पैसा छीनने वाले अंतरराज्यीय कोढ़ा गैंग के दो अपराधियों को जो डाल्टनगंज (पलामू) से घटना को अंजाम देने की नियत से रैकी करने के क्रम में गिरफ्तार किया। गिरोह के दोनों सदस्यों ने पुछताछ में दोनों ने बिहार के कटिहार स्थित कोढ़ा थाना के रहने वाले होने और गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, पलामू जिला के 12 काण्डों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। दोनों अपराधियों के पास से एक फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच09एयू2544) होंडा एसपी साईन मोटरसाइकिल , नगद 21 हजार पांच सौ रुपए, एक की-पैड व एक एंड्रॉयड फोन चार्जर सहित, बैग, विभिन्न बैंकों का पासबुक सहित अन्य रोजमर्रा के सामान बरामद किया गया है। इनके और दो साथी हैं जो पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**छापेमारी दल में :** सिसई थाना के थानेदार संतोष कुमार सिंह, पुअनि प्रमोद कुमार,अजय कुमार, तकनीकी शाखा गुमला के पुअनि अजय कुमार,आरक्षी-285 शुभम कुमार रवि शामिल थे।

### सेमरा जंगल में अवैध गौ तस्करी का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार, ऑटो जब्त

**पालकोट।** पालकोट थाना क्षेत्र के सेमरा जंगल में अवैध रूप से गौवंश ले जा रहे तीन गौ तस्करों को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पालकोट थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, साथ ही गौवंश ले जाने में प्रयुक्त ऑटो को भी जब्त कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में मुस्लिम खान और सरवर बक्स (दोनों फोरी, थाना टोटो) तथा ऑटो चालक जनकु नायक (बघिमा कॉलोनी) शामिल हैं। ये सभी एक ऑटो में अवैध रूप से गौवंश को ले जा रहे थे।

## महिला उद्यमिता को गति देने के लिए 'उज्जना बिज्जना योजना' पर विशेष बैठक

# डीसी ने दिए ई-मार्केट से जोड़ने व अंतरराष्ट्रीय विस्तार के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक ठोस कदम उठाते हुए आज दिनांक 03 मई 2025 को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में 'उज्जना बिज्जना योजना' के तहत एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महिला स्वयं सहायता समूहों और नवगठित एफपीओ द्वारा संचालित उत्पादों एवं आजीविका परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई, साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और लाभकारी व्यवसाय में बदलने की रणनीति पर गहन चर्चा हुई।

बैठक में उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि जोहार रागी, कस्तूरी मक्का, सुपरनोवा सेनेटरी पैड, पोल्ट्री मीट, सरसों तेल जैसे उत्पाद न सिर्फ जिले की पहचान बनते जा रहे हैं, बल्कि महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने इन उत्पादों को अमेज़न, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकी और अपना मार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर पहुँचाकर बाजार का विस्तार करने पर संतोष व्यक्त किया और निर्देश दिया कि 25 मई 2025 तक जोहार रागी के अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट की प्रक्रिया पूरी की जाए। सुपरनोवा पैड की बिक्री बढ़ाने के लिए सभी मेडिकल दुकानों और सखी मंडल की दीदियों को सक्रिय रूप से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक में ई-बिजनेस को मजबूती देने, एफपीओ उत्पादों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने, तथा आम, पलाश और दीदी कैफे जैसी पहलों को प्रशिक्षण एवं बिक्री विश्लेषण के साथ विकसित करने पर विशेष बल दिया गया।

समीक्षा बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि लगभग 30 सफल महिला उद्यमों को चिन्हित कर उन्हें तकनीकी, वित्तीय एवं विपणन सहायता प्रदान की जाएगी ताकि वे मॉडल व्यवसाय के रूप में उभर सकें।

घाघरा एफपीओ रिटेल शॉप, वीडीवीके केंद्रों, गुमला हाट, पोल्ट्री फीड मिल, और अन्य परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई तथा केसीसी ऋण के माध्यम से 150-200 किसानों को पोल्ट्री और अंडा उत्पादन में सहायता देने के निर्देश दिए गए। पोल्ट्री फीड मिल को सौर ऊर्जा से संचालित करने की दिशा में भी सकारात्मक चर्चा हुई। इस बैठक में पीडी आईटीडीए, डीपीओ, डीपीएम जेएसएलपीएस, अविनाश पाठक (प्रदान प्रतिनिधि), रागी मिशन, पोल्ट्री कोऑपरेटिव एवं एफपीओ प्रतिनिधि सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### भरनो में भटका जंगली भालू बना कौतूहल का विषय, 6 घंटे की मशक्कत के बाद वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के कमलपुर गांव में शनिवार सुबह एक जंगली भालू के पहुंचते ही हड़कंप मच गया। भालू जंगल से भटक कर गांव की ओर आ गया था। ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाते हुए उसे दक्षिणी भरनो के पडकीटोली गांव की ओर खदेड़ दिया, जहां वह धुचला उरांव के एक पतरा (जंगली झाड़ी) में जाकर छिप गया। भालू को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग भालू को झाड़ी से बाहर निकालने का प्रयास करने लगे, जिससे वह बार-बार उग्र हो कर लोगों की ओर दौड़ने लगा। इस दौरान कई युवक उसे पत्थर मारते और छेड़ते भी नजर आए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। गंभीरता को देखते हुए वन विभाग के बसिया बीट के प्रभारी वनपाल लिबनुस कुल्लू को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 6 सदस्यीय क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंची। टीम ने 6 घंटे की मशक्कत के बाद पटाखे की मदद से भालू को झाड़ी से बाहर निकाल कर सुरक्षित रूप से मारासिली जंगल में पहुंचाया। वनपाल लिबनुस कुल्लू ने बताया कि भालू ने अब तक किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया और ना ही ग्रामीणों द्वारा उसे कोई क्षति पहुंचाई गई। फिलहाल वन विभाग की टीम भालू की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

### तेलंगाना सुरंग हादसे में फंसे मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिला आर्थिक सहायता

**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड सरकार के श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन गुमला ने तेलंगाना सरकार और नागरकुरनूल प्रशासन के सहयोग से एक बड़ी पहल करते हुए शुक्रवार को गुमला समाहरणालय सभागार में तेलंगाना सुरंग हादसे में फंसे गुमला जिले के चारों मजदूरों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। तेलंगाना राज्य से आए प्रशासनिक पदाधिकारियों और उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने यह चेक परिजनों को सौंपा और उन्हें ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि रेस्क्यू अभियान पूरी ताकत से जारी है।

### मुर्गू के चिरैया धाम में लगेगा शिव भक्ति का महासंगम



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड अंतर्गत ऐतिहासिक चिरैया धाम शिवमंदिर, मुर्गू में 11 मई से 17 मई 2025 तक सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का दिव्य आयोजन होने जा रहा है। इस आध्यात्मिक आयोजन की तैयारियाँ युद्धस्तर पर जारी हैं। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर करीब पाँच लाख श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।

कार्यक्रम का शुभारंभ 10 मई को प्रातः 1,51,000 श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा से होगा, जो पूरे क्षेत्र को धर्ममय बना देगा। मुख्य कथा वाचन देश के प्रसिद्ध शिव कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सिरहोर, मध्य प्रदेश) द्वारा किया जाएगा, जो प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। झारखंड सहित बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर प्रदेश से भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना है।

**धार्मिक आयोजन के साथ लगेगा विशाल मेला :** श्रद्धालुओं की सुविधा और बच्चों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर झूले, ब्रेक डांस, ड्रैगन ट्रेन, मिठाइयों एवं घरेलू सामानों की दर्जनों दुकानें लगाई जाएंगी, जिससे वातावरण में भक्तिभाव के साथ उल्लास का भी रंग घुलेगा।

**राज्यपाल को सौंपा गया आमंत्रण, 13 मई के बाद आने की संभावना :** कार्यक्रम के आमंत्रण हेतु तपेश्वर महाकाल सेवा ट्रस्ट एवं श्री त्रिकालदर्शी सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के महामहिम राज्यपाल श्री संतोष गंगवार से राजभवन में भेंट की। महामहिम को कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र सौंपते हुए उनसे पधारने का आग्रह किया गया।

### झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण, समस्याओं से हुए अवगत

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय कातिंग में शुक्रवार को चैनपुर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, और कातिंग पंचायत की मुखिया मधुरा मिंज ने एक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की विभिन्न समस्याओं का अवलोकन किया और बच्चों से बातचीत की।निरीक्षण के दौरान, वार्डन से विद्यालय की वास्तु स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने पाया कि मुख्य सड़क से विद्यालय तक पहुँचने वाली सड़क की स्थिति खराब है। इसके अलावा, विद्यालय की चारदीवारी में तार नहीं लगने की समस्या और मिडडे मील योजना के तहत खाद्य सामग्री की सही आपूर्ति नहीं होने की जानकारी भी सामने आई। बच्चों को पीने के पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है, और विद्यालय की भवन में भी दरारें आई हुई हैं। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, "आप अपनी प्रतिभा को दिखाएं और चैनपुर का नाम रोशन करें।" उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय में सुविधाओं की कमी है, जबकि शिक्षा की व्यवस्था थोड़ी बेहतर है। मुखिया शोभा देवी ने इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात करने का आश्वासन दिया और कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है, तो वे उच्च अधिकारियों से मिलकर इस मुद्दे को उठाएंगी। वहीं, कातिंग पंचायत की मुखिया मधुरा मिंज ने भी इस विषय पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि वे समस्या की विस्तृत जानकारी के साथ इसे मीडिया के माध्यम से उजागर करेंगी।

### पालकोट का निर्झर झरना चमका, धोबी समाज के युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**पालकोट।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत पंपापुर स्थित ऋष्यमूक पर्वत की तराई में स्थित अति प्राचीन एवं प्राकृतिक धरोहर निर्झर झरना में शुक्रवार को धोबी समाज पालकोट के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाज के युवाओं ने गर्मी के इस मौसम में पालकोटवासियों को स्वच्छ और स्वादिष्ट पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे दिन श्रमदान कर झरने और उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई की। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के दर्जनों युवाओं ने सामूहिक निर्णय लेकर कुदाल, गैंती, बाल्टी आदि लेकर निर्झर झरना पहुंचकर स्वच्छता कार्य में जुट गए। उन्होंने न केवल झरने की सफाई की, बल्कि झरने के पानी की शुद्धता बनाए रखने के लिए चुना और फिटकिरी का छिड़काव भी किया।

## रेफरल अस्पताल सिसई के सभागार में सी वाई टीबी टेस्ट पर व्यापक प्रशिक्षण आयोजित

# टीबी उन्मूलन की दिशा में सशक्त पहल

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** टीबी जैसे संक्रामक रोग की रोकथाम और समय पर पहचान के उद्देश्य से रेफरल अस्पताल सिसई के सभागार में सी वाई टीबी टेस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सिसई प्रखंड के सभी सी एच ओ एवं सभी ए एन एम को दिया गया, जिससे वे प्रखंड स्तर पर टीबी के संभावित मामलों की शीघ्र जांच और रिपोर्टिंग सुनिश्चित कर सकें। प्रशिक्षण का विधिवत उद्घाटन सिसई रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ललिता कुमारी मिंज के द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की सी वाई टीबी टेस्ट टीबी की शुरुआती पहचान के लिए एक सटीक और आधुनिक जांच प्रणाली है, जिसके माध्यम से हम जिला एवं प्रखंड स्तर पर संक्रमण के संभावित स्त्रोतों की पहचान कर पाएंगे। यह टेस्ट असुरक्षित समूहों में टीबी नियंत्रण के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा।

कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अनुभवी एसटीएलएस गुमला के राजेश उराँव, एसटीएलएस भरनो के एहसान अहमदम, एसटीएस सिसई के शिवनारायण सिंह एवं प्रशिक्षण प्राप्त सीएचो शिवनाथपुर अलका रानी तिग्गा, जमगई सीएचो लीलावती कुमारी, टीम द्वारा उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को तकनीकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अलका रानी तिग्गा ने सी वाई टीबी टेस्ट की प्रक्रिया, सैंपल संग्रहण, जांच के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, संक्रमण से बचाव तथा रिपोर्टिंग प्रणाली पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने इस टेस्ट को लेकर समुदाय में जागरूकता फैलाने और सही तकनीक अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

अलका रानी तिग्गा ने वैक्सीन और टेस्ट किट के सुरक्षित भंडारण एवं परिवहन के मानकों पर भी विशेष चर्चा की, ताकि स्वास्थ्य केंद्रों तक संसाधनों की गुणवत्ता बनी रहे और जांच सटीक हो सके।

प्रशिक्षण के दौरान यह जानकारी भी दी गई कि सी वाई टीबी टेस्ट की किट राज्य स्तर से जिला को प्राप्त हो चुकी है, और सभी प्रखंडों में इसका आवंटन कर दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त सीएचओ और एएनएम अब अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर एएनएम स्तर पर पुनः प्रशिक्षण देंगे, ताकि मई माह के अंत तक पूरे सिसई प्रखंड में टीबी स्क्रीनिंग का कार्य प्रारंभ किया जा सके। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ललिता कुमारी मिंज के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य महत्त्वपूर्ण हस्तियों की भी उपस्थिति रही। सभी प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को उपयोगी और व्यवहारिक बताया। यह पहल जिले में टीबी उन्मूलन मिशन को नई गति देने में मील का पत्थर साबित होगी, जिससे असुरक्षित एवं पिछड़े क्षेत्रों में टीबी जैसी बीमारी की जड़ तक पहुंचना संभव हो सकेगा।


**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू**

प्रेस विज्ञप्ति

सामग्रियों की नीलामी हेतु अल्पकालीन सूचना :–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक–1393/आपूर्ति, दिनांक–05.07.2024 द्वारा पूर्व में प्रकाशित निविदा को तकनीकी खामी के कारण रद्द करते हुए सामग्री के नीलामी हेतु इच्छुक क्रेता/खरीदार से निविदा की मांग की जाती है। नीलामी हेतु रद्दीकृत सामग्रियों की सूची निम्नवत् है :–

| क्रमांक | समानों का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | हमीफलक्रम | 01 |
| 2. | चैन टेकल | 02 |
| 3. | वायर गज | 01 |
| 4. | मोंची का निहाई | 01 |
| 5. | लोहे का रेक बड़ा | 17 |
| 6. | लोहे का रेक छोटा | 06 |
| 7. | लोहे का रेक तीन खाना | 01 |
| 8. | लकड़ी का रेक बड़ा | 04 |
| 9. | गोदरेज अलमीरा बड़ा | 02 |
| 10. | गोदरेज अलमीरा छोटा | 05 |
| 11. | तावा बड़ा | 12 |
| 12. | तावा छोटा | 04 |
| 13. | चेमरन स्टिक | 29 |
| 14. | चूटा | 17 |
| 15. | बेसिन लैट्रिंग | 02 |
| 16. | घण्टा पाइप | 03 |
| 17. | घण्टा | 01 |
| 18. | झंझरा छोटा | 04 |
| 19. | झंझरा बडा | 07 |
| 20. | डब्बू कल्छूल बड़ा | 05 |
| 21. | छोलनी बड़ा | 02 |
| 22. | छोलनी छोटा | 05 |
| 23. | रायफल सिलिंग रड | 11 |
| 24. | ट्रैफिक हेलमेट | 22 |
| 25. | पीतल परात बड़ा | 01 |
| 26. | पीतल परात छोटा | 05 |
| 27. | कढ़ाही बड़ा | 10 |
| 28. | कढ़ाही छोटा | 07 |
| 29. | खल्ल | 02 |
| 30. | थरमाहाईट मीटर | 01 |
| 31. | हण्डा बड़ा | 06 |
| 32. | ढक्कन बड़ा | 06 |
| 33. | हण्डा छोटा ढक्कन सहित | 02 |
| 34. | मैगजीन स्टैंड | 01 |
| 35. | गालीज | 97 |
| 36. | वी0आई0पी0 गोदरेज टेबुल | 10 |
| 37. | ऑटो कटस्टेप्लाईजर | 01 |
| 38. | ओटोमेटिक स्टेप्लाईजर | 01 |
| 39. | लकड़ी का अलमीरा | 02 |
| 40. | लकड़ी का रेक छोटा | 01 |
| 41. | सीढ़ी बड़ा | 07 |
| 42. | हॉकी स्टिक | 35 |
| 43. | बिगुल | 01 |
| 44. | टेबुल पुराना | 01 |
| 45. | टेबुल लकड़ी का | 05 |
| 46. | लकड़ी का कुर्सी | 09 |
| 47. | बक्सा बड़ा | 01 |
| 48. | बक्सा छोटा | 01 |
| 49. | कूलर | 01 |
| 50. | कैष बॉक्स | 01 |
| 51. | लोहे का फहसुल | 01 |
| 52. | कुदाल | 02 |
| 53. | स्वतंत्रतापदक | 2735 |
| 54. | फायरबाल्टी | 02 |
| 55. | रायफल बैनेट फ्रॉक | 647 |
| 56. | जनरेटर 05 kb | 01 |
| 57. | ताला | 09 |
| 58. | छेनी | 01 |
| 59. | ऑल बोतल ब्रश | 07 |
| 60. | फुल थ्रू कोड डब्बल | 19 |
| 61. | फुल थ्रू कोड सिंगल | 283 |
| 62. | ऑफिर टेबुल | 01 |
| 63. | स्टुल उडेन | 04 |
| 64. | रिक्को फोटो कॉपी मशीन | 01 |
| 65. | ऑल–इन–वनकम्प्यूटर | 01 |
| 66. | प्रिंटर | 01 |
| 67. | फैक्स मशीन | 01 |
| 68. | पीतल लोटा | 251 |

अतः इच्छुक क्रेता/खरीदार कार्यालय अवधि में जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक–13/05/2025 तक रद्दीकृत सामग्री का अवलोकन कर सामग्री का समेकित रूप में अधिकतम मूल्य बन्द लिफाफे में अंकित कर अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध निविदा बॉक्स में ही जमा करेंगे।

दिनांक–15/05/2025 को समय 11:00 बजे समिति के सदस्य/क्रेताओं की उपस्थिति में निविदा बॉक्स खोली जायेगी। बन्द लिफाफा में अधिकतम मूल्य अंकित करने वाले क्रेता पूर्ण राशि का भुगतान कर रद्दीकृत सामग्री 03 (तीन) दिन के अन्दर प्राप्त करना सुनिश्चित् करेंगे।

ह0/–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,पलामू

PR 351587 District(25-26).D

# लव यू पापा

प्यारे पापा,

चरण स्पर्श। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप उस लोक में भी इस लोक की तरह ही व्यस्त होंगे और कुछ लिख-पढ़ रहे होंगे। क्योंकि मैंने आप को जीवन भर पढ़ते-लिखते ही देखा है और मुझे पूरा विश्वास है कि वहां आप ने देवराज इंद्र या धर्मराज को भी अपनी कविता सुनाई होगी। मुझे तो ऐसा भी लगता है कि आपने वहां की पत्रिका में अपनी रचना छपने के लिए दे दी होगी। पापा! जब भी मैं आप के साहित्य के प्रति समर्पण के विषय में सोचता हूं तो आश्चर्य चकित रह जाता हूं।



दीपक वर्मा दीप

आपने हिंदी, अंग्रेजी, भोजपुरी और बंगाली भाषा में रचनाएं लिखी। बाण हिंदी परिषद का निर्माण किया, 'स्वर्णिम-प्रभात' नामक पत्रिका निकाली और दादाजी अवध किशोर सहाय वर्मा 'बाण' के महाकाव्य 'चित्तोरोद्धार' एवं अपनी पुस्तक 'वीर जवाहर' का प्रकाशन किया। इतना सारा कार्य उस जमाने में जब सोशल इलेक्ट्रोनिक मीडीया और फेसबुक वगैरह का नामोनिशान न था। मुझे गर्व है कि मैं आपका बेटा हूं। पापा! जब आप हमारे पास थे तो आपको हमेशा ये लगता था कि 'बेटा हमारा बड़ा नाम करेगा'। आपके आशिर्वाद से आपका ये बेटा बड़ा नाम तो नहीं पर थोड़ा बहुत नाम तो कर चुका है।आपको ये जानकर भी बेहद खुशी होगी कि आपकी लाडली पोती भी इस क्षेत्र में आ चुकी है और हाल ही में उसने अपने कॉलेज में एक पोएट्री कंपिटीशन जीता है। आप कहते थे न कि आप की पोती टॉपर है तो उसने यह कर दिखाया। दादा जी को विशेष बधाई। आप स्वर्गलोक में इस खुशी में मिठाईयां बांट सकते हैं। पापा, लोग कहते हैं कि आप नहीं हैं। पर मुझे हमेशा लगता है कि आप यहीं कहीं हैं। कभी मैं आपको मंच पर देखता हूं तो कभी मैं आपको दर्शक दीर्घा में अपनी कविताओं पर तालियां बजाते हुए देखता हूं। कभी अपनी जीत पर आपको इतराते हुए देखता हूं और कभी अपनी हार पर अपना सर सहलाते हुए देखता हूं। मुझे पता है कि भले ही सारी दुनियां मुझसे मुंह फेर ले पर आप मेरा साथ कभी नहीं छोड़ेंगे। पापा, आप तो कहते थे की सभी अच्छे हैं। लेकिन अगर सच कहूं तो मुझे ऐसा नहीं लगता। पता नहीं आप कैसे इस क्षेत्र में जीवन पर्यन्त अजातशत्रु बने रहे। मेरे तो इतने ही दिनों में कई जन्मजात शत्रु बन गए हैं। आजकल साहित्य के क्षेत्र में भी इतनी राजनीति हो गई है कि कभी-कभी मेरा मन ही उचट जाता है। हाँ कुछ अच्छे लोग जरूर हैं पर आप जैसा कोई नहीं है और ये सिर्फ मैं नहीं बल्कि सारा शहर कहता है। यू आर द बेस्ट।

बस अब और ज्यादा क्या लिखूं! बाकी सब यहां कुशल-मंगल है। मैं यहां का मंच संभाल रहा हूं आप वहां का मंच संभालिए। सपने में आप से ज्यादा बात नहीं हो पा रही थी इसलिए मैंने ये पत्र लिखा है। इसे तकिए के नीचे रखकर सो रहा हूं। आप आ कर इसे पढ़िए और सपने में ही आकर चुपके से मेरे सारे सवालों का जवाब और अपना बेशकीमती प्यार दे जाइए। लव यू पापा।



**आपका मुन्ना**

# तूफान, कश्ती और बच्चे....




सुधा गोयल 'नवीन

हम लाए हैं तूफानों से कश्ती निकाल के, इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के। यह गीत गाकर हमने अपने बच्चों के कंधों पर पूरे देश का भार रख दिया है. मासूम, भोले, ईश्वर की सबसे प्यारी रचना के कन्धों पर..... पर क्या कभी हमने सोचा, कि हमने अपने बच्चों को इस काबिल बनाया भी है? उनके कंधों को क्या सचमुच इतना मजबूत बनाया है हमने ? क्या ये कंधे इतने सशक्त हैं ? क्या वे स्वस्थ हैं? क्या वे साक्षर हैं?

हो सकता है कि आप कहें, देश में अनगिनत स्कूल हैं, विद्यालय हैं, यूनिवर्सिटीज हैं, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजेस हैं, तो क्या बच्चे शिक्षित नहीं हो रहे हैं. ?

हो रहे हैं, आप सही भी हैं, परंतु शायदआप कुछ गिने चुने अपर मिडिल क्लास या हायर क्लास के बच्चों की बात कर रहे हैं। यदि अनुपात देखा जाए तो इनकी संख्या बहुत कम है। कोई भी देश थोड़े से गिने चुने व्यक्तियों या बच्चों के साक्षर होने, उन्नति करने से ऊंचाइयां नहीं छू सकता। आज हमें जरूरत है कि हमारी बस्तियों, गांवों और हर गली का एक-एक बच्चा शिक्षित हो, स्वस्थ हो, स्वाभिमानी हो और देश के ऊपर न्योछावर होने की भावना रखता हो।

कल की ही बात है, हमारी गाड़ी का टायर रास्ते में पंचर हो गया था और मैंने अपने ड्राइवर से कहा कि चलो पहले कार का पंचर ठीक करवा लो। वहां मैंने देखा कि एक लगभग दस साल का बच्चा अपनी पूरी ताकत से एक स्कूटर



का चक्का खोलने में लगा हुआ था. वह कमजोर सा दिख रहा था, बहुत ताकत नहीं लगा पा रहा था। वह बेहाल हुआ जा रहा था। तभी उसके मालिक ने एक तेज आवाज में उसे जल्दी-जल्दी काम करने के लिए कहा। उसके शब्द थे कि यदि वह ठीक समय से काम नहीं करेगा तो आज उसे रोटी भी नहीं मिलेगी। अर्थात एक समय के भोजन के बदले एक बच्चे से उसकी शक्ति से अधिक काम लेना।

## क्या यह आपको सोचने पर विवश नहीं करता?

यह एक बच्चे की कहानी नहीं है. बाल मजदूर बहुत सस्ते और किफायती होते हैं, इसलिए दुकानों में, घरों में, प्लेटफार्म पर जगह-जगह आपको छोटे बच्चे काम करते हुए दिख जाते हैं। बहुत सारी स्वयंसेवी, समाजसेवी संस्थाओं और गवर्नमेंट ने भी जागरूकता अभियान चलाया है। पहले की अपेक्षा अब कम बच्चे काम करते या भीख मांगते दिखाई देते हैं लेकिन उनकी संख्या बस कम ही हुई है, समाप्त नहीं।

यदि एक भी बच्चा छोटी उम्र में हमें इस तरह के काम करते हुए दिखता है, तो समझ लीजिए हम अपने अभियान में नाकाम है, असफल है। हम देश के भविष्य को इस तरह बर्बाद होते हुए नहीं देख सकते नहीं देखना चाहिए।

जन-जन की जबान से यही वाक्य निकलता है, कि हमारे बच्चे ही कल का भविष्य है और देश की बागडोर उन्हें ही संभालनी है। आपको यह भी पता है कि जिस मकान की नींव कमजोर होती है वह बहुत देर नहीं टिक सकता। बच्चे हमारे देश के भविष्य की नींव ही तो हैं न.....

यदि हम उन्हें पूरी तरह से साक्षर नहीं बनाएंगे, उनके शरीर और मन का पूर्ण विकास नहीं होगा तो हम उनके कंधों पर देश का भार कैसे सोच सकते हैं।

आज छोटे बच्चे न केवल शारीरिक श्रम अपितु अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं, जैसे बाल-शोषण, बलात्कार, कुपोषण, और मानव-तस्करी।

बहुत गंभीरता से हमें इन समस्याओं पर विचार करना होगा और काम भी करना होगा। केवल सरकारी स्तर पर नहीं व्यक्तिगत स्तर पर भी। शायद तभी हम डूबती कश्ती को बचा सके और तूफान से बाहर ला सके।

जब मैं व्यक्तिगत स्तर पर, की बात करती हूं तो उससे तात्पर्य बच्चों की समस्याओं को हल करना तो है ही .. उन्हें बलात्कार, कुपोषण और मानव तस्करी से बचना तो है ही, उस पर तो काम होना ही चाहिए पर साथ ही हमअपनी विरासत में बच्चों को क्या देकर जा रहे हैं।

जिस गति से धरती का दोहन हो रहा है, पर्यावरण के साथ खिलवाड़ हो रहा है, पानी की बर्बादी हो रही है, निश्चित रूप से यह चिंता का विषय है। हम अपने बच्चों को कैसा भविष्य दे रहे हैं। क्या आज हमें सतर्क नहीं हो जाना चाहिए? 200 वर्षों की गुलामी के बाद जब स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजाद कराया था तब महान गीतकार कवि प्रदीप के ये बोल फूट पड़े थे कि हम लाए हैं तूफानों से कश्ती निकाल के, इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के।

आज एक बार फिर हमें अपने देश के स्वर्णिम भविष्य के लिए कुछ करना होगा, सोचना होगा..... कुर्बानियां देनी होगी। आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाना होगा, उनका उत्थान और विकास करना होगा, तभी हम उनके कंधों पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। पूरे देश की, समाज की, और अपनी भी.....

**धन्यवाद।**

# एक विवाद से जन्म लेता है जीवंत नाटक



नाटक लिखने का सबसे पहला और ज़रूरी सूत्र है-विवाद। सुप्रसिद्ध नाट्य विशेषज्ञ मिल्टन मार्क्स का कहना है-नो कॉन्फ्लिक्ट, नो ड्रामा, यानी विवाद नहीं तो नाटक नहीं। वास्तव में, हर प्रभावशाली नाटक किसी न किसी संघर्ष पर आधारित होता है। यही संघर्ष नाटक में रोमांच और तनाव पैदा करता है, जो दर्शकों को अंत तक बाँधे रखता है।



डॉ. कुमार संजय

उदाहरण के तौर पर मोहन राकेश का नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' अपने भीतर एक संवेदनशील संघर्ष समेटे हुए है-व्यक्तिगत प्रेम और कर्तव्य के बीच का द्वंद्व। धर्मवीर भारती का प्रसिद्ध नाटक 'अंधा युग' महाभारत के युद्ध के बाद के नैतिक और मानसिक संकट को उजागर करता है, जब जीतने के बाद भी सब कुछ हार जैसा लगता है। विजय तेंदुलकर का नाटक 'घासीराम कोतवाल' सत्ता, नैतिकता और भ्रष्टाचार के बीच का संघर्ष है। गिरीश कर्नाड के नाटक 'तुगलक' में संघर्ष है-राजा के आदर्शों और व्यवहारिक राजनीति के बीच का।

विवाद ही वह धुरी है, जिस पर पूरा नाटक घूमता है। जब यह संघर्ष सजीव और प्रासंगिक होता है, तभी नाटक दर्शकों के दिल में उतरता है। तो नाटक लिखने के पहले हमें विवाद या संघर्ष की तलाश करनी होगी। यह विवाद कई स्तर पर और कई तरह का हो सकता है। आइए डालते हैं विवादों के प्रकार और उनके स्तरों पर-

## व्यक्तिगत विवाद

यह सबसे सामान्य और असरदार विवाद होता है। जब पिता-पुत्र की सोच में फर्क होता है, पति-पत्नी की प्राथमिकताएं टकराती हैं, या दो दोस्तों के बीच गलतफहमी से दूरी आ जाती है। सास-बहू की तकरार, मालिक-कर्मचारी का संघर्ष। ज्यादातर टीवी सीरियल में इन्हीं संघर्षों को तो दिखाया जाता है। ये संघर्ष मंच पर बहुत असरदार साबित हो सकते हैं क्योंकि लगभग हर व्यक्ति इन संघर्षों से जूझता होता है।

## सामाजिक या वर्गीय विवाद

समाज में अमीर-गरीब, जाति-धर्म या वर्गों के बीच का टकराव अक्सर नाटक का मजबूत आधार बनता है। जैसे श्रमिक और प्रबंधन का संघर्ष, स्कूल प्रशासन और माता-पिता के बीच टकराव, जाति-धर्म के नाम पर उम्मीदवारों का चयन या अतिरिक्त सुविधाएं-ये सभी नाटक को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हैं। ऐसे नाटक केवल मनोरंजन नहीं करते, दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं।

## विचारों का टकराव

जब दो विचारधाराएं आमने-सामने हों जैसे एक आस्तिक हो और दूसरा नास्तिक, एक परंपरा में विश्वास रखे और दूसरा बदलाव में, तो नाटक में गहराई आ जाती है। कोई भ्रष्टाचार को सही ठहराने लगे और दूसरा वर्ग इसे नैतिक पतन मानता हो। कोई महिलाओं के काम करने का कटु विरोधी हो जबकि घर की बहू काम करने पर उतारू हो। इस तरह के नाटक का दायरा व्यापक होता है, क्योंकि पूरा दर्शक वर्ग दो खेमे में बंट जाता है। दोनों को उत्सुकता होती है कि नाटक का निष्कर्ष क्या होगा!

## आंतरिक संघर्ष

बहुत बार व्यक्ति खुद से संघर्ष करता होता है, मसलन वह उबाऊ नौकरी करता जाए जिससे उसका परिवार चल रहा है या नौकरी छोड़कर अपना कुछ शुरू करे जिसमें फुटपाथ पर आने के चांस ज़्यादा हैं। शादी करे या न करे, विदेश जाए या माता-पिता के पास रहे। यह संघर्ष दर्शकों को सीधे जोड़ लेता है। ऐसा नाटक आत्मा को छू जाता है, क्योंकि हर कोई कभी न कभी आंतरिक संघर्ष से गुज़रा होता है।

## राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दे

जलवायु परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण, बेरोजगारी, मानसिक स्वास्थ्य, लिविंग इन रिलेशनशिप, समलैंगिकता, आतंकवाद जैसे विषय अब केवल खबरों तक सीमित नहीं हैं। जब ये नाटक के मंच पर आते हैं, तो समाज को सोचने की दिशा मिलती है। ऐसे नाटक समाज का आईना बनते हैं और उसे नई दिशा भी देते हैं।

## मुद्दे की बात

अगर कोई नाटक लिखना चाहता है, तो सबसे पहले उसे एक विवाद तलाशना चाहिए। और आज के समय में तो हर तरफ विवाद ही विवाद हैं। बस यह देखना है कि कौन-सा विवाद ज़्यादा असरदार है और लोगों को छू सकता है।

सफल नाटक वही है जो दर्शकों के दिल और दिमाग में सवाल छोड़ जाए। और यह तभी संभव है जब नाटक में कोई प्रासंगिक, तीव्र और जीवंत विवाद हो। क्योंकि जहाँ टकराव है, वहीं सच्चा जीवन है, और वहीं सच्चा नाटक भी। कभी-कभी एक छोटा-सा विवाद इतने बड़े रूप में बदल जाता है कि नाटक का दायरा खुद-ब-खुद बढ़ जाता है।

# मजदूर दिवस

शायद ये भी हो गया अब त्योहार है
मजदूरों का तो पता नहीं
पर सरकारी स्कूल और ऑफिस में
आज छुट्टी का
आव्हान है ।
दरवाजे की
सुबह सवेरे
की घंटी में
घर की स्वीपर
से मुलाकात
है ,
हैप्पी मजदूर-
दिवस बोलने
पर
वह थी अवाक है ,
ये क्या होता है ?
क्यों वह इस दिन से अंजान है ?
मजदूरों का तो पता नहीं
पर आज सरकारी छुट्टी का
आव्हान है।
सड़क की घास छीलते
दिख गया वो मुझे आज अकस्मात् है
मजदूर दिवस का तो उसे पता नहीं
पर घर का चूल्हा गत रात से नहीं जला
उसके लिए यही बात खास है
दिहाड़ी के लिए सब दिन होता समान
यह कह वह लग जाता अपना काम है
मजदूरों का तो पता नहीं
पर आज सरकारी छुट्टी का आव्हान है।
बड़े बड़े सरकारी दफ्तरों में होंगे आज
मजदूर दिवस पर बड़े बड़े सेमिनार हैं,
बनकर नकली मजदूर वो देंगे
लोकलुभावन भाषण
जिसकी ना कोई दरकार है ,
बन पैरोकार मजदूरों के वो
बजवायेंगे तालियाँ उन्हीं से
जिसका ना कोई उनसे सरोकार है
मजदूरों का तो पता नहीं
पर आज सरकारी छुट्टी का आव्हान है।



मीरा सिंह

काव्य कोना

## विवेक का क्षण और मद

विवेक के क्षण से दूरी, मद के बहुत पास होता है
लंकाधीश भक्ति और पांडित्य के मद में चूर हो
शिवभक्त, शिव के धनुष तोड़ने का अधिकारी
समझ बैठा
सीता स्वयंवर से सीता हरण तक की यात्रा
कर ली
फिर भी न टूटा महापांडित्य का भ्रम
विनाश, महाविकराल रूप लेकर विध्वंस शुरु
कर दिया
मद की नींद ऐसी की टूटी नहीं फिर भी
विवेक के क्षण से दूरी, मद के बहुत पास होता है।

**नाग मणि**

# कामयाबी



जैसे ही बैंक का रिजल्ट आया अक्षय सबसे पहले नैना के पास गया उसे धन्यवाद देने कि मेरी कामयाबी के पीछे तुम्हारा ही हाथ है। तब नैना ने सबकुछ बता दिया। अक्षय अपने बड़े पापा के पास आकर उन्हें खुशखबरी सुनाई और उनसे माफी भी मांगी।

आज भी गोपीनाथ जी को वो दिन याद है जब अक्षय आकर कहा था-" बड़े पापा मैं बैंक में नौकरी के लिए तैयारी करना चाहता हूँ।"

"ये तो बहुत अच्छी बात है। करो। कोई कोचिंग सेंटर ज्वाइन करना चाहते हो तो कर सकते हो।"



पुष्पा पाण्डेय

आज बहुत खुश हैं गोपीनाथ जी। भाई का बेटा अक्षय कॉलेज जाते ही अपने लक्ष्य से भटक गया था। किसी तरह स्नातक तो कर लिया, लेकिन अपने भविष्य से बिल्कुल बेपरवाह था। गोपीनाथ जी का छोटा भाई मानसिक रूप से कमजोर थे। उनके परिवार की देखभाल गोपीनाथ जी ही कर रहे थे। उनका अपना बेटा अच्छे पोजीशन पर कार्यरत था। उनकी हार्दिक इच्छा थी कि भाई का बेटा भी किसी अच्छी नौकरी में आ जाए। एक लड़की के चक्कर में वह अपना भविष्य बर्बाद कर रहा था। गोपीनाथ जी उस लड़की से जाकर मिले। उन्होंने उसे समझाया और अपने बिश्वास में लिया।

लड़की ने अक्षय के सामने एक शर्त रखी कि जब- तक तुम्हें कोई अच्छी नौकरी नहीं मिल जाती, मैं तुमसे शादी नहीं कर सकती। माना कि गाँव में जमीन बहुत है,लेकिन वह तुम्हारे पूर्वज का है। तुम्हारे पास अपना क्या है?"

इस बात का अक्षय पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ा और वह अपने बड़े पापा के पास लौट आया। आज गोपीनाथ जी अक्षय की कामयाबी को अपनी कामयाबी समझ बहुत खुश थे। उसी समय नैना का फोन अक्षय के पास आता है।

" अक्षय! मैं तुम्हें ये बताने के लिए फोन किया है कि तुम्हें और तुम्हारे बड़े पापा को कामयाबी मिल गयी, लेकिन मैं अब तुमसे शादी नहीं कर सकती। मेरी शादी उस लड़के से तय हो चुकी है जो दुबई में नौकरी करता है और हमारे बुआ का रिश्तेदार है। मुझे माफ कर देना।"

# मैं हूं- द लाल



ललन शर्मा

पुराने जमाने में एक फिल्मी गाना सुना था- अरे दीवानो, मुझे पहचानो, कहां से आया? मैं हूं कौन? वैसे स्वयं को जानने समझने की परंपरा बहुत ही पुरानी आदमयुगीन है। इसमें पहले 'स्व' को जानने के चक्कर में लोगों को आत्मा परमात्मा को समझना पड़ता था फिर उन आत्माओं परमात्माओं को पकड़ना पड़ता है। पर मैंने ऐसा पारंपरिक कार्य नहीं किया। मैंने 'मैं हूं कौन' विषय पर कट्टरवादी व समाजवादी शोध कर लिया। तब मुझे पता चला कि ऊपर वाले भगवान ने जब जीवों की सृष्टि की तो सभी जीव-जंतुओं को कुछ ना कुछ गुण अनिवार्य रूप से प्रदान किया परंतु मनुष्य नामक जीव को एक अति विशिष्ट गुण उपहार में दिया। वह है 'अहम' यानी श 'मैं हूं न'।

अहम ही वह चमत्कारी निरंकारी गुण है जो व्यक्ति को बताता है कि वही श्रेष्ठ है, उसी की जरूरत इस संसार में सबको है, उसके बगैर यह दुनिया नहीं चल सकती, हिल भी नहीं सकती। दुनिया को चलाने का संविदा उसी को मिला है। आप सोच रहे होंगे कि शर्मा जी बड़ा बोल बच्चनी कर रहा है पर यह सत्य है। मेरे इष्ट मित्रों की टोली से भी पूछ सकते हैं। सभी कामों को सुगमतापूर्वक निपटाने में मेरे जैसा कोई नहीं। आज पूरा विश्व मेरे जैसे लोगों के नेटवर्क से चलता है जैसे किसी प्रकार का ठेका लेना, जमीन खरीद बिक्री करनी हो , किसी सभा का सदस्य बनना हो, चुनावी टिकट लेनी हो, काला धन निपटाना हो इत्यादि।



तो सुनिए जी मेरा नाम है- 'दि लाल' यही मेरा ब्रांड नाम है, बहुत से लोग प्यार से मुझे दि लाल की जगह दलाल कह देते हैं। मैं बुरा नहीं मानता क्योंकि मैं दलाल ही हूं। आजकल दलालों के लिए अच्छा शब्द आया है- इवेंट मैनेजर, पोर्टफोलियो मैनेजर, इत्यादि, आप जो समझ ले, आप खुद परम ज्ञानी है। चलिए आप लोगों को कुछ अपने कामों की बड़ी-बड़ी कथा सुनाता हूं इसके बाद तो आप लोग मान ही जाएंगे कि मैं हूं दलाल।

सबसे पहले प्रस्तुत है 'पवार कथा' एक सज्जन है पवार साहब। मेरे जैसे बहुत ही मेहनती, मेहनत कर करके उन्होंने बहुत ज्यादा ही अघोषित पैसा बना लिया पर इन पैसों को कहां रखें उन्हें समझ में ना आया। उन दिनों में उनसे मिला और उन्हें सलाह दी कि पैसा कहां लगाना है, मैंने बताया कि उनके गांव से गुजरने वाली सड़क अब एक्सप्रेस वे बनेगी, फोर लेन बनेगा तो सड़क के किनारों की दोनों ओर की जमीन पर पैसा लगाइए। इस बात पर पवार साहब खिल उठे, सड़क किनारे की जमीन गरीबों से सस्ते भाव में खरीदने लगे, उन्हें जमीन खरीदने का ऐसा चस्का लगा कि कुल 200 किलोमीटर सड़क की दोनों ओर की जमीन अपने नाम कर ली। वह तो और खरीदना चाहते थे पर इसके बाद की जमीन दूसरे राज्य में चली गई थी।

एक और कथा सुने - मेरे पड़ोसी राज्य में शराबबंदी लागू हो गई, अपने दुर्योधन भैया चिंतित हैं। उनकी बेटे की शादी उसी पड़ोसी राज्य में तय हो गई, बाराती जाने को तैयार नहीं ,भई इतनी दूर जाए तो जाए कैसे, वहां शराब बंदी है वहां बारातियों का स्वागत सिर्फ पुरी-सब्जी से हो, सूरा ही ना हो, इसलिए बाराती बगैर सुरा के जाने को तैयार नहीं, बस फिर क्या था दुर्योधन भैया ने मुझे आवाज दी और उनकी यह समस्या मेरी हुई। मैंने सभी का समाधान कर दिया जिस बस में 50 लोगों की जगह थी उसमें 60 एडजस्ट करके क्योंकि सुरा की व्यवस्था बस में ही एक अतिरिक्त टंकी फिट करके कर दी। इस तरह बारात गई और खुशी-खुशी वापस आ गई, सभी ने मेरी व्यवस्था की तारीफ की। पड़ोसी राज्य के सुराबंदी अधिकारियों को भी पता ना चला, अब तो जो भी बारात इधर से उधर जाती है मेरी व्यवस्था ही काम आती है अब तो यह काफी लोकप्रिय है।

अब मेरी कार्य कुशलता की जानकारी लेकर दूर राज्य के एक बड़े व्यवसायी आए और कहा कि राज्यसभा का टिकट लेना चाहते हैं, मैंनें भी जिज्ञासावश पूछ ही लिया कि राज्यसभा का सदस्य का टिकट तो आप अपने राज्य से भी ले सकते हैं आप कहे तो वहीं से लाइनअप करवा दूं। इस पर उन्होंने कहा कि-ऐसी बात नहीं है वहां से मेरा भाई लाइनअप है आप यहां से करवा दें और उनके व्यावसायी महोदय को राज्य-सभा का टिकट दिलवा दिया, बल्ले बल्ले।

इन वीर-गाथाओं को सुनकर आप लोग समझ ही गए होंगे कि 'मुझसा कोई नहीं' अब तो लोग मुझे नेटवर्क बाबा के नाम से भी जानने लगे क्योंकि मेरी पहुंच ऐसी है कि जहां बिजली के तार के कनेक्शन नहीं पहुंचते हैं वहां मेरा कनेक्शन पहुंच जाता है किसी ने खूब कहा है कि जहां तक न पहुंचे माल वहां पहुंचे दलाल, यूं समझिए कि जहां आपका नेटवर्क समाप्त होता है वहां से मेरा नेटवर्क शुरू होता है

*अहम ब्रह्मा अस्मि।, अहम लाल अस्मि।।,*
*अहम दलाल अस्मि।।।*

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

# बिजली गुल

कभी नाम लो राज दिल्ली का
कभी रटो दोष पनबिजली का
कभी कहो - कोयला न पहुंचा;
वादों का महल तुम्हारा ऊंचा!!
"चरित्र मंत्री जी- छि: कितना
नीचा"
हम सब तो ठहरे- आम जनता
ख़ास नहीं कोई- काम का बंदा
एसी कूलर से लैस- मंत्री जी का
मकान;
और ऊंची उनके राजनीति की
दुकान!!
"सजी धजी- हुंह! बेईमानी की
दुकान"
हमको काटें मच्छर- खटमल
मंत्री जी सोएं- ओढके मलमल
किरासन भी नहीं अब राशन में,
बचपन पढ़ाई अंधेरे के शासन में!!
"निवाला नहीं एक्को ठूप
बासन में"
राजनीति के खेल की आड़ में
बिजली, पानी, सड़क - भाड़ में
नेता अपने महंगें ख्वाब सजाते;
जनता गुजारें - बेसब्र निद्राहीन
रातें!!
"अंधेर सगरो नगरी- चौपट हुई रातें"



डॉ आकांक्षा चौधरी

## आज का दोहा

राम कहें, लक्ष्मण सुनो!,भेरी रोज बजाउ।
जहाँ जहाँ रावण छिपे, खींच खींच कर लाउ।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# वाराणसी के घाटों पर गंगा सप्तमी पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**एजेंसी। वाराणसी।** उत्तर प्रदेश स्थित वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर शनिवार को गंगा सप्तमी के मौके पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। मान्यता है कि इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से जन्मों के पाप धूल जाते हैं और श्रद्धालुओं को पुण्य की प्राप्ति होती है। गंगा सप्तमी वाराणसी में भागीरथ तप के बाद ब्रह्मा के कमंडल से मां गंगा के प्रकट होने के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। इस दिन श्रद्धालु पवित्र स्नान करके, सूर्य को अर्घ्य देकर और घाटों पर दुग्धाभिषेक करके उत्सव मनाते हैं। इस दिन विशेष तौर पर गंगा घाटों पर तैयारियां की जाती हैं। सुबह-सुबह श्रद्धालु गंगा नदी में स्नान करते हैं, इसके बाद बाबा विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं और परिवार की मंगलकामना के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं। दशाश्वमेध घाट के पुजारी अजय कुमार पांडेय ने बताया कि मान्यता है कि गंगा सप्तमी के दिन ही देवी गंगा का प्रादुर्भाव हुआ था। काशी में पवित्र गंगा नदी अविरल और निर्मल धारा के साथ बहती है, जिसे 'पाप विमोचिनी गंगा' के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि यहां बहने वाली नदी 'उत्तरवाहिनी गंगा' है और काशी को मोक्ष का प्रवेश द्वार माना जाता है। इसलिए, मान्यता है कि यहां का जल बाहर नहीं जाता है। काशी में विश्व का सबसे बड़ा महा शमशान है, जहां पितरों को दान किया जाता है। गंगा सप्तमी में यहां दूर-दराज से लोग आते हैं। घाटों को सजाया जाता है। पूजा-पाठ करने के बाद आरती होती है। तीर्थ पुरोहित अजय कुमार तिवारी ने बताया कि काशीवासियों के साथ वैशाख माह में गंगा सप्तमी का उत्सव विशेष महत्व रखता है। इस दिन गंगा में पवित्र स्नान करने से कई पाप धुल जाते हैं, व्यक्ति को आशीर्वाद और आध्यात्मिक पुण्य मिलता है। वैशाख माह में गंगा सप्तमी एक माह के फल की प्राप्ति होती है। रोगों का निदान होता है। पहले मां गंगा में डुबकी लगाते हैं। मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं। गंगा सप्तमी में स्नान करने से पुण्य मिलता है।

# ग्रेटर नोएडा में धार्मिक ग्रंथ का अपमान करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

गौतमबुद्ध नगर के बादलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दुजाना गांव में एक युवक के सोशल मीडिया पर धर्म विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने और धार्मिक ग्रंथ को जलाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। उसकी पहचान दुजाना गांव निवासी देव गुर्जर के रूप में हुई है। आरोपी युवक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें वह एक धर्म विशेष के पवित्र ग्रंथ का नाम कागज पर लिखकर उसे जलाता हुआ नजर आया। यही नहीं, वीडियो में वह धर्म विशेष और उसके अनुयायियों के खिलाफ अशोभनीय और भड़काऊ भाषा का भी प्रयोग कर रहा है।



वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों में आक्रोश फैल गया और मामले ने तूल पकड़ लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना बादलपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वायरल वीडियो का संज्ञान लिया और आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने देव गुर्जर को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने, शांति भंग करने और सोशल मीडिया के माध्यम से नफरत फैलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# संभल के चर्चित सीओ अनुज चौधरी का तबादला

**एजेंसी। संभल**

प्रदेश के संभल जिले में पिछले साल 24 नवंबर को हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद से सुर्खियों में आए पुलिस अधिकारी सीओ अनुज चौधरी का तबादला कर दिया गया है। उन्हें संभल सर्किल से हटाकर अब चंदौसी सर्किल का सीओ बनाया गया है, जो संभल जिले का ही एक अन्य क्षेत्र है। इस तबादले के तहत अब संभल सर्किल की कमान सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आलोक भाटी को सौंपी गई है जिन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यह बदलाव कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और स्थानीय संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। हालांकि, इसे लेकर पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी सामने नहीं आई है। सीओ अनुज चौधरी सिर्फ संभल की हिंसा को लेकर ही नहीं, बल्कि अपने एक बयान को लेकर भी काफी चर्चा में रहे थे। उन्होंने एक बयान देते हुए कहा था, "होली साल में एक बार आती है, लेकिन जुमा (शुक्रवार की नमाज) तो 52 बार आता है।" उनके इस बयान को सोशल मीडिया पर खूब वायरल किया गया और इसकी काफी आलोचना भी हुई थी।



**अनुज चौधरी के बयान से मच गया था बवाल :** दरअशल अनुज चौधरी ने 6 मार्च को कहा था कि होली के रंगों से असहज महसूस करने वालों को होली के दिन घर के अंदर ही रहना चाहिए। इस बार होली शुक्रवार को पड़ी है, इसी दिन जुमे की नमाज भी होती है।

# पानी सिर्फ पंजाब का नहीं, बल्कि पूरे देश का है : नायब सिंह

**एजेंसी। हरियाणा**

जल बंटवारे को लेकर हरियाणा के साथ बढ़ते तनाव के बीच, पंजाब में सभी दलों ने शुक्रवार को एकमत होकर भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के हरियाणा को अतिरिक्त 4,500 क्यूसेक पानी छोड़ने के फैसले को खारिज कर दिया। वहीं, अब जल बंटवारे के विवाद पर हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने पलटवार किया है। सैनी ने कहा कि मैं मान साहब (पंजाब के सीएम भगवंत मान) को बताना चाहता हूं कि यह पानी सिर्फ पंजाब का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। 23 अप्रैल को भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड ने हरियाणा को 8,500 क्यूसेक पानी देने का फैसला किया था, लेकिन मान सरकार ने इस फैसले का सम्मान नहीं किया। 30 अप्रैल को बीबीएमपी की बैठक में 23 अप्रैल के फैसले को लागू करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। सैनी ने कहा कि हरियाणा को 10 ।67 एमएएफ पानी दिया गया है,



जबकि उसे 12 ।55 एमएएफ पानी आवंटित किया गया है। पंजाब अपने हिस्से से ज़्यादा पानी का इस्तेमाल कर रहा है। हरियाणा को मूल रूप से आवंटित पानी से 17% कम पानी मिल रहा है। कम से कम पीने के पानी पर राजनीति तो मत करो। आज हरियाणा में पीने के पानी से जुड़ी समस्याएँ हैं। हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार पंजाब के साथ जल बंटवारे को लेकर हुए ताजा विवाद के सिलसिले में उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकती है। चौधरी ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) साझेदार राज्यों के लिए पानी का आवंटन करता है और पंजाब को इस पर आपत्ति नहीं उठानी चाहिए। उन्होंने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का भी आरोप लगाया। चौधरी ने कहा, "हमने मामले को बढ़ने नहीं देने का प्रयास किया था। लेकिन मान ने इसे राजनीतिक रंग दे दिया।

# पाकिस्तान को सबक सिखाए केंद्र सरकार : राशिद अल्वी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने ने पाकिस्तान से जुड़े हालिया घटनाक्रमों पर खुलकर राय रखी और केंद्र सरकार पर जुबानी हमला किया। अल्वी ने कहा कि सरकार जो कदम उठा रही है, वह सिर्फ दिखावे के लिए हैं। इससे देश की जनता को संतुष्टि नहीं मिल सकती। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के यूट्यूब चैनल पर भारत में बैन और मंत्री तरार के 'एक्स' अकाउंट ब्लॉक होने पर प्रतिक्रिया देते हुए अल्वी ने कहा कि सरकार जो मुनासिब समझे, करे। लेकिन, देश के लोग चाहते हैं कि बदला लिया जाए। सुषमा स्वराज कहा करती थीं कि अगर एक भारतीय मारा जाएगा, तो हम बदले में दस सिर लाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी यही कहते थे, तो आज पूरा देश इंतजार कर रहा है कि किस तरीके से पाकिस्तान को सबक सिखाया जा सकता है।

सर्जिकल स्ट्राइक पर चरणजीत सिंह चन्नी के बयान को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आज जो देश का माहौल है, जिस तरीके से पहलगाम में हमारे भाइयों का कत्लेआम हुआ है, उस माहौल में इस तरह के सवाल उठाना बिल्कुल अनुचित है। पूरा भारत आज इंतजार कर रहा है कि सरकार उन 26 लोगों की शहादत का बदला कैसे



● जो मुनासिब समझे, सरकार करे, लेकिन जनता बदले की अपेक्षा रखती है

लेगी। सरकार ने जो कदम उठाए हैं, वह केवल छोटे-छोटे कदम हैं। अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे को जाति जनगणना के मुद्दे से कमतर कर रही है।

भाजपा द्वारा कांग्रेस पर सेना का मनोबल तोड़ने के आरोपों पर राशिद अल्वी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि 1965 में जब हमारी फौज लाहौर तक पहुंच गई थी, तब भाजपा कहां थी? 1971 में जब हमने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे, तब भी कांग्रेस की सरकार थी। फौज भारत की है, किसी पार्टी की नहीं। ऐसे मौके पर भाजपा को देश को बांटने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

## आतंकवाद को कुचलने के लिए कांग्रेस भारत सरकार के साथ : प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में प्रस्ताव पारित होने पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हम पहले भी कह चुके हैं और आज भी कहते हैं कि हम आतंकवाद को कुचलने के लिए भारत सरकार के साथ है और उन्हें पूरा समर्थन है। शनिवार को न्यूज़ एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कांग्रेस सांसद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुई आतंकी घटना को बारह दिन हो चुके हैं। मैंने कानपुर में उस पीड़िता से मुलाकात की, जिसके सामने आतंकियों ने उसके पति को मार दिया। आज मेरे साथ पूरा देश न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है। हम इस कायरतापूर्ण कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने की मांग करते हैं। हम दोहराते हैं कि हम आतंकवाद को खत्म करने और ऐसी घटनाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए किसी भी कदम का पूरा समर्थन करते हैं। जाति जनगणना पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की ओर से पीएम मोदी को लिखे पत्र पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता है कि उन्होंने क्या लिखा है। लेकिन, राहुल गांधी ने इस पर साफ तौर पर कहा है कि इसे निश्चित समयसीमा पर लागू कर देना चाहिए। हम सभी चाहते हैं कि जल्द से जल्द जाति-जनगणना होनी चाहिए। विकास की मुख्यधारा से जो वर्ग पीछे छूट गया है, उसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं। नींद उड़ जाएगी, कांग्रेस पर पीएम मोदी की ओर से दिए गए बयान पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि मुझे बहुत दुख हुआ है। मेरे दिल को चोट पहुंची है। मेरी नजर में पूर्व पीएम की जो छवि बनी हुई है, पीएम मोदी उसमें दूर-दूर तक नहीं हैं। केरल में उन्होंने वैसा व्यवहार नहीं किया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना हुई। देश आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा था। ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई गई। पूरा विपक्ष केंद्र सरकार को अपना समर्थन दे रहा था, तब पीएम मोदी बिहार के दौरे पर जाते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि इस वक्त आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने से ज्यादा बिहार कैसे महत्वपूर्ण हो सकता है।



# पाकिस्तान अपनी माली हालत दुनिया के सामने आने से नहीं रोक पाएगा : राजीव रंजन

**एजेंसी। पटना**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ के भारत के पानी रोकने के लिए ढांचा बनाने पर इसे ध्वस्त किए जाने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि सही अर्थों में पाकिस्तान की कोई हैसियत नहीं है। केवल 'फुसफुसी बम' की तरह रिएक्ट करने से पाकिस्तान दुनिया के सामने अपनी माली हालत का सच आने से रोक नहीं पाएगा। जदयू के प्रवक्ता ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की कमर टूट चुकी है, महंगाई बेहिसाब है। सेना और आईएसआई बलूचिस्तान, खैबर पख़्तून और सिंध के इलाके में खुद की प्रासंगिकता को सिद्ध कर पाने में पूरी तरह असफल हो गई है। ऐसे में बड़ी-बड़ी बातें करना बेकार है। भारत ने तो अभी उन्हें ट्रेलर दिखाया है, अभी पूरी पिक्चर बाकी है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री यह भी कबूल कर चुके हैं कि पाकिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादियों के लिए होता रहा है। वे पूरी दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब कर चुके हैं। दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा था कि भारत सिंधु जल संधि का उल्लंघन कर पानी रोकने की कोशिश करता है या फिर बांध बनाता है तो इसे पाकिस्तान के खिलाफ हमला माना जाएगा। ऐसे किसी बांध को हम ध्वस्त करेंगे। इधर, विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के जातीय जनगणना को लेकर पीएम मोदी को पत्र लिखे जाने पर भी जदयू के प्रवक्ता राजीव रंजन ने प्रतिक्रिया दी। प्रदेश के हर जिले में हम लोगों ने बिहार में जातीय सर्वे और देश में जातीय जनगणना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी दे दी है।



# छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में मारे गए हार्डकोर नक्सली की हुई शिनाख्त

**गरियाबंद/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों के साथ बीती रात शोभा थाना क्षेत्र के घने जंगलों में हुई मुठभेड़ में मारे गए हार्डकोर नक्सली की पहचान मोस्ट वांटेड नक्सली नेता आयतू उर्फ योगेश कोरसा के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि बीती देर रात सुरक्षाबलों और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गरियाबंद में मारे गए हार्डकोर नक्सली की शिनाख्त की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मारा गया हार्डकोर नक्सली आयतू उर्फ योगेश कोरसा नक्सल संगठन में संभाग स्तरीय नेता के रूप में सक्रिय था और उस पर पुलिस जवानों की हत्या, हत्या की साजिश, लूटपाट सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ कई संगीन धाराओं में मामले दर्ज थे। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने एक राइफल और भारी मात्रा में नक्सली साहित्य भी बरामद किया है। एसपी ने इस कार्रवाई में शामिल जवानों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# सर्जिकल स्ट्राइक पर चरणजीत सिंह चन्नी का बयान दुखद: संतोष कुमार सिंह

**एजेंसी। पटना**

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने 'सर्जिकल स्ट्राइक' पर पहले सबूत मांगने के बाद सफाई दी। अब चन्नी के इसी रवैये पर बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार सिंह ने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कांग्रेस नेता को 'पलटीबाज' कहा है। शनिवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि चन्नी ऐसे व्यक्ति हैं जो लगातार पलटी मारते रहते हैं, वो पलटीबाज हैं। पहले यह लोग (कांग्रेस) देश की सेना के अपमान में बयान देते हैं और जब विवाद पैदा होता है तो अपने बयान से पलट जाते हैं। मीडिया को दोष देते हैं कि बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। जब राष्ट्रीय मुद्दों की बात आती है, हमारे सैनिकों की, हमारे वीर जवानों की, जिन्हें पूरा देश सलाम करता है, जिनके बलिदान और पराक्रम से हम आजादी से जी पाते हैं, उन पर कांग्रेस के नेता का आरोप लगाना, उन पर संदेह करना, बहुत दुखद है। राष्ट्रीय और सुरक्षा के मामलों पर किसी भी पार्टी के नेता को राजनीति नहीं करनी चाहिए। महज राजनीति करने के लिए बयान नहीं दिए जाने चाहिए। सिंह ने कहा, "राजनीतिक बहस के लिए और भी बहुत सारे मुद्दे हैं।

# जो डर गया वो मर गया, पर्यटकों से की वापस लौटने की अपील : फारूक अब्दुल्ला

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ। फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की बड़े पैमाने पर वापसी का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति आतंकवादियों के मुंह पर जोरदार तमाचा होगी और यह क्षेत्र की दृढ़ता का प्रमाण होगी। पहलगाम में एक शोक सभा में डॉ। अब्दुल्ला ने शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की और प्रतिकूल परिस्थितियों में लोगों की एकता की प्रशंसा की। उन्होंने क्षेत्र में शांति को बाधित करने का प्रयास करने वालों का जिक्र करते हुए कहा, "लोगों की एकता और दृढ़ता के कारण उनके चेहरे काले पड़ जाएंगे।" फारूक अब्दुल्ला ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर के लोग डरे हुए नहीं हैं। उन्होंने कहा, "हम डरने वाले नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर हमारा है और हम इस खूबसूरत भूमि को संजोकर रखेंगे और उसका निर्माण करेंगे जो अल्लाह ने हमें दी है।"



उन्होंने कहा कि हालात सामान्य हैं। ज़्यादा से ज़्यादा पर्यटकों को यहाँ आना चाहिए।

# केदारनाथ में पहले दिन 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**एजेंसी। केदारनाथ**

श्री केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के बाद पहले ही दिन (शुक्रवार को) दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। पहले दिन रिकॉर्ड 30,154 तीर्थ यात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 7 बजे तक 19,196 पुरुष, 10,597 महिलाएं और 361 बच्चों सहित कुल 30,154 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। कपाट खुलने के साथ ही केदारनाथ धाम में भक्तों का तांता लग गया। 'हर हर महादेव' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, मंदिर समिति, तीर्थ पुरोहित समाज, स्थानीय व्यापारियों और स्वयंसेवी संगठनों ने मिलकर यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी जरूरी प्रबंध किए गए हैं।

केदारनाथ धाम, चारधाम यात्रा का अहम हिस्सा है। हर वर्ष यहां भारी संख्या में श्रद्धालु आकर बाबा केदार के दर्शन करते हैं। इस वर्ष यात्रा के पहले ही दिन श्रद्धालुओं में जो उत्साह देखने को मिला है, उससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि देखने को मिल सकती है।



बता दें कि शुक्रवार को केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ भक्तों के लिए खोल दिए गए। श्रद्धालु अब अगले छह महीनों तक बाबा केदार के दर्शन कर पाएंगे। शुक्रवार सुबह 7 बजे शुभ मुहूर्त में विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ खोले गए। मंदिर के कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। कपाट खुलते समय आर्मी बैंड ने मधुर धुनें बजाईं। इस दौरान केदारनाथ घाटी श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठी। इस अवसर पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

# जाति जनगणना सामाजिक न्याय का पहला कदम : तेजस्वी यादव

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जाति जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय की दिशा में पहला कदम बताते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित करते हुए लिखा, "देश भर में जाति जनगणना कराने की आपकी सरकार की हाल ही में की गई घोषणा के बाद, मैं आज आपको ढेर सारी उम्मीदों के साथ लिख रहा हूं। वर्षों से आपकी सरकार और एनडीए गठबंधन जाति जनगणना के आह्वान को विभाजनकारी और अनावश्यक बताकर खारिज करते रहे हैं। जब बिहार ने अपना जाति सर्वेक्षण कराने की पहल की, तो सरकार और आपकी पार्टी के शीर्ष विधि अधिकारी सहित केंद्रीय अधिकारियों ने हर कदम पर बाधाएं खड़ी कीं। आपकी पार्टी के सहयोगियों ने इस तरह के डेटा संग्रह की आवश्यकता पर ही सवाल उठाए। आपका विलंबित निर्णय उन नागरिकों की मांगों की व्यापकता को स्वीकार करता है, जिन्हें लंबे समय से हमारे समाज के हाशिये पर धकेल दिया गया है। बिहार जाति सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए तेजस्वी ने कहा कि इस सर्वेक्षण ने कई मिथकों को तोड़ा। सर्वे में पता चला कि बिहार की आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) लगभग 63 फीसदी हैं।






# राम मंदिर परिसर में संग्रहालय और उद्यान की योजना, अप्रैल 2026 तक खुलेगा म्यूजियम

**अयोध्या (आईएएनएस)**

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने शनिवार को राम मंदिर परिसर में बनने वाले संग्रहालय और उद्यान की प्रगति पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समिति की तीन दिवसीय बैठक में म्यूजियम की गैलरी डिजाइन, डिस्प्ले की तकनीक और पर्यावरण संरक्षण पर गहन चर्चा हुई। यह संग्रहालय अप्रैल 2026 तक श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बैठक में म्यूजियम की गैलरी के लिए डिस्प्ले सामग्री और आधुनिक तकनीकों पर निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को रामकथा और मंदिर के इतिहास को आकर्षक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है। इसके लिए विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श कर नवीनतम तकनीकों का चयन किया गया है। म्यूजियम में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को प्रदर्शित किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अनूठा अनुभव होगा।

पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए मिश्रा ने कहा कि मंदिर परिसर को जीरो डिस्चार्ज नीति के तहत विकसित किया जाएगा, ताकि अयोध्या शहर में किसी भी प्रकार का पर्यावरणीय प्रदूषण न हो। परिसर का 60 प्रतिशत हिस्सा उद्यान और फलदार पौधों के लिए आरक्षित होगा। इसके लिए 8 एकड़ भूमि पर एक विशाल उद्यान विकसित करने का निर्णय लिया गया है, जिसे संभवतः 'पंचवटी' नाम दिया जाएगा। इस उद्यान में रामकथा को दृश्य रूप में प्रस्तुत करने की योजना है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि उद्यान और पर्यावरण से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी जीएमआर समूह को सौंपी गई है। यह कंपनी हवाई अड्डों के संचालन के लिए जानी जाती है और आंध्र प्रदेश के एक प्रमुख व्यापारिक समूह से जुड़ी है। जीएमआर ने अगले पांच वर्षों तक उद्यान के विकास और रखरखाव की जिम्मेदारी ली है। इसके लिए पहले से हुए समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है। मिश्रा ने बताया कि उद्यान में फलदार और छायादार पौधों का रोपण होगा, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ परिसर की सुंदरता को बढ़ाएगा।

इसके अलावा, मिश्रा ने बताया कि 23 मई को राम दरबार की प्रतिमा मंदिर में पहुंचेगी, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 3 जून से शुरू होगी। राम मंदिर परिसर का यह विकास न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

# आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेगा भारत : प्रधानमंत्री

## आतंकियों और उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का ऐलान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



### "आतंकियों को धरती के अंत तक खदेड़ेंगे पीएम नरेंद्र मोदी की सख्त चेतावनी"

सीसीएस बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ देश के आक्रामक रुख को रेखांकित करते हुए कहा, "हम हर आतंकवादी और उसके समर्थकों की पहचान करेंगे, उनका पता लगाएंगे और उन्हें दंडित करेंगे। हम उन्हें धरती के अंत तक खदेड़ेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक बार फिर कहा कि भारत आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका यह बयान पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच आया। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आतंकवाद के खिलाफ हम पूरी तरह एकजुट हैं। मैं पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति सहानुभूति जताने के लिए राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, "हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उसे धन्यवाद देते हैं। आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर गोलियां चला दी थीं। हमले में 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। चार भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने पहलगाम में क्रूर हमला किया था। प्रतिबंधित आतंकवादी समूह 'लश्कर-ए-तैयबा' से जुड़े 'टीआरएफ' ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। हमलावरों में से दो के पाकिस्तानी नागरिक होने की पुष्टि हुई है।

22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत सरकार ने तुरंत 23 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक बुलाई। पाकिस्तान के खिलाफ कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की और अटारी सीमा को बंद करने का आदेश दिया। इसके साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द कर दिए, पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों और एक्स हैंडलों पर व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी, उच्चायोग के कर्मचारियों की संख्या में कटौती का आदेश देकर राजनयिक संबंधों को कमतर कर दिया, कई राजनयिकों को इस्लामाबाद वापस भेज दिया गया।

## बांग्लादेश में एक साल में पत्रकारों पर हमले के 398 मामले दर्ज : रिपोर्ट

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश में पत्रकारों के उत्पीड़न की लगातार घटनाओं ने देश की नाजुक हालत को एक बार फिर उजागर किया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के नेतृत्व में दक्षिण एशियाई देश कानून व्यवस्था समेत कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। विश्व 3 मई को 'प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2025' मना रहा है, जिसका विषय है, 'नई दुनिया में रिपोर्टिंग - प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव'। ढाका स्थित अधिकार समूह ऐन ओ सलिश केंद्र (एएसके) ने अपने हालिया आंकड़ों में खुलासा किया कि अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक पत्रकारों पर हमले और उत्पीड़न की कुल 398 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें फरवरी और मार्च में दर्ज 82 घटनाएं भी शामिल है। आंकड़ों से पता चला कि मार्च में 40 घटनाएं, फरवरी में 40 और जनवरी में 20 घटनाएं दर्ज की गईं।

## भारत ने अब पाकिस्तान से आने वाले मेल और पार्सल पर लगाई रोक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने शनिवार को हवाई और जमीनी मार्गों के जरिए पाकिस्तान से आने वाले मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को निलंबित करने की घोषणा की। इससे पहले दिन में सभी आयातों पर प्रतिबंध लगा दिया गया और पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों को बंदरगाहों में प्रवेश करने से रोक दिया गया। संचार मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर पड़ोसी देश से मेल और पार्सल का आवागमन निलंबित करने की घोषणा की है। अधिसूचना में कहा गया, "भारत सरकार ने हवाई और जमीनी मार्गों के माध्यम से पाकिस्तान से आने वाले सभी श्रेणियों के मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को निलंबित करने का निर्णय लिया है।

## नौवें दिन भी पाक की बिना उकसावे फायिरंग का सेना ने दिया जवाब

**जम्मू (आईएएनएस)**



शनिवार को लगातार नौवें दिन, पाकिस्तान की सेना ने जम्मू-कश्मीर में एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर भारतीय चौकियों पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। सैन्य सूत्रों ने बताया कि 2 और 3 मई की रात को पाकिस्तान की सेना ने कुपवाड़ा, उड़ी और अखनूर क्षेत्रों में छोटे हथियारों से फायरिंग की। भारतीय सेना ने तुरंत और उचित जवाब दिया।

22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें 25 पर्यटक और एक स्थानीय शामिल थे। इस नृशंस हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ गया है। इस घटना से पूरे देश में गुस्सा फैल गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन आतंकियों, उनके मददगारों और समर्थकों को कहीं से भी ढूंढ कर सजा दी जाएगी। सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से 40 मिनट तक बैठक की। इससे पहले उन्होंने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान से सेना की तैयारियों पर पूरी जानकारी ली थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सेना को पूरी छूट दी है कि वे पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए जरूरी कार्रवाई करें। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी श्रीनगर में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने सेना से कहा कि आतंकियों के खिलाफ पूरी ताकत से कार्रवाई की जाए। इसी बीच, आतंकियों और उनके समर्थकों को सख्त संदेश देने के लिए सुरक्षा बलों ने आतंकियों के मकानों को गिराना जारी रखा है। पिछले शुक्रवार को त्राल और बिजबेहड़ा इलाकों में दो आतंकियों आदिल हुसैन ठोकर और आसिफ शेख के घर गिराए गए। ये दोनों लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य थे और पहलगाम हमले में शामिल थे। अब तक सुरक्षा बलों ने कश्मीर घाटी में सक्रिय 10 आतंकियों के घर गिरा दिए हैं।

सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने भी सर्वसम्मति से इस जघन्य हमले की निंदा की और एक प्रस्ताव पारित किया। भारत ने अटारी-वाघा सीमा को बंद कर दिया है, पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर निकाल दिया है, सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया है और पाकिस्तानी उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है।

## अमेरिका में एक हफ्ते में 12 बच्चों की फ्लू से मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में फ्लू सीजन में अब तक कुल 216 बच्चों की मौत हो चुकी है। 26 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में इन्फ्लूएंजा से 12 बच्चों की मौत हुई है। यह जानकारी अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने दी है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह संख्या अब तक के किसी भी सामान्य फ्लू सीजन (गैर-महामारी) में बच्चों की सबसे ज्यादा मौतों का रिकॉर्ड है। इससे पहले 2023-2024 के सीजन में 207 बच्चों की मौत हुई थी। सीडीसी का कहना है कि फ्लू का असर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है, लेकिन यह सीजन सभी उम्र के लोगों के लिए बहुत गंभीर रहा है- बच्चों, बड़ों और बुजुर्गों के लिए भी। 2017-2018 के बाद यह पहला 'गंभीर' फ्लू सीजन है।

## कट्टरपंथी इस्लामी समूह की महिला सुधार निकाय को भंग करने की मांग, निकाली रैली

**ढाका।** बांग्लादेश में इस्लामी चरमपंथ के बढ़ते उभार के बीच देश के कट्टरपंथी इस्लामी समूह हिफाजत-ए-इस्लाम के हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को ढाका में एक रैली आयोजित की और महिला मामलों के सुधार आयोग को भंग करने की मांग की। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस्लामी समूह ने अपने नेताओं के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने और अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। यूएनबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, हिफाजत नेताओं के खिलाफ लगभग 300 मामले लंबित हैं।

# अब प्रयोगशाला में दांत उगाकर आपके मुंह में प्रत्यारोपित किए जाएंगे

**आरपी सिंह**



- शोधकर्ताओं ने प्रयोगशाला में दांत उगाने के लिए एक विशेष हाइड्रोजेल मैट्रिक्स बनाया जो कोशिकाओं को एक दूसरे के बीच संवाद करने में सक्षम बनाता है
- ये दांत खुद की मरम्मत व नवीनीकरण कर सकते हैं, त्वचा पर कट लगने की तरह ही ठीक हो सकते हैं, जिससे आपको दंत चिकित्सक के पास जाने की आवश्यकता कम होगी

**नई दिल्ली।** बहुत से लोग अपने ख़राब दांतों के लिए बार-बार फिलिंग व इम्प्लांट करवाने से परेशान हैं, क्योंकि वह बहुत जल्दी फिर हो जाता है? लेकिन किंग्स कॉलेज, लंदन के शोधकर्ताओं ने जो किया है उसके चलते आप अपने कोशिकाओं से संवर्धित अपने खुद के दांत पहले वाले जगह पर उगा सकते हैं। ये प्रयोगशाला में उगाए जा सकते हैं और अपने जबड़े में प्रत्यारोपित किए जा सकते हैं, जो आपके जन्म के मूल सेट की नकल करेंगे। पुनर्योजी चिकित्सा में इस नई सफलता के बारे में विस्तार से बताते हुए, किंग्स कॉलेज लंदन के दंत चिकित्सा, मौखिक और क्रैनियोफेशियल विज्ञान संकाय के डा. ज़ुचेन झांग ने कहा, "दांतों की मरम्मत के लिए फिलिंग सबसे अच्छा समाधान नहीं है। समय के साथ, वे दांतों की संरचना को कमजोर कर देंगे, उनका जीवनकाल सीमित होगा, और आगे क्षरण या संवेदनशीलता का कारण बन सकते हैं। प्रत्यारोपण के लिए आक्रामक सर्जरी की आवश्यकता होती है... दोनों समाधान कृत्रिम हैं और प्राकृतिक दांत के कार्य को पूरी तरह से बहाल नहीं करते हैं, जिससे संभावित रूप से दीर्घकालिक जटिलताएँ हो सकती हैं।" डा. ज़ुचेन झांग और उनकी टीम गायब दांत के स्थान पर युवा दांत कोशिकाओं को प्रत्यारोपित करने और उन्हें मुंह के अंदर बढ़ने देने पर विचार कर रहे हैं। डॉ. झांग ने कहा, "वैकल्पिक रूप से, हम रोगी के मुंह में डालने से पहले प्रयोगशाला में पूरा दांत बना सकते हैं। दोनों विकल्पों के लिए, हमें प्रयोगशाला में बहुत शुरुआती दांत विकास प्रक्रिया शुरू करने की आवश्यकता है।" यह शोध कई मामले में परिवर्तनकारी है। प्रयोगशाला में उगाए गए दांतों के अधिक टिकाऊ और क्षरण प्रतिरोधी होने की उम्मीद है , और चूंकि वे मानव कोशिकाओं से बने होते हैं, इसलिए वे जबड़े की हड्डी में विकसित होंगे, जिससे अस्वीकृति का जोखिम कम होगा। इसके अलावा, प्रयोगशाला में उगाए गए दांत खुद की मरम्मत और नवीनीकरण कर सकते हैं, जिससे आपको दंत चिकित्सक के पास जाने की आवश्यकता कम होगी।ऐसे मिलन की चुनौतियाँ जर्मनी के बॉन में डेंटल सर्जन और शोधकर्ता डॉ. बिभाकर रंजन कहते हैं, "यदि यह प्रयोग बड़े परीक्षणों में सफल होता है, तो यह दुनिया भर में दंत चिकित्सा उपचार की योजना और पालन करने के तरीके को पूरी तरह से बदल देगा।" उन्होंने यह भी कहा कि इस सफलता से न केवल दंत चिकित्सा उपचार की लागत में कमी आएगी, बल्कि रोगियों को जैविक रूप से संगत, सौंदर्य की दृष्टि से सुखद और मजबूत प्राकृतिक दांत भी मिलेंगे। शोधकर्ताओं ने प्रयोगशाला में दांत उगाने के लिए एक विशेष हाइड्रोजेल मैट्रिक्स बनाया जो कोशिकाओं को एक दूसरे के बीच संवाद करने में सक्षम बनाता है। अध्ययन के अनुसार, "इसका मतलब है कि एक कोशिका दूसरे के साथ संवाद करके दांत की कोशिका में विभेदित हो सकती है। यह बढ़ते दांतों के वातावरण की नकल करता है और वैज्ञानिकों को प्रयोगशाला में दांत विकसित करने की प्रक्रिया को फिर से बनाने की अनुमति देता है।" इसलिए जब संवर्धित कोशिकाओं को मानव जबड़े में पेश किया जाता है, तो वे दांत बनाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक दूसरे को संकेत भेजने में सक्षम होंगे। सबसे अच्छी बात यह है कि यह नया मैट्रिक्स अन्य जैविक प्रक्रियाओं को बाधित नहीं करता है। भारत उन देशों में से एक है जहाँ दंत रोगियों की संख्या सबसे अधिक है। डॉ. रंजन कहते हैं, "कई लोग कैविटी और यहाँ तक कि दंत चिकित्सा उपचार की कमी के कारण दांत खो देते हैं। अगर यह सफलता काम करती है और सभी के लिए उपलब्ध है, तो यह एक स्थायी समाधान हो सकता है।" संक्षेप में, हमारे दांत खुद की मरम्मत कर सकते हैं और त्वचा पर कट लगने की तरह ही ठीक हो सकते हैं।






**कहानी फिल्म जगत की**

# अभिनेता अनिल कपूर की मां का मुंबई में निधन...

निर्मल कपूर का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह पवन हंस श्मशान घाट पर किया जाएगा। निर्मल कपूर का विवाह फिल्म निर्माता सुरिंदर कपूर से हुआ था, जिनसे उनके चार बच्चे- अनिल, रीना, बोनी और संजय हैं।



बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार शाम मुंबई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थीं और वृद्धावस्था संबंधी जटिलताओं से जूझ रही थीं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्र ने पीटीआई-से कहा, ''निर्मल कपूर का आज शाम करीब 5:20 बजे कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में वृद्धावस्था के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। उन्हें कुछ दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सूत्रों के मुताबिक, निर्मल कपूर का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह पवन हंस श्मशान घाट पर किया जाएगा। निर्मल कपूर का विवाह फिल्म निर्माता सुरिंदर कपूर से हुआ था, जिनसे उनके चार बच्चे- अनिल, रीना, बोनी और संजय हैं।



## नाइजर में अपहृत श्रमिकों के लिए सुदेश महतो ने गृह मंत्री को लिखा पत्र



**रांची।** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर अफ्रीका के नाइजर में एक आतंकी समूह द्वारा अपहृत झारखंडवासी 5 श्रमिकों की तत्काल और सुरक्षित रिहाई के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया है। सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर निवासी पांच श्रमिकों का नाइजर की राजधानी नियामे से 115 किमी दूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स लिमिटेड नामक कंपनी के कार्य स्थल से 25 अप्रैल को अपहरण कर लिया गया है। ये नागरिक अपने जीविकोपार्जन और परिवार के भविष्य के लिए नाइजर में कार्यरत थे। यह घटना न केवल इन नागरिकों और उनके परिवारों के लिए एक त्रासदी है, बल्कि यह विदेशों में कार्यरत भारतीयों की सुरक्षा के प्रश्न को भी उजागर करती है। आजसू पार्टी लगातार इस संबंध में केंद्र सरकार और नाइजर दूतावास पर दबाव बनाए हुए है। कल आजसू विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो और संजय मेहता ने भी अपहृत श्रमिकों के परिजनों से बगोदर में मुलाकात की थी और श्रमिकों की रिहाई के लिए आजसू पार्टी के प्रयासों से अवगत करवाया। सुदेश महतो ने गृह मंत्री से अपील की है कि भारत सरकार इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे और नाइजर सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर इन नागरिकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करे।

# रांची में फिर शुरू होगी बेकन फैक्ट्री, मिलेट कैफे भी खुलेगा : कृषि मंत्री

● झारखंड में मिलेट कैफेटेरिया बनाने की है योजना

## तेलंगाना की तरह झारखंड के अधिकारी भी अपना दायित्व समझें : मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की



मंत्री ने कहा कि झारखंड में मड़ुआ के उत्पादन में बेहतर काम हुआ है। रांची के सी पार्क से जुड़े एफपीओ/महिला समूह को प्रशिक्षण देने की योजना है। इसके लिए इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च संस्थान को प्रस्ताव तैयार कर देने को कहा गया है। मोटे अनाज से जुड़े प्रोडक्ट को तैयार करने के लिए छोटी- छोटी प्रोसेसिंगयूनिट खोलने की योजना है। तेलंगाना में अधिकारियों का राज्य के प्रति प्रेम और समर्पण देख कर अच्छा लगा। झारखंड के अधिकारियों को भी अपने दायित्व और राज्य के प्रति जवाबदेही समझने की जरूरत है। अपनी जिम्मेवारी का बेहतर तरीके से निर्वहन कर अधिकारी झारखंड के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि रांची में बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए बहुत जल्द एमओयू किया जाएगा। राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र की भूमिका इस फैक्ट्री के संचालन में नॉलेज पार्टनर की होगी। बंद बेकन फैक्ट्री में जंग लग चुकी मशीनों को बदला जाएगा। झारखंड में मिलेट कैफेटेरिया भी खोलने की योजना है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने नेपाल हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 से 30 अप्रैल तक तेलंगाना का दौरा झारखंड के किसानों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहा।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में शूकर पालन से जुड़े लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। एक समय था जब बेकन फैक्ट्री में काम करने वालेकर्मी अध्ययन के लिए डेनमार्क तक जा चुके हैं। आज इतिहास के पन्नों में दर्ज बेकन फैक्ट्री को फिर से पुनर्जीवित करने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने पहल की है। नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड इस दिशा में सहयोग करने को तैयार है। केंद्र सरकार ने पर्ल कल्चर को बढ़ावा देने के लिए हजारीबाग जिला को चुना है। राज्य के 100 किसानों को विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने की कागजी प्रक्रिया शुरू हो गयी है। सीआईएफए भुनेश्वर में किसानों के साथ-साथ मत्स्य विभाग के पदाधिकारी प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। इसका उद्देश्य मत्स्य पालन के क्षेत्र में नई विधि को अपनाना और उत्पादन को बढ़ाना है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में मोटे अनाज के उत्पादन के लिए इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च सेंटर के मॉडल को अपनाने की जरूरत है। राज्य की गठबंधन वाली सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 3 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दे रही है। इसका असर भी मोटे अनाज के उत्पादन में दोगुना वृद्धि के रूप में दिखने लगा है। आज इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च के द्वारा मोटे अनाज से 40 प्रोडक्ट को तैयार किया जा रहा है। झारखंड में आने वाले समय में मिलेट कैफेटेरिया बनाने की योजना है। इसके लिए भी एक एमओयू किया जाएगा।

किसान सोचते हैं कि मोटे अनाज की खेती से उनको फायदा नहीं होगा, लेकिन अब ऐसा नहीं है। बाजार में मोटे अनाज की मांग लगातार बढ़ रही है। किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल सके, इस ओर सरकार ध्यान दे रही है। मूल्य संवर्धन की दिशा में बहुत काम करने की जरूरत है।

## संविधान बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाने में जुटी कांग्रेस

**रांची।** रांची में छह मई को आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली को ऐतिहासिक और जन-सैलाब से भरा बनाने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में गठित समितियां दिन-रात तैयारी में जुटी हैं। रैली को लेकर हर स्तर पर गंभीरता और संकल्प दिख रहा है, चाहे वह राजधानी के मोहल्लों की बैठकें हों या सुदूर प्रखंडों में आमजन से सीधा संवाद। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से लेकर शहर के हर चौक-चौराहे तक रैली को लेकर जनजागरुकता फैलाई जा रही है। होर्डिंग्स पूरी रांची में लगायी जा रही हैं। रैली की तैयारियों का जमीनी जायजा लेने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी डॉ. सीरी बेला प्रसाद रांची में मौजूद हैं और पल-पल की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। शनिवार की सुबह उन्होंने पुराना विधानसभा मैदान का निरीक्षण किया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव आलोक कुमार दुबे, वरिष्ठ नेता शशिभूषण राय, हिमांशु, संजय प्रसाद और मेहुल दुबे भी मौजूद रहे।

### ग्राम संसद-झारखंड चैप्टर कॉन्क्लेव 2025

# नीति निर्माण में गांव की आवाज जरूरी : मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची में शनिवार को 'ग्राम संसद – झारखंड चैप्टर कॉन्क्लेव 2025' का आयोजन किया गया। इस कॉन्क्लेव में मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने विशेष रूप से भाग लिया। कॉन्क्लेव का उद्देश्य ग्रामीण विकास को नई दिशा देना, नीति निर्माण में जमीनी स्तर पर भागीदारी को बढ़ाना और योजनाओं की पहुंच को गांव के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में राज्यभर से आए पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और नीति विशेषज्ञों ने भाग लिया।

मौके पर दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि ग्राम संसद ग्रामीण लोकतंत्र का सबसे प्रामाणिक और प्रभावी मंच है। जब तक नीति निर्माण की प्रक्रिया में गांव की असली आवाज़ शामिल नहीं होगी, तब तक विकास अधूरा रहेगा। झारखंड के हर गांव की महिलाएं, युवा और किसान इस बदलाव के हिस्सेदार बनें यही इस मंच का मकसद है।

कॉन्क्लेव में ग्राम सभाओं को सशक्त करने और उनकी संस्तुतियों को योजनाओं में प्राथमिकता देने की मांग। मनरेगा, पीएमएवाई और अन्य योजनाओं में पारदर्शिता के लिए सामाजिक ऑडिट की भूमिका। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी को केवल प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि निर्णयकारी भूमिका में लाना।

तकनीक के माध्यम से राज्य स्तर पर जमीनी मुद्दों की सीधी रिपोर्टिंग की व्यवस्था करने मांग की गई। कार्यक्रम के समापन पर यह संकल्प लिया गया कि इस प्रकार की ग्राम संसद अब राज्य के विभिन्न जिलों और प्रखंडों में नियमित अंतराल पर आयोजित की जाएंगी। दीपिका पांडे सिंह ने यह भी आश्वासन दिया कि वे विधानसभा स्तर पर इन चर्चाओं में आए सुझावों को सरकार के समक्ष रखने का कार्य करेंगी।

### योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन में उपेक्षा से बिफरे गिरिडीह सांसद, कहा

# न तो शिलान्यास में मुझे बुलाते ना ही उद्घाटन में

नवीन मेल संवाददाता



डीसी व अन्य पदाधिकारियों के विरुद्ध लाया विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी अपने संसदीय क्षेत्र में होनेवाले शिलान्यास और उद्घाटन में अपनी उपेक्षा से नाराज हैं। उन्होंने इसकी शिकायत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से करते हुए बोकारो जिले के उपायुक्त जाधव विजया नारायण राव, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण की औद्योगिक निगम ओएनजीसी के अधिकारियों के खिलाफ में विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर पूरी जानकारी देते हुए यह प्रस्ताव लाया है। सांसद ने लोकसभा अध्यक्ष को इस बात से अवगत कराया है कि स्थानीय बुनियादी ढांचा परियोजना के शिलान्यास, उद्घाटन एवं भूमि पूजन जैसे कार्यक्रमों की संबंधित विभाग द्वारा किए जाने पर ना तो उन्हें इसकी जानकारी दी जा रही है और न ही उन्हें आमंत्रण दिया जा रहा है। कभी-कभी तो शीलापट् पर नाम भी अंकित नहीं किया जा रहा है। ओएनजीसी के अधिकारियों द्वारा सीएसआर मद से परिसंपत्ति वितरण या अन्य कार्य किसी भी जनप्रतिनिधि को बुलाकर कर लिया जाता है। परंतु स्थानीय सांसद होने के बावजूद एवं केंद्र की योजनाएं एवं वित्तीय सहायता के बावजूद मुझे जानकारी नहीं दी जाती है। उदाहरण स्वरूप गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत में रथटांड काली मंदिर से लेकर जमकडीह बजरंगबली मंदिर तक पीसीसी पथ निर्माण में मुझे जानकारी नहीं दी गई। ओएनजीसी के सामाजिक दायित्व अंतर्गत बाबा साहब की प्रतिमा अनावरण की भी मुझे जानकारी नहीं दी गई। इसी प्रकार नावाडीह प्रखंड के पिलपिलों से छुटकी कूड़ी तक पथ निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किया गया परंतु मुझे ना तो इस बात की जानकारी दी गई और ना ही मेरा नाम भी शीलापट् पर अंकित किया गया। यह न केवल विधायी प्राधिकरण के प्रति सम्मान की कमी को दर्शाता है बल्कि स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के कामकाज में भी बाधा डालता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद का इस प्रकार उपेक्षा करना पूरी संसद की मर्यादा एवं गरिमा के विपरीत है और इस विषय पर गंभीरता से आपका संरक्षण चाहता हूं। हमारा मानना है कि सार्वजनिक अधिकारियों को जवाब देह ठहरना हमारी प्रणाली की अखंडता को बनाए रखने और हमारे द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले नागरिकों द्वारा हम पर रखे गए विश्वास को बनाए रखने के लिए आवश्यक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना और सब का साथ सबका विकास और सब का विश्वास को चरितार्थ कर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है।

## झारखंड में प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो : सुनील

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर "आरएसएफ" की ओर से शुभकामनाएं दीं। मौके पर सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हम प्रत्येक वर्ष 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं, जो पत्रकारिता की स्वतंत्रता और मीडिया के अधिकारों की रक्षा का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्र प्रेस लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है और किसी भी समाज के विकास में उसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

हर वर्ष, इस दिन हम उन सभी पत्रकारों और मीडिया कर्मियों के साहस और समर्पण को सलाम करते हैं, जिन्होंने सच की आवाज उठाने के लिए अपने जीवन को जोखिम में डाला। स्वतंत्र प्रेस न केवल जानकारी का संचार करता है, बल्कि समाज में गतिशीलता और जागरूकता भी लाता है। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की।

कहां की कार्यपालिका विधायिका और न्यायपालिका को लोकतंत्र का स्तंभ माना गया है बदलते परिवेश में पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा दी गई है। आज पत्रकारिता आम जनमानस की आवाज बुलंद करती है। वक्त के साथ पत्रकारिता तब चुनौती पूर्ण हो गई है देश के कई हिस्सों में कारों के साथ घटित घटना के बाद झारखंड के पत्रकारों में भी असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गया है। अर्थात पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करना और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की दायित्व बनता है। केंद्र और राज्य सरकार है उन्हें आवश्यक सुविधा सरकार हैं पत्रकारों को आर्थिक सहायता पेंशन आवास ऋण बीमा और चिकित्सा सहायता जैसी सुविधाएं प्रदान करती हैं, साथ ही पत्रकारिता की स्वतंत्रता और मीडिया की भूमिका को सम्मान देने के लिए हर साल 3 मई को "वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे" मनाया जाता है।

## धुर्वा में महिला से अपराधियों ने चेन छीनी

**रांची।** धुर्वा में शहीद मैदान के पास शनिवार सुबह महिला के गले से सोने की चेन छीनकर बाइक सवार अपराधी भाग गए। घटना के समय महिला मछली खरीदकर लौट रही थी। पीड़िता सीमा झा ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इटकी रोड निवासी महिला बहन को लेकर कार से शहीद मैदान के पास मछली खरीदने गई थी। इस दौरान सीमा ने अपनी बहन से बाहर लटक रही चेन के बारे में कहा। लेकिन लेने के बाद दोनों कार के पास पहुंचीं, तभी बाइक सवार दो अपराधी तेजी से आए और सीमा के गले से सोने की चेन झपटकर भाग गए। घटना का पता चलने पर जगन्नाथपुर और धुर्वा थाने की पुलिस पहुंची। लेकिन अपराधियों का पता नहीं लगा सकी।

# मुंडा समाज के लोगों का संजय सेठ ने किया स्वागत





नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव के स्वर्ण जयंती वर्ष पर रांची क्षेत्र से मुंडा समाज के 100 सामाजिक कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे हैं। सभी कार्यकर्ताओं का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर सपत्नीक चरण पखार, इनका स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री श्री जुएल उरांव जी, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री पंडित सुनील भराला जी तथा भाजपा संसदीय दल के कार्यालय सचिव शिव शक्ति नाथ बक्शी उपस्थित रहे। हम सबने समाज की एकता, सांस्कृतिक जागरूकता तथा सनातन मूल्यों के संरक्षण में जनजातीय समाज के योगदान को लेकर संवाद और चर्चा में विचार साझा किए।

## सरायकेला लव जिहाद मामले में सख्त कार्रवाई करे पुलिस : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लव जिहाद की शिकार हुई सरायकेला की बेटी को राजनीतिक दबाव में नजरबंद कर दिया जाना अमानवीय है। कहा कि जानकारी मिल रही है कि मुस्लिम समुदाय द्वारा पीड़िता का जबरन धर्मांतरण कराने के इस मामले में पुलिस प्रशासन भी आरोपियों को संरक्षण दे रहा है। कहा कि सरायकेला पुलिस से अनुरोध है कि वे पीड़िता से उसके स्वजनों और ग्रामीणों को मिलने की अनुमति दें तथा इस गंभीर मामले में शामिल दोषियों के खिलाफ बिना किसी राजनीतिक दबाव के सख्त कार्रवाई करें। कहा कि यदि उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भारतीय जनता पार्टी सरायकेला सहित पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 877 वॉ खिचड़ी भंडारे का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची



खिचड़ी महाप्रसाद शशिभूषण सिंह पत्नी बीना सिंह एवं गौरीशंकर साबू पत्नी मंजूलता साबू की ओर से निवेदन हुआ।

दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में शनिवार को भगवान का प्रातः वंदन, विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, तिरूवाराधन करने के बाद महाआरती कर खिचड़ी महाप्रसाद का नैवेद्य भोग लगा। इसके बाद शातुमोरा,पल्लाण्डु तदियाराधन, गोष्ठी ,शठारी एवं तीर्थ प्रसाद बांटा गया । 1500 श्रद्धालुओं में खिचड़ी महाप्रसाद वितरण हुआ।

अर्चक सत्यनारायण गौतम और गोपेश आचार्य ने दिनभर के पूजा -अनुष्ठान को विधिवत रात्रि शयन आरती के पश्चात संपन्न कराया । कार्यक्रम को सफल बनाने में राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, प्रदीप नरसरिया, रंजन सिंह , प्रभास मित्तल, ओमप्रकाश गाड़ोदिया, सुशील गडोदिया, शंभू नाथ पोद्दार, भोला बरनवाल आदि शामिल थे।

## सीएम अधिवक्ता स्वास्थ्य योजना से राज्य के आधे वकील वंचित : प्रतुल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री अधिवक्ता स्वास्थ्य योजना से प्रदेश के आधे अधिवक्ताओं को छोड़ देना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस योजना में सिर्फ 15000 वकीलों को जोड़ने का निर्णय लिया गया है, जबकि प्रदेश में लगभग 30000 से ज्यादा अधिवक्ता वर्तमान में प्रैक्टिस करते हैं। प्रतुल ने कहा कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल को इस पूरी योजना से बाहर रखना भी एक बड़ा प्रश्न खड़ा करता है। झारखंड स्टेट बार काउंसिल इस पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं की सबसे बड़ी संगठन है। स्टेट बार काउंसिल ने भी इस पर आपत्ति की है कि उसे इस योजना से बाहर रखा गया है जो कि गैरकानूनी है। प्रतुल ने कहा सरकार ने सभी नए वकीलों के लिए 5000 प्रति माह की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की है। लेकिन यहां भी चतुराई कर दी। आधी राशि ट्रस्टी कमेटी को देना होगा। आधी राशि सरकार देगी। अगर ट्रस्टी कमेटी के पास पैसा नहीं होंगा तो उस स्थिति में राज्य सरकार क्या करेगी? राज्य सरकार को यहां भी पहल कर पूरे पैसे का भुगतान खुद करना चाहिए। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य सरकार ने 9 करोड़ रुपए जमा किया। झारखंड अधिवक्ता कल्याण फंड में और 6000 रुपए प्रति अधिवक्ता का बीमा का प्रीमियम है। इस चलते कुल 15000 अधिवक्ता ही इसमें शामिल हो पाएंगे। पर राज्य में 40000 अधिवक्ता हैं तो बाकी 25000 अधिवक्ता कहां जाएंगे?

# बीआईटी में रॉकेट टेक्नोलौजी पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। रांची




बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेट्री विभाग द्वारा रॉकेट टेक्नोलॉजी पर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने एयरोस्पेस और रॉकेट प्रणालियों में हो रहे अत्याधुनिक विकासों पर विचार-विमर्श किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में जेडी पाटिल, भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी के अध्यक्ष एवं एलएंडटी डिफेंस के पूर्णकालिक निदेशक, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पद्मश्री डॉ. बीएन सुरेश, इसरो के मानद विशिष्ट प्रोफेसर एवं आईआईएसटी के चांसलर, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रो. इंद्रनील मन्ना, कुलपति, बीआईटी मेसरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और रॉकेट्री विभाग की विरासत और क्षमताओं पर प्रकाश डाला, जो स्वदेशी एयरोस्पेस विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

डॉ. प्रियांक कुमार, कार्यशाला समन्वयक ने कार्यशाला की थीम और दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और रॉकेट टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में स्वदेशी अनुसंधान और सहयोग की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित किया। प्रो. सुदीप दास, विभागाध्यक्ष एवं रजिस्ट्रार, ने भी कार्यशाला के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस कार्यशाला की एक प्रमुख विशेषता यह रही कि इसमें देश के कई विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों से आए छात्रों और शोधार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें क्षेत्र के विशेषज्ञों और अग्रणी वैज्ञानिकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ।

## पेज एक के शेष

### राज्य सरकार का हर एक क्षण...

समाज, प्रत्येक तबके के लोगों तक सरकार की आवाज एवं भावी योजनाएं पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य का पिछड़ा होना हम सभी के लिए काफी तकलीफ पहुंचाने वाली बात है। राज्य सरकार का प्रयास है कि राज्य के पिछड़ेपन को दूर किया जाए। इसके लिए लगातार हमारी सरकार सकारात्मक पहल करते हुए राज्य को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आप लोगों के सहयोग एवं आशीर्वाद से इस राज्य को दिशा देने का अवसर हमें मिला है, इसके लिए मैं आप सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि राज्य सरकार का हर एक क्षण, हर एक घड़ी इस राज्य की जनता के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि अगर हम काम करेंगे तो स्वाभाविक रूप से लोग हमसे जुड़ेंगे। आज यही कारण है कि पूर्व की अपेक्षा वर्तमान राज्य सरकार को झारखंड की सम्मानित जनता ने और अधिक मजबूती के साथ अपना आशीर्वाद दिया है। हमारा प्रयास है कि हम राज्यवासियों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करें।

### रांची में खुजली पाउडर दिड़कर...

रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों को उम्मीद थी की खुजली की वजह से कहीं न कहीं रास्ते में जरूर रुकेंगे, जहां पैसे से भरा बैग छीन लिया जाएगा। मनोरंजन रास्ते में मेडिकल दुकान में रुके, इस वजह से रास्ते में दोनों अपराधी अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाए। लेकिन जैसे ही वे खुजली से परेशान होकर अरगोड़ा में थोड़ी देर के लिए रुके, वहीं अपराधियों को मौका मिल गया और वे पैसे से भरा बैग झपट कर फरार हो गए।

**बैंक और वारदात स्थल के मिले सीसीटीवी फुटेज :** जिन अपराधियों के द्वारा छिनतई की वारदात को अंजाम दिया गया है, उनकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद यह पता चल रहा है कि दोनों अपराधी कारोबारी का बैंक से पीछा कर रहे थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### भारत ने पाकिस्तान से सभी...

को किए गए शीर्ष निर्यात में ड्रग फॉर्मूलेशन, चीनी, थोक दवाएं, अवशिष्ट रसायन और ऑटो घटक शामिल थे। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एकमात्र व्यापार मार्ग अटारी-वाघा सीमा को पहले ही बंद कर दिया गया था। इस बीच मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन और ऋण पर फिर से विचार करने के लिए कहेगा। साथ ही वैश्विक धन शोधन निरोधक एजेंसी, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) से इस्लामाबाद को 'ग्रे' सूची में डालने की अपील की जाएगी। एक सरकारी सूत्र ने कहा कि भारत, दिवालियापन से बचने में मदद के लिए हाल के महीनों में आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को दी गई सुविधाओं की समीक्षा की मांग करेगा। वह परियोजनाओं को फंड देने वाली विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी अन्य एजेंसियों के साथ भी संपर्क में है। पाकिस्तान गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है। वह पूरी तरह से विदेशी कर्ज पर निर्भर है। अगर पाकिस्तान को मिलने वाली विदेशी आर्थिक मदद को रोक दिया जाए या मुश्किल बना दिया जाए तो उसके लिए अपने वजूद को बचाना ही सबसे बड़ा सवाल बन जाएगा। बता दें आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर गोलियां चला दी थीं। हमले में 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। प्रतिबंधित आतंकवादी समूह 'लश्कर-ए-तैयबा' से जुड़े 'टीआरएफ' ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए हैं। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने, शामिल हैं।

## टी20 मुंबई लीग : श्रेयस अय्यर सोबो मुंबई फाल्कन्स के आइकॉन खिलाड़ी बने

**मुंबई (आईएएनएस)**



टी20 मुंबई लीग में इस साल पहली बार खेलने जा रही टीम सोबो मुंबई फाल्कन्स ने स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को अपना आइकॉन खिलाड़ी घोषित किया है। श्रेयस अब उन दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं जिनमें सूर्यकुमार यादव, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, पृथ्वी शॉ, सरफराज खान, तुषार देशपांडे और शार्दुल ठाकुर पहले से शामिल हैं। श्रेयस अय्यर के आने से टीम को न सिर्फ अनुभव और मार्गदर्शन मिलेगा, बल्कि उनकी लीडरशिप टीम को मजबूत बनाएगी और खिताब जीतने की उम्मीद को बढ़ाएगी। उन्होंने भारतीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है और अब सोबो मुंबई फाल्कन्स के लिए भी अहम भूमिका निभाएंगे। टीम के मालिक अमीत एच. गढोके ने कहा, "श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल करना हमारे लिए गर्व की बात है। उनका शांत स्वभाव, लीडरशिप और खेल की समझ उन्हें आइकॉन खिलाड़ी के लिए सबसे उपयुक्त बनाती है। हमारी कोशिश है ऐसी टीम बनाना जो न सिर्फ टैलेंटेड हो, बल्कि लीग में खिताब जीतने के लिए भी तैयार हो। टीम के ब्रांड एंबेसडर कपिल देव ने कहा, "श्रेयस अय्यर एक महान खिलाड़ी हैं। उनकी मौजूदगी टीम को प्रेरित करेगी और युवा खिलाड़ियों को सही दिशा देगी। यह टीम के लिए बहुत बड़ा पल है। टीम प्रिंसिपल विक्रांत येलिगेटी ने कहा, "श्रेयस के आने से टीम की सोच और खेलने का तरीका मजबूत होगा। वे खिलाड़ियों को जोड़कर टीम में एक अच्छा माहौल बनाएंगे। हेड कोच ओमकार साल्वी ने कहा, "श्रेयस अय्यर का अनुभव और युवा खिलाड़ियों को गाइड करने की क्षमता हमारे लिए बहुत फायदेमंद होगी।

## ओवरआल टीम प्रयास से गुजरात को मिली है सफलता : राशिद खान



**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** गुजरात टाइटन्स के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा है कि ओवरआल टीम प्रयास ही इस सत्र में गुजरात की सफलता के पीछे का कारण है। गुजरात ने सनराइजर्स हैदराबाद को शुक्रवार को 38 रन से हराकर अपनी सातवीं जीत हासिल की और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। गुजरात प्लेऑफ में जगह बनाने की दहलीज पर पहुंच गया है। आईपीएल 2025 में टीम की सफलता की कुंजी क्या है, यह पूछे जाने पर राशिद खान ने 'आईएएनएस' से कहा, "मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक टीम प्रयास है। आशीष भाई से शुरू करते हैं कि वह टीम का प्रबंधन कैसे करते हैं। फिर कप्तान शुभमन गिल, वह अंदर (मैदान पर) कैसे प्रबंधन करते हैं। और फिर, वह कैसे आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं, यह कुछ ऐसा है जो एक खिलाड़ी के रूप में हमारे लिए एक उदाहरण स्थापित करता है कि कप्तान आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। और यह कुछ ऐसा है जो इसे बहुत आसान बनाता है। हमारा शीर्ष क्रम और गेंदबाजी इकाई, सिराज और प्रसिद्ध, ईशांत, साई किशोर और हर कोई कैसे गेंदबाजी कर रहा है। मुझे लगता है कि यह सभी टीम प्रयासों का एक संयोजन है। उन्होंने कहा, "और ईमानदारी से कहूं तो, हमने बस चीजों को सरल रखा। आप जानते हैं, हम जितना सरल रखेंगे, हम उतना ही बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# विराट, बेथेल के अर्धशतक और शेफर्ड की तूफानी पारी



**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

विराट कोहली (62), जेकब बेथेल (55) और रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 53 ) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान में शनिवार को पांच विकेट पर 213 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। आरसीबी की 97 रन की जबरदस्त ओपनिंग साझेदारी के बाद रन गति धीमी पड़ गयी और 18 ओवर के बाद उसका स्कोर पांच विकेट पर 159 रन हो गया लेकिन इसके बाद शेफर्ड ने आखिरी दो ओवरों में क्या आतिशी अंदाज में बल्लेबाजी की। शेफर्ड ने खलील अहमद के पारी के 19वें ओवर में चार छक्के और दो चौके लगाकर कुल 33 रन बटोरे। शेफर्ड का कहर यहीं नहीं थमा। उन्होंने पारी के आखिरी ओवर में मतीशा पथिराना की गेंदों पर दो चौके और दो छक्के उड़ाकर न केवल अपना अर्धशतक पूरा किया बल्कि आरसीबी को 213 रन तक भी पहुंचा दिया। आखिरी ओवर में 21 रन पड़े। 18 ओवर के बाद आरसीबी ने मात्र 159 रन ही बनाए थे, हालांकि इसके बाद रोमारियो शेफर्ड नाम का तूफान आया और अंतिम दो ओवर में कुल 54 रन बने और आरसीबी एक ऐसे स्कोर पर पहुंच गई है जिसे हासिल करना चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी को देखते हुए बिल्कुल भी आसान नहीं रहने वाला है। मोमेंटम भी इस समय आरसीबी के खेमे में है। शेफर्ड ने मात्र 14 गेंदों पर नाबाद 53 रन में चार चौके और छह छक्के उड़ाए। उन्होंने आखिरी दो ओवरों में चेन्नई की गेंदबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

## नेमार को 2026 विश्व कप तक अपने साथ बनाए रखना चाहता है सैंटोस



**रियो डी जेनेरियो (आईएएनएस)।** सैंटोस क्लब नेमार का कॉन्ट्रैक्ट अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप तक बढ़ाना चाहता है, भले ही नेमार इस समय चोटों से जूझ रहे हों। सैंटोस के प्रेसिडेंट मार्सेलो टक्सेइरा ने इसकी जानकारी दी। नेमार ने इस साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब सैंटोस में वापसी की थी। वह यूरोप और सऊदी अरब में खेल चुके हैं। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने छह महीने का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। मार्सेलो टक्सेइरा ने कहा, "हम तकनीकी रूप से यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि नेमार की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी को किस तरह इस तरह बदला जाए कि वह अपना कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएं और अगले साल के वर्ल्ड कप तक टीम में बने रहें।" नेमार पिछले साल अक्टूबर में घुटने की गंभीर चोट से वापसी के बाद से पैर की मांसपेशियों की कई समस्याओं से परेशान हैं। उन्होंने सैंटोस के लिए अब तक सिर्फ 9 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 3 गोल किए और 3 असिस्ट दिए हैं। टक्सेइरा ने कहा, "जब हमने नेमार को वापस लिया, हमें पता था कि वह एक गंभीर चोट से उबर रहे हैं। इसलिए हमने अपनी पूरी टीम और जरूरी व्यवस्था उनके लिए उपलब्ध कराई ताकि वह पूरी तरह ठीक हो सकें। नेमार यहां खुश हैं, यह उनका घर है।फिलहाल सैंटोस क्लब ब्राजील की सीरी ए लीग में 20 टीमों में 19वें स्थान पर है।

## भारत में प्रतिबंध से पाकिस्तानी यूट्यूबर्स और क्रिकेटरों को कमाई व पहचान के नुकसान की चिंता


**इस्लामाबाद (आईएएनएस)**



भारत सरकार द्वारा हाल ही में लगाए गए प्रतिबंध को लेकर कई पाकिस्तानी यूट्यूबर और पूर्व क्रिकेटरों ने गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि इस रोक से उनकी कमाई और यूट्यूब पर उनकी पहचान को बड़ा नुकसान होगा। खासकर क्रिकेट पर वीडियो बनाने वाले कई पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर्स की एक बड़ी दर्शक संख्या भारत से है। भारत यूट्यूब और सोशल मीडिया पर क्रिकेट से जुड़ी सामग्री के लिए सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। ऐसे में पाकिस्तानी यूट्यूबर्स का कहना है कि यह रोक उनके लिए रोजी-रोटी का बड़ा संकट बन सकती है। एक पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने आईएएनएस से कहा, "हमारे चैनलों के दर्शकों का बड़ा हिस्सा भारत से आता है। इस सच्चाई से कोई इनकार नहीं कर सकता कि हम भारतीय दर्शकों पर बहुत हद तक निर्भर हैं। यह प्रतिबंध हमारे लिए आमदनी और पहचान – दोनों ही मामलों में बड़ा झटका है। पिछले कुछ वर्षों में, कई पाकिस्तानी क्रिकेट विशेषज्ञ, पूर्व खिलाड़ी और व्लॉगर भारत में लोकप्रिय हो गए हैं। वे मैचों पर खुलकर अपनी राय रखते हैं और भारत-पाक क्रिकेट मुकाबलों पर चर्चा करते हैं। इनमें से कई भारतीय यूट्यूबरों के साथ मिलकर वीडियो बनाते हैं।

## प्रो कबड्डी ने मेरे जीवन को बदल डाला है : फजल अत्राचली

**मुंबई (आईएएनएस)।** ईरान के स्टार कबड्डी खिलाड़ी फजल अत्राचली ने प्रो कबड्डी लीग को



अद्भुत बताते हुए कहा है कि इसने उनके जीवन को बदल डाला है। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) में हिस्सा लेने पहुंचे अत्राचली ने शनिवार को 'आईएएनएस' से कहा, ''इस समिट में भाग लेना वाकई रोमांचक है और साथ ही इससे खेलों को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। अत्राचली ने कहा, ''प्रो कबड्डी ने मेरे जीवन को बदल डाला है। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह प्रोफेशनल खिलाड़ियों के साथ खेलें।

## करीबी मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया से मिली करारी हार




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने चौथे मैच में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन अंततः ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई। भारत के लिए नवनीत कौर (35') और लालरेमसियामी (59') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टीवर्ट (2'), जेड स्मिथ (36') और ग्रेटा हेस (42') के गोल की बदौलत करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की। दूसरे मिनट में ही सफलता मिल गई, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने गोल किया। भारत ने क्वार्टर के बाकी बचे समय में स्कोर बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस अवधि के अंत में एक और सेट-पीस खतरे का सामना किया, जिससे हाफटाइम तक अंतर एक गोल तक सीमित रहा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## पाकिस्तान से आयात पर प्रतिबंध सराहनीय कदम : कैट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने शनिवार को सरकार के पाकिस्तान से आयातित या निर्यातित सभी वस्तुओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के कदम को साहसिक और निर्णायक बताते हुए इसका स्वागत किया। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, "पाकिस्तान में बने या पाकिस्तान द्वारा निर्यातित सभी वस्तुओं का प्रत्यक्ष या परोक्ष आयात अथवा पारगमन, चाहे स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हो या अन्यथा अनुमति प्राप्त हो, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा। कैट के महासचिव और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, "यह निर्णय एक मजबूत और स्पष्ट संदेश देता है कि सीमा पार से लगातार शत्रुता और भारत विरोधी गतिविधियों के साथ व्यापार और आर्थिक जुड़ाव जारी नहीं रह सकता है। खंडेलवाल ने कहा कि यह कदम न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है, बल्कि व्यापारिक समुदाय और भारत के नागरिकों की भावना को भी दर्शाता है, जो लंबे समय से आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तानी वस्तुओं के सभी व्यापार और पारगमन को रोककर, सरकार ने राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है।

## मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं के लिए रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स को सेल्फ डिक्लेयर करना जरूरी : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्र सरकार ने शनिवार को जानकारी दी कि मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स (आरआई) पर फ्रेमवर्क के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। यह रिपोर्ट उन ग्राहकों की मदद के लिए पेश की गई है, जिन्हें उनके डिवाइस को लेकर रिपेयर के केस में परेशानी का सामना करना पड़ता है। पैनल ने उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। समिति की सिफारिशें इंडस्ट्री को बिना किसी भी बाधा के इनोवेशन और ईज-ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर बेस्ट ग्लोबल प्रैक्टिस के अनुरूप तैयार की गई हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि ऑरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम) को फ्रेमवर्क में दिए गए स्टैंडर्ड स्कोरिंग क्राइटेरिया के आधार पर रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स को सेल्फ डिक्लेयर करना जरूरी है, जिसमें कोई अतिरिक्त अनुपालन बोझ नहीं है। इसके अलावा, समिति ने सिफारिश की कि रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स को पॉइंट ऑफ सेल/परचेज, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और पैकेज्ड प्रोडक्ट पर क्यूआर कोड के रूप में डिस्प्ले किया जाना चाहिए ताकि उपभोक्ता जानकारियों के साथ सही चुनाव कर सकें। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सितंबर 2024 में रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स (आरआई) के फ्रेमवर्क को डेवलप करने के लिए अतिरिक्त सचिव भरत खेड़ा की अध्यक्षता में एक समिति गठित की। रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स का उद्देश्य एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना है, जहां उपभोक्ता प्रोडक्ट की खराब सर्विस से बच सकें और सही प्रोडक्ट का चुनाव कर सकें।

विभाग ने कहा कि उपभोक्ताओं को आसान और परेशानी मुक्त रिपेयर विकल्पों के साथ सशक्त बनाकर, यह एक आत्मनिर्भर, सस्टेनेबल और कंज्यूमर-फ्रेंडली इकोनॉमी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि कर रहा है। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर प्राप्त शिकायतों के विश्लेषण से पता चलता है कि मोबाइल और टैबलेट प्रोडक्ट कैटेगरी में शिकायतों में तेजी से वृद्धि हुई है। जहां 2022-2023 में शिकायतों की संख्या 19,057 से बढ़कर 2023-2024 में 21,020 और 2024-2025 में 22,864 हो गई। इस विश्लेषण से उपभोक्ताओं की रिपेयर-पहुंच को सुधारने और उनके लिए रिपेयर-पोस्ट सेल सर्विस से जुड़ी जानकारियों की ट्रांसपेरेंसी की जरूरत समझी गई। समिति ने विचार-विमर्श के आधार पर मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में रिपेयरेबिलिटी इंडेक्स के शुरुआती चरण में नोटिफिकेशन के लिए प्रोडक्ट कैटेगरी के रूप में स्मार्टफोन और टैबलेट को एक प्रोडक्ट कैटेगरी के रूप में पहचाना। समिति निर्माताओं, उद्योग संघों, उपभोक्ता वकालत समूहों और सरकार के प्रतिनिधियों सहित प्रासंगिक हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी।

## साल की पहली तिमाही में स्मार्टफोन की वैश्विक बिक्री में तीन प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



वैश्विक स्मार्टफोन बाजार के राजस्व में साल 2025 की पहली तिमाही में एक साल पहले की तुलना में तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। शनिवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 364 डॉलर पर पहुंच गया।

काउंटर पॉइंट की मार्केट मॉनिटर सर्विस के हालिया रिसर्च में कहा गया है कि टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद, स्मार्ट फोन बाजार ने अपनी गति बनाए रखी। मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) ने टैरिफ-संचालित संभावित चुनौतियों को कम करने के लिए चैनलों में रणनीतिक रूप से इन्वेंट्री का स्टॉक किया। वरिष्ठ विश्लेषक शिल्पी जैन ने कहा कि उत्पादन में रणनीतिक बदलावों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्षमताओं को अपनाने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण वैश्विक स्मार्टफोन बाजार में मामूली विस्तार हुआ। जैन ने कहा कि एप्पल और वीवो के अलावा, राजस्व में वृद्धि का मुख्य योगदान शीर्ष पांच से बाहर के ब्रांड जैसे गूगल, मोटोरोला और हुआवेई का रहा। यह दूसरे ब्रांड की हाई-वैल्यू मिक्स की पेशकश करने की क्षमता और मौजूदा प्रीमियमाइजेशन ट्रेंड में उनकी बढ़ती भूमिका का संकेत देता है।

## सोना ₹94,000 से नीचे, चांदी भी हुई सस्ती

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सोने के दाम शुक्रवार को बाजार बंद होने पर 94,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे दर्ज किएगए।हालांकि, इससे पहले 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का भाव 93,393 रुपए पर था। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के लेटेस्ट अपडेट के अनुसार, 24 कैरेट सोने का भाव 93,954 रुपए प्रति 10 ग्राम बना हुआ है। 10 ग्राम सोने की कीमत में पिछले दाम से 561 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, एक किलोग्राम चांदी की कीमत 94,125 रुपए अपडेट हुई है। इससे पहले चांदी की कीमत 94,200 रुपए प्रति किलोग्राम थी। यानी चांदी की कीमत में 75 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। 2 मई को अपडेट किए गए रेट्स के अनुसार, 22 कैरेट सोने का भाव 86,062 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बना हुआ है। वहीं, 18 कैरेट सोने का भाव 70,466 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा।

## भू-राजनीतिक तनाव और चौथी तिमाही के आय सत्र के कारण बाजार में अस्थिरता रहेगी जारी

**मुंबई (आईएएनएस)**



आखिरी कारोबारी दिन बीते शुक्रवार को अत्यधिक अस्थिर सत्र में बेंचमार्क सूचकांक मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों ने शनिवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, टैरिफ से जुड़े घटनाक्रम, चौथी तिमाही के आय सत्र और प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के कारण बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है। शुक्रवार को निफ्टी मजबूत खुला और सत्र के पहले हिस्से में 24,589 के इंट्राडे हाई पर पहुंच गया। हालांकि, उच्च स्तरों पर मुनाफावसूली ने लाभ को खत्म कर दिया, जिससे सूचकांक लगभग सपाट बंद हुआ। निफ्टी ने दिन का कारोबार 12.50 अंक या 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,346.70 पर समाप्त किया। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के एक नोट में कहा गया है, "इस सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निफ्टी 50 में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई और स्मॉलकैप इंडेक्स सपाट रहा। सेक्टोरल फ्रंट पर मीडिया, एनर्जी, आईटी और ऑयल एंड गैस ने 0.3-0.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। दूसरी ओर, पावर, मेटल, टेलीकॉम, फार्मा, रियलिटी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में 0.5 से 2 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की। एसएएमसीओ सिक्योरिटीज के डेरिवेटिव्स रिसर्च एनालिस्ट धुपेश धमेजा के अनुसार, निफ्टी लगातार ऊंचे स्तरों पर हेजिटेशन के संकेत दे रहा है, बार-बार महत्वपूर्ण प्रतिरोध क्षेत्रों से पीछे हट रहा है और इंट्राडे फेक-आउट पैदा कर रहा है, जो फीकी गति के बीच कंसोलिडेशन की अवधि का संकेत देता है।